जागरूक टाइम्स YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, रविवार, 11 मई, 2025 ▸▸ वर्ष 17 ▸▸ अंक 11 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



दोस्ताना 2: श्रीलीला करेंगी जाह्नवी को रिप्लेस

पेज: 10

# भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान

## विदेश सचिव बोले अब जमीनी और हवाई हमले नहीं करेंगे, शाम 5 बजे सहमति बनी




**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की ओर से की जा रही कार्रवाई से घबराए पाकिस्तान ने भारत संग शांति-सुलह कराने के लिए दुनियाभर के देशों से गुहार लगाई थी।

इस बीच अमेरिकी रष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने का दावा किया। भारत सरकार के शीर्ष सूत्रों की ओर से ट्रंप के इस बयान की पुष्टि की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी रात की बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को बधाई। इस मामले पर आपके ध्यान के लिए धन्यवाद।' पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की ओर से एक्स पर पोस्ट करके बताया गया है कि पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। हालांकि उन्होंने भारत पर किए गए नाकाम हमलों की कोशिशों पर माफी नहीं मांगी। उन्होंने आगे दावा करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।




### अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताया कैसे हुई डील


अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने लिखा, 'पिछले 48 घंटों में, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और मैंने वरिष्ठ भारतीय और पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ बातचीत की है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, सेनाध्यक्ष असीम मुनीर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और असीम मलिक शामिल हैं। मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत और पाकिस्तान की सरकारें तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गई हैं तथा तटस्थ स्थल पर व्यापक मुद्दों पर वार्ता शुरू करने पर सहमत हो गई हैं। हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ की बुद्धिमत्ता, विवेक और कूटनीति की सराहना करते हैं।'

## ...इधर तीन घंटे बाद ही पाक ने सीजफायर तोड़ा
## करने लगा ड्रोन अटैक, भारत ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। भारत के साथ सीजफायर की सहमति के महज तीन घंटे बाद ही इस बेशर्म मुल्क ने अपनी असलियत दिखा दी। जम्मू-कश्मीर से लेकर राजस्थान तक, पाकिस्तान ने ड्रोन हमलों और गोलीबारी के जरिए सीजफायर का उल्लंघन किया। पाकिस्तान पहले भारत से सीजफायर की गुहार लगा रहा था। लेकिन अब वही पाकिस्तान सीमावर्ती इलाकों में हमला कर रहा है। हालांकि भारत के एयर डिफेंस सिस्टम उसके सारे हमलों को नाकाम कर रहे हैं।

### श्रीनगर में धमाके

जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में रात के सन्नाटे को पाकिस्तानी ड्रोनों ने जोरदार धमाकों से तोड़ा। भारतीय वायु रक्षा बलों ने इन ड्रोनों को नाकाम किया, लेकिन शहर में ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने



ट्वीट कर बताया, 'संघर्ष विराम का क्या हुआ? श्रीनगर में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं।' उधमपुर में भी ऐसा ही नजारा रहा, जहां भारतीय जवानों ने पाकिस्तानी ड्रोनों को मार गिराया।

### पंजाब और राजस्थान में ब्लैकआउट

पाकिस्तान की करतूतें सिर्फ जम्मू-कश्मीर तक सीमित नहीं रहीं। पंजाब के पठानकोट और फिरोजपुर में पूरी तरह ब्लैकआउट लागू कर दिया गया। राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर भी अंधेरे में डूबे रहे।

### भारत का करारा जवाब

भारतीय सेना और वायु रक्षा बलों ने हर मोर्चे पर पाकिस्तान को सबक सिखाया। श्रीनगर और उधमपुर में ड्रोनों को मार गिराया गया, और सीमा पर गोलीबारी का जवाब उसी भाषा में दिया गया, जो पाकिस्तान समझता है। लेकिन यह सवाल अब भी कायम है कि क्या पाकिस्तान कभी अपनी हरकतों से बाज आएगा, या फिर भारत को और सख्त कदम उठाने होंगे?

### नापाक इरादों का पर्दाफाश

पाकिस्तान का यह रवैया नया नहीं है। हर बार शांति की बात करने वाला यह मुल्क पीठ में छुरा घोंपने से बाज नहीं आता। सीजफायर का यह ताजा उल्लंघन एक बार फिर उसके नापाक इरादों को उजागर करता है। भारत की जनता और सेना एकजुट होकर इस चुनौती का सामना करने को तैयार है, लेकिन अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को उसकी औकात याद दिलाई जाए।

### डीजीएमओ 12 को फिर बात करेंगे

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम 5 बजे से सीजफायर लागू हो गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि भारत ने अपनी शर्तों पर इस सीजफायर के लिए सहमति दी है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, पाक के सैन्य संचालन महानिदेशक ने आज दोपहर करीब साढ़े 3 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया।



▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### सीजफायर के बाद रक्षा मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस
## आर्मी ऑफिसर बोले, फिर हमला किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद शनिवार शाम को रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें आर्मी से कर्नल सोफिया कुरैशी, एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह और नेवी से कोमोडोर रघु आर नायर मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय की ब्रीफिंग कुल 9 मिनट चली। इसमें कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की



जानकारी दी। वहीं कोमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान की मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पहला पाक ने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया। ये बिल्कुल गलत है। उसका कहना है कि हमारी एयरफील्ड सिरसा, जम्मू,पठानकोट और भुज में हमला किया है, ये भी पूरी तरह से गलत है।

उन्होंनें बताया हमारे चंडीगढ़ और ब्यास स्थित हथियार खाने पर हमला किया, यह बात भी गलत है। हमने आपको सुबह भी बताया था कि ये सभी मिलिट्री फैसिलिटीज पूरी तरह सुरक्षित हैं, इन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पाकिस्तान कह रहा है कि भारत ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। भारत की सेना उसकी वैल्यूज की बहुत अच्छी झलक है। हमने उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाया। भारत ने पाकिस्तान की एयरफील्ड स्कर्दू, जकूबाबाद, सरगोदा और बुलारी को बहुत नुकसान पहुंचा है।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### युद्धविराम का महबूबा मुफ्ती ने स्वागत किया

**श्रीनगर।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का ऐलान होने पर जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने खुशी जताई है। उन्होंने फैसला का स्वागत करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के हस्तक्षेप करने पर भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल युद्ध विराम एक स्वागत योग्य कदम है। मुझे उम्मीद है कि दोनों देश इस क्षेत्र के लिए एक स्थायी शांति की दिशा में काम करेंगे।



## ऑपरेशन सिंदूरः सीजफायर से पहले की हलचल पर एक नजर

## कोई भी आतंकी हमला अब युद्ध माना जाएगा, होगा कड़ा एक्शन

### मोदी सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति को और सख्त करते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार के शीर्ष सूत्रों के हवाले से खबर है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध माना जाएगा और उसका जवाब उसी ताकत और तेजी से दिया जाएगा। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर पूरी दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया है।

### ऑपरेशन सिंदूर से पाक की नींद उड़ा दी

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 मासूमों की जान गई थी। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। भारत ने इसका जवाब 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत 6 - 7 मई की रात दिया, जब भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना ने मिलकर पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। बहावलपुर, मुरीदके, कोटली और मुजफ्फराबाद में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के अड्डों पर सटीक हमले किए गए, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी ढेर हुए। भारतीय सेना ने ड्रोन, मिसाइल और लोइटरिंग हथियारों का इस्तेमाल कर पाकिस्तान को दिखा दिया कि भारत अब चुप नहीं रहेगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऑपरेशन का नाम 'सिंदूर' रखा, जो उन महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है, जिनके पति पहलगाम हमले में शहीद हुए। पीएम नरेन्द्र मोदी ने बिहार की एक रैली में वादा किया था कि आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा, और 'ऑपरेशन सिंदूर' ने उनके इस वादे को सच साबित कर दिया।

### फज्र की नमाज पढ़कर जनरल मुनीर ने शुरू किया था ऑपरेशन 'बुनियान मरसूस'

**इस्लामाबाद।** पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने फज्र की नमाज (सुबह की पहली नमाज) के बाद कुरान की कौन-सी आयत पढ़ी, किसके जनाजे में शामिल हुए लश्कर के टॉप आतंकी, रावलपिंडी में पाकिस्तानियों को घरों से निकलने पर पाबंदी क्यों;

**भारत-पाक में जंग के हालात के बीच पढ़िए पाकिस्तानी उर्दू अखबारों से लाई गई 'पाकिस्तान के अंदर की खबर'**



**आसिम मुनीर** ने फज्र की नमाज के बाद कुरान की आयत पढ़ी, फिर हमला किया। पाकिस्तान की सरकारी न्यूज एजेंसी एपीपी के मुताबिक, 9 मई को पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने फज्र यानी सुबह की नमाज के बाद कुरान शरीफ की आयत पढ़ी। आसिम ने कुरान की जो आयत पढ़ी उसका मतलब है- 'अल्लाह उन लोगों से प्रेम करता है, जो उसके मार्ग में संघर्ष करते हैं, जैसे कि वह पिघले हुए सीसे से बनी हुई ठोस दीवार हो।' इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 'बुनयान उल मरसूस' ऑपरेशन शुरू किया। यह नाम कुरान की अरबी आयत से लिया गया, जिसका मतलब है 'दृढ़ता से जुड़ी हुई संरचना'। न्यूज एजेंसी ने बताया कि पाकिस्तान ने 10 मई की सुबह भारत के खिलाफ सैन्य अभियान 'बुनयान उल मरसूस' शुरू कर दिया।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### सीएम की पहल पर सर्वदलीय बैठक

### प्रदेशवासियों की सुरक्षा राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता

## सीएम शर्मा बोले, वर्तमान परिस्थितियों में सभी दलों का सहयोग आवश्यक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश और प्रदेशवासियों की सुरक्षा राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम परिस्थितियों का विश्लेषण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अहम निर्णय ले रहे हैं।

इसमें सरकार को सभी दलों का भी सहयोग मिलना बेहद आवश्यक है। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सर्वदलीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी दलों से एकजुटता और आपसी सामंजस्य स्थापित करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रदेश हित में सरकार के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं।

### सायरन सिस्टम को सुदृढ़ किया गया

शर्मा ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में प्रशासन सुरक्षा एजेन्सियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप ब्लैकआउट एवं

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### सीमावर्ती जिलों को आर्थिक सहायता, भरे गए रिक्त पद

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में मानव संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए सभी रिक्त पदों को तुरंत भरने की कार्यवाही की जा रही है। शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में परिवहन, शिविर, दवाईयां, उपकरण, प्रभावितों के लिए भोजन सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, जोधपुर, हनुमानगढ़ एवं फलौदी जिलों के लिए रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध करवाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत के मुताबिक आरएसी, आपदा राहत बलों, सिविल डिफेंस की अतिरिक्त नफरी सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने के लिए लगाई गई है। सीमावर्ती जिलों के प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव अपने क्षेत्रों में सतत सम्पर्क एवं प्रशासन के साथ निरन्तर समन्वय बनाए हुए हैं। पुलिस एवं प्रशासन की टीमें कोई भी सूचना मिलने पर पहुंचकर मुस्तैदी से आवश्यक कार्रवाई कर रही हैं।

### भारत के हमले में 31 पाकिस्तानी मारे गए थे

पाकिस्तानी अखबार नवा-ए-वक्तके मुताबिक, 9 मई को भारत के हमले में मारे गए 31 लोगों की जनाजे की नमाज लाहौर के मॉल रोड पर अदा की गई। इस नमाज में पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के लोगों ने भी शिरकत की। नमाज-ए-जनाजा की इमामत मरकजी मुस्लिम लीग लाहौर के जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर मुजम्मिल इकबाल हाशमी ने की। पार्टी के सेंट्रल प्रेसीडेंट खालिद मसूद संधू ने भी शिरकत की। 2008 में पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग पार्टी का गठन हुआ।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

## शशि थरूर बोले, पाक को हरकतों से बाज आना होगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के पास ऐसा कुछ भी नहीं है, जो भारत उससे लेना चाहे। भारत अपनी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाना चाहता है और अपने युवाओं को बेहतर भविष्य देना चाहता है। थरूर ने ये बातें अल अरबिया को



### आतंकवाद से पाक को कुछ नहीं होगा हासिल

दिए एक इंटरव्यू में कहीं। शशि थरूर ने आगे कहा कि पाकिस्तान पिछले 30 सालों से कश्मीर को हथियाने के लिए आतंकवादियों का इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन वो इसमें कभी सफल नहीं होगा। भारत को पाकिस्तान से कोई खतरा नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान युद्ध चाहता है तो भारत उसे युद्ध देगा। हाल ही में, भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला किया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। थरूर ने आगे कहा कि भारत एक शांत देश है।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

# राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामे के माध्यम से हुआ कुल 6572 प्री-लिटिगेशन एवं लंबित प्रकरणों का निस्तारण

## लोक अदालत के माध्यम से शादीशुदा जोड़े का पुनर्मिलन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**धौलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर अरुण कुमार अग्रवाल के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्जलित करके किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर रेखा यादव ने बताया कि धौलपुर जिले में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु कुल 11 बैंचों का गठन किया गया है। धौलपुर मुख्यालय पर 5 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें स्थायी लोक अदालत धौलपुर एवं उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग धौलपुर के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 1, मोटर दुर्घटना दावा आधिकरण हेतु बैंच संख्या 2, न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 3, प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 4 गठित की गई है, इसी प्रकार सैंपऊ मुख्यालय हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट सैंपऊ की बैंच संख्या 5 गठित की गई है, बैंच संख्या 6 प्रो-बोनो न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1/2/3, जेजेबी धौलपुर के प्रकरणों की सुनवाई हेतु गठित की गई है। ताल्लुका बाड़ी मुख्यालय पर 4 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें बैंच संख्या 1 सेशन न्यायालय एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों हेतु, बैंच संख्या 2 मजिस्ट्रेट न्यायालयों बाड़ी हेतु गठित की गई है एवं बैंच संख्या 3 न्यायिक मजिस्ट्रेट बसेडी के लिए गठित की गई है एवं बैंच संख्या 4 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सरमथुरा के लिए गठित की गई है। ताल्लुका राजाखेड़ा मुख्यालय हेतु बैंच संख्या 1 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा के लिए गठित की गई है। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु धौलपुर जिले में विभिन्न न्यायालयों में लंबित 5667 प्रकरणों को चिन्हित किया गया। जिले में स्थित विभिन्न न्यायालयों में राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण 589 एन.आई.एक्ट के 34 राशि 3389860 धन वसूली के 8 राशि 347018 प्रकरण, अन्य सिविल मामले 20 राशि 71976 एम.ए.सी.टी के 54 राशि 38685854 वैवाहिक विवाद 21, भरण-पोषण 110, राशि 2948250 जनउपयोगी सेवाओ संबंधी विवाद 13, उपभोक्ता फोरम के 8 राशि 1825000 समस्त राजस्व मामले 2977 निरोधात्मक कार्यवाही के 657 इस प्रकार कुल 4491 लंबित मामलों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाकर कुल 47267958/- रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया। इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन के बैंक ऋण, टेलिफोन बिल के विवाद व अन्य सिविल विवाद के कुल 2081 प्रकरण निस्तारित किये गये। पारिवारिक न्यायालय धौलपुर के एक प्रकरण के दोनों पक्षकारों (पति-पत्नि) के मध्य शादी के बाद ही मन-मुटाव चालू हो गया। दम्पत्ति के मध्य लोक अदालत की भावना से पक्षकारों के मध्य समझाइश कराई गई। समझाइश सफल रही जिसके फलस्वरूप दंपत्ति ने पुनः एक साथ रहने के लिए राजी हुए तथा उन्हें बैंच के समक्ष दम्पत्ति को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनके सुखमय भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई, जिसके लिए पक्षकारों ने लोक अदालत बैंच का आभार व्यक्त किया। एमएसीटी न्यायालय धौलपुर के एक प्रकरण में प्रकरण एमएसी नं. 227/2024 हेतराम बगैरा बनाम नितिन बगैरा था जिसमें मृतक हरेन्द्र सिंह मथुरिया की मृत्यु बाबत क्षतिपूर्ति राशि हेतु उसके परिवारीजन हेतराम द्वारा यह क्लेम याचिका दर्ज हुई। लोक अदालत के माध्यम से बीमा कंपनी व प्रार्थी के अधिवक्ता के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा किया जाकर प्रकरण में 40,00,000/- रूपए का अवार्ड पारित किया जाकर निस्तारण किया गया। जिसके लिए पक्षकारों ने लोक अदालत बैंच का आभार व्यक्त किया। लोक अदालत के दौरान न्यायिक अधिकारी स्थाई लोक अदालत धौलपुर सुरेश प्रकाश भट्ट, न्यायाधीश एमएसीटी धौलपुर सुश्री प्रीति नायक, शैला फौजदार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, सुमन मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, साधना शर्मा उपखंड अधिकारी धौलपुर, अध्यक्ष अभिभाषक संघ धौलपुर प्रशांत हुण्डावाल, अधिवक्तागण अरुण राणा, ममता गोस्वामी, रंजीत सिंह, मुकेश सिकरवार, सर्वेश मिश्रा, प्रमोद शर्मा, दीपक सिकरवार, स्थाई लोक अदालत के सदस्य अधिवक्तागण वीरेंद्र उपाध्याय, रामदत्त श्रोती आदि उपस्थित रहे।

## सीकेआरडीएम ब्लड सेंटर एवं हॉस्पिटल में हर दिन हो सकेगा स्वैच्छिक रक्तदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के इंदिरा नगर में स्थित सीकेआरडीएम ब्लड सेंटर में डॉ. अनिल महलावत एवं डॉ. लालचंद ढाका की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन के मध्यनजर रक्तदान शिविर लगाने एवं रक्तदान को बढ़ाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लॉयंस क्लब अध्यक्ष गोपालकृष्ण गुप्ता, शकुंतला पुरोहित, सूबेदार विद्याधर मांजू, सूबेदार करणीराम डूडी, डॉ. संतोष ढाका, हासिम अली, नरेंद्र माहिच, अनिल कृष्णियां, प्रताप राहड़, नेमीचंद भांबू आदि मौजद रहे। बैठक में आपदा प्रबंधन के समय ब्लड की प्रतिदिन आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि 15 मई तक प्रतिदिन स्वेच्छा से अधिकतम रक्तदान करने की अपील की गई। जिसमे आमजन के साथ स्कूल, कॉलेज एवं स्वयंसेवी संगठन शामिल हो। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अनिल महलावत ने बताया कि ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान की सेवाएं 24 घंटे चालू रहेगी। आमजन किसी भी समय आपदा प्रबंधन के इस समय पर राष्ट्रहित के लिए अपना योगदान दे सकता है। इस अवसर पर सीकेआरडी ब्लड सेंटर से आपदा प्रबंधन के लिए ब्लड यूनिट भी रवाना की गई।

## लोक अदालत में कुल 103 प्रकरणों का किया निस्तारण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तारानगर के न्यायालय परिसर में राष्टीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायालय में लंबित प्रकरणों में दांडिक शमनीय के 30 प्रकरणों, 138 एन.आई. एक्ट के 13 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 29,52,595 रूपये की वसूली हुई। वैवाहिक मामलों के 07 प्रकरणों, भरण पोषण के 24 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 03,28,000 रूपये की वसूली हुई। सिविल व धन वसुली मामलों के 04 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमें कुल 16,75,938 रूपये की वसुली हुई। एमएसिटी के 08 प्रकरणों मे कुल राशि 21,85,000 के पंचाट पारित किये गये। बैंक तथा बीएसएनएल के प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में 17 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 6,19,310 रूपये की वसूली हुई। इस प्रकार लोक अदालत में कुल 103 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 60,84,905 रूपये की वसूली हुई। लोक अदालत में सदस्य के रूप में अधिवक्ता राजेंद्र सिंह राठौड़ का सहयोग रहा। इस मोके पर न्यायालय कर्मचारीगण व अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा को हजारों घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ



**चूरू।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार द्वारा पूरे देश भर में एक साथ एक समय प्रातः बुद्ध पूर्णिमा, 12मई 2025, सोमवार को 24 लाख घरों में गायत्री यज्ञ किया जाएगा। इस यज्ञ का उद्देश्य देश को पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति से बचाने, लोकमंगल, विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण, महामारी और दुर्घटनाओं से बचाव, सबके लिए सद्बुद्धि सबके लिए उज्जवल भविष्य का भाव रखना है। इसके लिए गायत्री शक्तिपीठ के कार्यकर्ताओं द्वारा हवन सामग्री के पैकेट बनाकर घर घर में पहुंचाए जा रहे हैं ताकि लोग यज्ञ कर सकें। सभी से निवेदन किया जा रहा है कि आप कम से कम 24 गायत्री मंत्रों की व 5 महामृत्युजंय मंत्र की आहुतियां दें। अपने अपने ईष्ट को आहुतियां समर्पित कर सकते हैं। गत 5 वर्ष से यह प्रयोग बुद्ध पूर्णिमा पर चल रहा है। एक साथ व एक समय किए गए यज्ञ की ऊर्जा व शक्ति अत्यधिक प्रभावी होती है इसलिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गायत्री परिवार की सभी शाखाओं पर यह तैयारियां पूरे देश में की जा रही है। चूरू शाखा में इसको सफ़ल बनाने हेतु पृथ्वी राज सैनी, व्यवस्थापक उम्मेद सिंह राठौड़, महेंद्र कुमार कश्यप, सीता राम कश्यप, तेजपाल सिंह राठौड़, काली चरण शर्मा, अर्जुन स्वामी, कुंदन सिंह, कमलेश कंवर, गायत्री गोरसिया, किशन कंवर, प्रेम कंवर, प्रकाश कंवर आदि राम सिंह राठौड़ वरिष्ठ प्रतिनिधि शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में लगे हुए हैं। जिन लोगों को सोमवार को समय नहीं मिल पाता वे लोग रविवार 11 मई को भी यज्ञ कर सकते हैं।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बैठक हुई




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शनिवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक लावरेश्वर मंदिर में प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम एवं प्रांत धर्माचार्य सह सम्पर्क प्रमुख रामानन्द पाठक के सानिध्य आयोजित की गई। बैठक का संचालन विभाग मंत्री सतीश मिश्रा ने की। राधेश्याम गौतम ने आगामी बजरंग दल का प्रशिक्षण वर्ग 17 से 24 मई तक अलवर में, दुर्गावाहिनी का 23 से 30 मई तक चौमूं में एवं विश्व हिन्दू परिषद् का वर्ग 31 मई से 10 जून तक सीकर में आयोजित होगा। सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं में इस वर्ग में जाना अनिवार्य है। बैठक में नए दायित्व दिए गए। जिसमें बजरंग दल झुंझुनूं नगर सह संयोजक हितेश खीचड़, गुढागौड़जी प्रखंड सह संयोजक बंटी सैनी को बनाया गया। बैठक में प्रांत परियोजना सह प्रमुख योगेंद्र कुंडलवाल, जिला मंत्री जयराज जांगिड़, सह मंत्री मनोज सैनी, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र केडिया, बजरंग दल जिला संयोजक सुशील प्रजापति, जिला गौरक्षा एवं गौ संवर्धन प्रमुख श्यामसुंदर, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख सुनिल कुमार शर्मा, जिला प्रचार प्रमुख कृष्ण कुमावत, नगर अर्चकपुरोहित सम्पर्क प्रमुख मुकेश चौरासिया, रोहन सैनी, राकेश कुमार, प्रमेश्वर सैनी रहे।

## 'रक्तदान पुण्य का कार्य, भ्रांतियों से दूर रहें और रक्तदान करें'



**चूरू।** जिला मुख्यालय पर नई सड़क स्थित स्मॉल वंडर चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में शनिवार को चूरू के जानेमाने डॉक्टर सुशील शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। शिविर में युवाओं और महिलाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर सामाजिक कार्यकर्ता जमील चौहान ने कहा कि डॉ सुशील शर्मा ने हमेशा गरीब को गणेश मानकर सेवा की। वे मिलनसार और 36 कौम के चहेते व्यक्ति थे। उनकी कमी हमेशा महसूस होती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान दूसरों को जिंदगी देने वाला काम है। रक्तदान को लेकर प्रचलित भ्रांतियों से दूर रहें और अधिक से अधिक रक्तदान करें। रक्तदान आदर्श नर्सिंग सेंटर के युवा और अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया। कार्यक्रम आयोजक सचिन शर्मा ने आयोजन की जानकारी दी। अनीता शर्मा ने महिलाओं का उत्साह रक्तदान करने के लिया बढ़ाया। इस दौरान गौरव शर्मा, जाकिर झरियावाला, दिव्य शर्मा, अभिलाषा शर्मा, आशुतोष महर्षि, अख्तर तुगलक, शेख तजमुल, विशाल शर्मा, आभा शर्मा, सोनू सैनी, रेनू राठौड़, मोनिका, खुशबू, मीनू जागृति, निजामुद्दीन आदि ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। भरतिया अस्पताल की रक्तदान टीम में डॉ गोपाल ढाका, सुनीता इंदोरिया, महमूद खान, जयपाल सिंह, राकेश कुमार, दिलीप कुमार, नरेंद्र सिंह, विनोद कुमार आदि शामिल रहे। डॉ सुशील शर्मा की धर्मपत्नी कृष्णा शर्मा ने रक्तदान शिविर में सभी का आभार व्यक्त किया।

## पंचायत भवन में जय राष्ट्र भारत कमेटी का निर्माण करते हुए कंट्रोल रूम स्थापित किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में भारत की सीमा पर चल रहे तनाव के मद्देनजर आपातकालीन स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी की गई दिशा-निर्देश की पालना करने हेतु सरपंच सविता राठी ने पंचायत भवन में जय राष्ट्र भारत कमेटी का निर्माण करते हुए कंट्रोल रूम स्थापित किया, जिसके अध्यक्ष प्रशासक सविता राठी उपाध्यक्ष गणपत दास स्वामी एवं समस्त पंच के साथ 51 राष्ट्र मित्रों को शामिल किया गया, आज कमेटी की मीटिंग करते हुए राठी ने प्रशासन द्वारा दी गई गाइड लाइन को अक्षरशः बताते हुए कहा कि गांव के प्रत्येक मोहल्ले बाणिया बास, तालाब मोहल्ला, सदर बाजार बस स्टेंड,गढ़,राठी चौक एवं नायक बस्ती तथा राजस्व गांव सूरवास एवं डूंगर बालाजी तथा झलाई तलाई में सायरन की व्यवस्था तथा जागरूकता हेतु छोटी कमेटियों को हर परिवार से दवाई,टार्च तथा इमरजेंसी की वस्तुओं सहित किट तैयार करवाना है,क्योंकि सतर्कता आवश्यक है। प्रहलाद दर्जी एवं नानूराम गुर्जर ने देश की सेना के लिए रक्त दान शिविर लगाने का प्रस्ताव रखा। रक्त वीरों की सूची भी बनाई गई,विनोद प्रजापत ने कहा कि हमें तनाव ग्रस्त नहीं होना है,बल्कि जागरूकता के साथ आपातकालीन परिस्थिति से निपटना है,गंगासिंह राठौड़ ने कहा कि सोशियल मीडिया पर बहुत जरूरत होने पर ही पोस्ट करे,तिलोकाराम ने कहा कि आतिशबाजी तथा ड्रोन सभी बंद है,,रेड अलर्ट में लाइट बंद रखे,टिंकू शर्मा तथा दुर्गादत्त शर्मा ने तनाव रहने तक मंदिर में हमेशा 3 से 5 तक कीर्तन करने की जिम्मेदारी ली। इस समय प्रकाश स्वामी, महावीर जेतुंग, नेमीचंद,राजेंद्र, बाबूलाल, भंवर लाल,राकेश सोनी,मुरारी माली,मोहन ,ओमप्रकाश प्रजापत, राजेश, भरत सारण,बजरंग सारण,भागीरथ बांसुड़ा,रवि,रघुवीर आदि बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे,पंचायत में सफाई व्यवस्था,पानी एवं बिजली की भी चर्चा की गई।

## भाकरां में नामांकन वृद्धि के लिए शिक्षकों का प्रयास



**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में तहसील के हरियाणा निकटवर्ती शहीद होशियार सिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भाकरां के शिक्षक विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए गांव में अभिभावक एवं बच्चों से संपर्क कर रहे हैं। शिक्षकों का उद्देश्य ग्रामीणों को राजकीय विद्यालय में नामांकन कराने और विद्यालय में मिलने वाली पालनहार योजना, पोषाहार एवं निशुल्क शिक्षा के बारे में जागरूक कर ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया गया वरिष्ठ अध्यापिका मंजू बाला ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि गांव के स्कूल को बढ़ावा देना और बच्चों की प्राथमिक शिक्षा गांव के स्कूल में ही कराना हम सब का फर्ज है इससे बच्चों को मां-बाप और ग्रामीण सभ्यता के संस्कार मिलेंगे शिक्षक धर्मराज शर्मा ने भी राजकीय विद्यालय शिक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उप शाखा के चुनाव सम्पन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सदेव शिक्षकों, कर्मचारियों के हित में अपनी भागीदारी निभाने वाले शिक्षक नेता ने सोहनलाल गोदारा ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) उप शाखा श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) का वार्षिक अधिवेशन व चुनाव श्री वीर तेजाजी मंदिर में जिला मंत्री महेन्द्र भवरिया के देखरेख व निर्वाचन अधिकारी व प्रदेश प्रतिनिधि बाला राम मेघवाल ने नयी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष पद पर हरिराम सहु व मंत्री दाना राम डेलू कोषाध्यक्ष नोरंग राम जाखड़ सहित 14 सदस्य कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ। संघ के वरिष्ठ नेता सोहन गोदारा ने शपथ-ग्रहण करवाई ओर लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता व समाजवाद की सोच से संघर्ष कर कर्मचारियों, मजदूर किसान व छात्र हितों के लिए हमेशा संघर्ष किया जाय।

### गांव भाकरां में घर में निकला कोबरा सांप, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के हरियाणा सीमावर्ती गांव भाकरां में एक कोबरा सांप घर में घुस गया पोस्टमैन ओमप्रकाश के परिवार सदस्यों व स्थानीय लोगों द्वारा सांप को पकड़ने का प्रयास किया पर असफल रहे। इस पर घर वालों ने घर का दरवाजा बंद कर दिया शनिवार को जब परिवार के सदस्यों ने सांप को घर में गेहूं के कट्टों के नीचे होने की आशंका जाहिर की तो यकीन हो गया कि सांप घर के अंदर ही है। पोस्टमैन ओमप्रकाश ने तुरंत पास में स्नेक केचर पुजारी संतलाल बीराण को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे स्थानीय स्नेक केचर पुजारी संतलाल बीराण ने कोबरा सांप को अपने हाथों से रेस्क्यू किया, बाद में इसे वन खंड के जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। स्नेक केचर संतलाल द्वारा बिना किसी आवश्यक संसाधन के हाथ से सांप पकड़ने की इस कला को देखने के लिए ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठी हो गई।



### कुशालगढ़ में जल जीवन मिशन योजना में लापरवाही, ग्रामीणों में गहरा आक्रोश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत कुशालगढ़ गांव में चल रहे कार्यों में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी, पाइपलाइन, नल कनेक्शन और घर-घर जल आपूर्ति व्यवस्था में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग 82 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही पानी की टंकी में बहरोड़ मार्का सीमेंट, जंग लगे लोहे और बजरी की जगह मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य अभी अधूरा है, लेकिन उसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सब ठेकेदार और जलदाय विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी धन का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है और जमीनी स्तर पर योजना का उद्देश्य पूरी तरह विफल हो रहा है। गांववासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन से इस कार्य की तत्काल निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### डिफेंस पब्लिक स्कूल में मनाया मातृत्व दिवस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के न्यू कॉलानी स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में मातृत्व दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के डॉ. जीएल कालेर, मुख्य अतिथि महिला अधिकारिता विभाग से ममता, प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर एवं श्री चरणों में पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद कार्यक्रम में आमंत्रित सभी माताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कविताएं, गायन भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत किए। विभिन्न कविताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने मां के महत्व तथा उसका समाज में क्या स्थान है, के बारे में संदेश दिया। कार्यक्रम में आगंतुक माताओं के लिए एक प्रश्नोत्तरी कार्यकम रखा गया। जिसमें आगंतुक माताओं ने बढचढ कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ममता ने बताया कि हमारी पहली शिक्षक अपनी मां होती है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने आमंत्रित 51 माताओं को विद्यालय का स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया तथा समस्त माताओं का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विकास नीतड़, शीशराम जाखल, राकेश बेनीवाल, सुरेंद्रसिंह शेखावत, अनिल, बाबूलाल सैनी, मुकेश सैनी, कैलाश, बबिता, प्रमिला, सारिका, ममता, मुकेश, ममता रानी, संतोष, देवीदत्त, दलीप सिंह, ओमप्रकाश सैनी, आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन कैलाशचंद्र ने किया।

### विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन

**चिड़ावा।** देश सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण भाव से पीपीजीएन एकेडमी द्वारा एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर मंगलवार 13 मई 2025 को सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक ज्ञान सिंधु सीनियर सैकेंडरी स्कूल पुराना वर्मा टॉकीज मुख्य बाजार चिड़ावा में आयोजित होगा। इस शिविर में रक्त संग्रहण की जिम्मेदारी डीएसएम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल चिड़ावा द्वारा निभाई जाएगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक युवाओं एवं नागरिकों से इस पुनीत कार्य में भाग लेकर रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने की अपील की है। रक्तदान के इच्छुक प्रतिभागी 9992120218, 9887251337 पर कॉल कर आवश्यक जानकारी ले सकते है।

राजभवन में राज्यपाल बागडे की अध्यक्षता में सर्व धर्म सद्भाव बैठक आयोजित

# सीएम शर्मा ने सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों से सावधान रहने, सोशल मीडिया पर फेक न्यूज़ से बचने का आह्वान किया

## सीमावर्ती क्षेत्रों में राहत और बचाव के प्रभावी प्रबंध किए हैं, सभी रिक्त पदों को भरा गया हैः मुख्यमंत्री

## राज्यपाल ने की केन्द्र सरकार और सेना द्वारा संयमित, रक्षात्मक कार्यवाही की सराहना



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सर्व धर्म सद्भाव भारत की संस्कृति है। उन्होंने कहा की राष्ट्र के लिए यह समय संवेदनशील है। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि बगैर नागरिक ठिकानों को केन्द्र में रखते हुए, वह बहुत संयमित ढंग से कार्यवाही कर रही है। उन्होंने सभी धर्म के अनुयायियों को सद्भाव बनाए रखते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

बागडे ने कहा कि हमारी सेना संयमित और रक्षात्मक कार्यवाही कर रही है। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता की इस घड़ी में परस्पर समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का बहुत बड़ा भू भाग सीमा से लगा हुआ है। उन्होंने सीमावर्ती जैसलमेर, फलोदी, बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर आदि क्षेत्रों में हो रही कार्यवाही की चर्चा करते हुए कहा कि वहां सभी स्तरों पर सतर्कता और तालमेल रखा जाए।

बागडे शनिवार को राजभवन में सर्व धर्म सद्भाव बैठक में संबोधित



कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बहुत संवेदनशील होकर समयबद्ध प्रभावी कदम उठाए गए है। नागरिक सुरक्षा के प्रभावी प्रबंध किए गए हैं। राज्य सरकार ने सभी रेस्क्यू बंदोबस्त किए हैं। उन्होंने सर्व धर्म सद्भाव के साथ विकास की भारतीय नीति को सर्वोपरि रखते हुए 'राष्ट्र प्रथम' की सोच से कार्य करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरकार इस समय हर क्षेत्र में सक्रिय होकर कार्य कर रही है। उन्होंने सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों से सावधान रहने, सोशल मीडिया पर फेक न्यूज प्रसारित होने की घटनाओं को ध्यान में रखकर कार्यवाही करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सद्भाव और मेलजोल में कमी नहीं आए, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

शर्मा ने कहा कि बोर्डर पर सभी रिक्त पदों को भरने की त्वरित कार्यवाही की गयी है। बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ब्लड बैंक, एम्बुलेंस और अन्य साधनों के प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने आम जन से आह्वान भी किया कि वे सीमावर्ती क्षेत्रों में ब्लेक आउट को देखते हुए शादीकुविवाह दिन में ही करें। ऐसे अवसरों पर ड्रोन का उपयोग प्रतिबंधित किया हुआ है। इसे ध्यान में रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में राहत कार्यों के लिए पांचकुपांच करोड़ रूपये प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा उनके निकट के जिलों के लिए भी ढाई ढाई करोड़ का प्रावधान किया गया है। आरएसी, होमगार्ड और पुलिस की अतिरिक्त नफरी सीमावर्ती जिलों में भेजी गयी है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि बोर्डर पर रातकृरात भर जागकर लोग सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं और उनमें राष्ट्र के प्रति विशेष जज्बा देखने को मिल रहा है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस द्वारा मुस्तैद रहकर कार्य किए जाने की भी सराहना की।

इससे पहले विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने सर्व धर्म सद्भाव की भारतीय संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि संवेदनशीलता के इस समय में वह अपने स्तर पर सभी तरह से सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। बैठक में मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा द्वारा और जैन समाज द्वारा मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में ग्यारह, ग्यारह लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की गई। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंदकुमार, कार्मिक विभाग के सचिव डॉ. कृष्णाकांत पाठक पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ, जिला कलक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी सहित बड़ी संख्या में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'मुख्य सचिव पंत की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा सलाहकार समिति की प्रथम बैठक आयोजित'



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शनिवार को शासन सचिवालय जयपुर मे नागरिक सुरक्षा सलाहकार समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर प्रदेश में वर्तमान परिस्थितियों में की जा रही सिविल डिफेंस तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में आपदा प्रबंधन, बिजली प्रबंधन, चिकित्सा सेवाएं, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिशा–निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने केंद्र सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार नागरिक सुरक्षा सिस्टम को सक्रिय करने के निर्देश दिए। राज्य के रणनीतिक महत्व को देखते हुए उन्होंने किसी भी सम्भावित परिस्थिति के मद्देनजर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए।उन्होंने होमगार्डस, अग्निशमन सेवाएं तथा नागरिक सुरक्षा विभाग, जिला प्रशासन तथा राज्य आपदा प्रबंधन के सभी हितधारकों तथा सम्बंधित विभागों को आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के सभी सुचारू एवं वास्तविक क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास में सायरन के साथ संभावित हवाई हमले की तैयारी तथा ब्लैकआउट उपाय, भवनों में आग की घटनाओं, तलाश एवं बचाव कार्य, घायलों को बाहर निकालना, प्राथमिक उपचार तथा अति जोखिम वाले क्षेत्र से नागरिकों का निकास शामिल है।

पंत ने नागरिक सुरक्षा जागरूकता को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य में किसी भी संभावित आपदा के लिए सामुदायिक तैयारी अनिवार्य है। उन्होंने नागरिक सुरक्षा पर बल देते हुए कहा कि इसमें शांति तथा आपदा काल में नागरिकों तथा सम्पत्तियों को सुरक्षित करने के लिए व्यवस्थित प्रयास शामिल हैं।

मुख्य सचिव ने नागरिक सुरक्षा वार्डन तथा स्वयं सेवक समूह, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना के नामांकन और संवेदनशील जगहों को चिन्हित करना, चेतावनी पद्धति के क्रियान्वयन, ब्लैकआउट और नागरिक सुरक्षा योजना का अभ्यास, चिकित्सा सहायता, भोजन, पानी और अग्निशमन आदि आपातकालीन सेवाओं और नागरिक प्रशिक्षण तथा जागरूकता अभियान के संचालन की समीक्षा की।

जगजीत सिंह मोंगा, निदेशक नागरिक सुरक्षा विभाग ने प्रदेश में नागरिक सुरक्षा संरचना पर गृह रक्षा, अग्निशमन सेवाएं तथा नागरिक सुरक्षा के संबंध में विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने मजबूत नागरिक सुरक्षा प्रणाली पर बल देते हुए प्रदेश के रणनीतिक महत्व को देखते हुए कहा कि इस समय सभी तैयारियां अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह आनंद कुमार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, डिस्कॉम अध्यक्ष आरती डोगरा, डीजीपी, इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल, एडीजी सिविल राइट्स मालिनी अग्रवाल, एडीजी एसडीआरएफ हवा सिंह घुमरिया सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं के जवान सुरेंद्र सिंह मोगा की शहादत पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने झुंझुनूं निवासी जवान सुरेंद्र सिंह मोगा की उधमपुर एयर बेस पर ड्यूटी के दौरान शहादत पर शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने पुण्यात्मा की शांति एवं परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# पोषाहार वितरण में होने वाली शिकायतों का पारदर्शिता से हो निस्तारणः दिया कुमारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को सचिवालय स्थित उनके कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग (निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं तथा महिला अधिकारिता निदेशालय) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आई एम शक्ति के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने उड़ान योजना में सेनिटरी नेपकिन की वितरण व्यवस्था के मैकेनिज्म में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामूहिक विवाह की सूचना 7 दिवस पहले विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। दिया कुमारी ने वर्क फ्रॉम होम योजना पर चर्चा करते हुए चौटबोट विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृता हाट को बड़े स्तर पर आयोजित करने एवं इनमें महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने किराये के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को शीघ्रता से विद्यालयों में शिफ्ट करने निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पोषाहार वितरण में होने वाली शिकायतों का पारदर्शिता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# प्रदेश में उपचुनाव स्थगित, नगरीय निकायों व पंचायतों के सभी उपचुनावों को रोका

**जयपुर।** राजस्थान की नगरीय निकायों (नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम), पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों और जिला परिषद के घोषित उपचुनावों को सरकार ने रोक दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने आदेश जारी करके सभी उपचुनावों पर रोक लगा दी है। इससे एक दिन पहले 9 मई को आयोग ने केवल पाकिस्तान से लगते सीमावर्ती जिलों में होने वाले उपचुनाव पर रोक लगाने के आदेश दिए थे। तब इन सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर्स ने आयोग को पत्र लिखकर चुनाव स्थगित करने का निवेदन किया था।

शेड्यूल के मुताबिक प्रदेश की 14 नगर निकायों, एक जिला प्रमुख, 2 प्रधान, एक उप प्रधान, 9 जिला परिषद सदस्यों, 18 पंचायत समिति सदस्यों, 18 सरपंच, 15 उपसरपंच और 169 ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच के लिए चुनाव करवाए जाने प्रस्तावित थे। इसके लिए 26 मई से 29 मई के बीच उपचुनाव के लिए वोटिंग करवाई जानी प्रस्तावित थी।

राज्य निर्वाचन आयोग ने इन चुनावों का शेड्यूल जारी करके अधिसूचना 9 और 12 मई को जारी के निर्देश दिए थे। पंचायती राज संस्थान और स्वायत्त शासन विभाग की ओर से मिले पत्र के बाद आयोग ने इन पर रोक लगा दी। आयोग को जो पत्र मिला, उसमें उल्लेख किया था कि भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल है और ऐसी परिस्थिति में कोई जनहानि न हो इसे देखते हुए उपचुनावों को स्थगित करने का निवेदन किया था।

**इन जगह पर प्रस्तावित थे पंचायतों के चुनावः–** जिला प्रमुख (गंगानगर), जिला परिषद सदस्य (गंगानगर वार्ड 16, सिरोही वार्ड 18, राजसमंद वार्ड 1, प्रतापगढ़ वार्ड 13, झालावाड़ वार्ड 5, डूंगरपुर वार्ड 9, 12, धौलपुर वार्ड 9, अलवर वार्ड 29), प्रधान (पंचायत समिति कल्याणपुर 6 बाड़मेर8, सपोटरा 6 करौली8 ) और उपप्रधान (पंचायत समिति घाटोल 6 बांसवाड़ा 8) में चुनाव होने थे।

समर्थन मूल्य पर सरसों-चना खरीद

आवंटित कृषक पंजीयन लक्ष्यों को आवश्यता के अनुरूप करें स्थानान्तरित

# राजफैड बढ़ाए जिलेवार एवं क्रय केन्द्रवार पंजीयन लक्ष्य की कैपिंगः मंजू राजपाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को समर्थन मूल्य खरीद का अधिक से अधिक लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सरसों एवं चना खरीद हेतु आवंटित कृषक पंजीयन लक्ष्य को ऐसे स्थानों पर स्थानान्तरित किया जाए, जहां किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर जिन्स विक्रय में अधिक रूचि ली जा रही है।

राजपाल ने कहा कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बाजार भाव अधिक होने के कारण पर्याप्त मात्रा में किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर जिन्स विक्रय के लिए पंजीयन करवाया गया है। जबकि, कई क्षेत्रों में पर्याप्त उत्पादन नहीं होने के कारण पंजीयन की संख्या कम है। अतरू पंजीयन लक्ष्यों को स्थानान्तरित किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि राजफैड के स्तर से जिलेवार एवं क्रय केन्द्रवार पंजीयन लक्ष्य की कैपिंग को बढ़ाया जाए, जिससे भारत सरकार द्वारा निर्धारित खरीद लक्ष्यों की पूर्ति की जा सके। राजफैड के प्रबंध निदेशक मोहम्मद जुनैद ने बताया कि कई केन्द्रों की पंजीयन क्षमता पूर्ण हो चुकी है। ऐसे में इन केन्द्रों पर वर्तमान में आवंटित पंजीकरण क्षमता को दोगुना किया जाएगा। वहीं, जहां पंजीकरण प्रारम्भ होने के बाद नये केन्द्र स्वीकृत किए गए और जिनकी पंजीकरण क्षमता शून्य है, को 12 मई, 2025 से सरसों एवं चना हेतु 100–100 पंजीकरण के लक्ष्य आवंटित किये जाएंगे। इससे निर्धारित खरीद लक्ष्यों की पूर्ति हो सकेगी तथा किसानों को समर्थन मूल्य खरीद का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालतः राजस्व मंडल में 622 प्रकरणों का निस्तारण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्व मंडल के स्तर से शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 622 राजस्व प्रकरणों का निस्तारण किया जा सका। इस लोक अदालत के लिए कुल 455 समझाइश योग्य प्रकरण चिह्नित किये गये थे। राजस्व मंडल न्यायिक सदस्य पुरुषोत्तम लाल सैनी एवं सदस्य डॉ.एसपी सिंह की मौजूदगी में विशेष बेंच के जरिए से न्याय की आस लगाए बैठे पक्षकारों को बड़ी राहत मिल पायी।

लोक अदालत का शुभारंभ दोनों सदस्यों के अलावा अतिरिक्त निबंधक हेमंत माथुर, लोक अदालत के लिए विशेष समन्वयक एवं काउंसलर (सेवानिवृत्त आरएएस) सुरेश कुमार सिंधी, राजस्व बार अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजावत, राजकीय अभिभाषक शांति प्रकाश ओझा आदि की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

लोक अदालत में अभिभाषक अशोक नाथ योगी, रेखा गोयल, मोहित सोनी, दुनी चंद ढिढारिया व शहाबुद्दीन, मंडल कार्मिक अर्जुन यादव, पंकज हेमनानी, गिरीश कुमार चांदीरामानी, भैरू राम वर्मा, राजेश कुमार, बृजेश कुमार, आकाश यादव, विजेंद्र गुर्जर, हवा सिंह, सोमेंद्र कुमार, दिनेश कुमार साहू, सहित विविध शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-6766677
Email :- jtjaipur@gmail.com

# आपदा प्रबंधन के लिए चिकित्सा विभाग अलर्ट, सीमावर्ती जिलों में रिक्त पद भरे

## अतिरिक्त संख्या में मानव संसाधन नियोजित किया, जोधपुर व बीकानेर संभाग के अधिकारियों के साथ वीसी कर वस्तु स्थिति की समीक्षा की

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सीमावर्ती जिलों में निरंतर चिकित्सा सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर रहा है। किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए विभाग माकूल इंतजाम सुनिश्चित कर रहा है। सीमावर्ती जिलों में चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को भरने के साथ ही जांच, दवा एवं उपचार के लिए आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटा होने के कारण राजस्थान बेहद संवेदनशील राज्य है। प्रदेश के कई जिले अंतराष्ट्रीय सीमा से जुड़े हुए हैं। इसे देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सीमावर्ती जिलों में चिकित्सा सुविधाओं को आवश्यकतानुसार सुदृढ़ कर रहा है। विभाग ने करीब 336 सीनियर रेजीडेंट एवं 91 स्पेशलिस्ट सीमावर्ती जिलों में तैनात किये हैं। इसी प्रकार 1300 से ज्यादा सीएचओ को सीमावर्ती क्षेत्रों में लगाया है। नर्सिंगकर्मी, फार्मासिस्ट एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ भी आवश्यकतानुसार सीमावर्ती जिलों में नियोजित किया गया है, ताकि वहां स्वास्थ्य सेवाओं में किसी तरह की कमी नहीं रहे। आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल जांच एवं उपचार की सुविधाएं मिल सकें।

**वीडियो कॉन्फ्रेंस कर जानी वस्तु स्थिति, दिए निर्देशः–** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने सीमावर्ती जिलों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की दृष्टि से शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर जोधपुर एवं बीकानेर संभाग के जिलों में तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में संयुक्त निदेशक जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों के साथ चिकित्सा व्यवस्थाओं के लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

**सभी युवा ब्लड पर्याप्त मात्रा में रखें, 85 एम्बुलेंस और भेजीं:–** प्रमुख शासन सचिव ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में जांच, दवा एवं उपचार के आवश्यक इंतजाम तत्काल प्रभाव से किए जाएं। कहीं भी मानव संसाधन की कोई कमी नहीं रहे। जिन जिलों में चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की और आवश्यकता है, वे जल्द आवश्यकता से अवगत कराएं। सभी जिलों को सभी रूप के ब्लड का पर्याप्त स्टॉक रखे जाने के निर्देश दिए। साथ ही, आवश्यकता होने पर ब्लड अन्य जिलों में स्थानांतरित किए जाने के लिए भी समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। सीमावर्ती जिलों में आपात स्थिति से निपटने के लिए 85 एम्बुलेंस और भिजवाई गई हैं।

**दवाओं की खरीद के लिए अतिरिक्त फण्ड, स्वास्थ्य कार्मिकों को ट्रोमा मैनेजमेंट प्रशिक्षणः–** राठौड़ ने कहा कि दवाओं एवं उपकरणों की समुचित आपूर्ति व पर्याप्त स्टॉक के लिए मैकेनिज्म तैयार किया गया है, ताकि कहीं भी दवाओं की कमी नहीं रहे। सीमावर्ती जिलों को स्थानीय स्तर पर दवाओं की खरीद के लिए अतिरिक्त फण्ड भी उपलब्ध करवाया गया है। आपदा प्रबंधन के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं सुगमता से उपलब्ध करवाने की दृष्टि से नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य कार्मिकों को ट्रोमा मैनेजमेंट का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। राज्य स्तर के साथ–साथ सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष संचालित किए जा रहे हैं। सभी स्वास्थ्य कार्मिकों को अलर्ट मोड पर रहने और प्रो–एक्टिव एप्रोच के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। उच्च स्तर से लगातार हर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

**मुख्यालय से हर स्थिति पर रखी जाए नजरः–** प्रमुख शासन सचिव ने सीमावर्ती जिलों के सीएमएचओ से संवाद कर वस्तु स्थिति की पूरी जानकारी ली और उनकी आवश्यकताओं के बारे में पूछा। उन्होंने मुख्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीमावर्ती जिलों के साथ निरंतर समन्वय रखते हुए हर स्थिति पर नजर रखें और आवश्यकता के अनुसार संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

बैठक में खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुईटे, आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. भारती दीक्षित, अतिरिक्त मिशन निदेशक डॉ. टी. शुभमंगला, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बीडीके अस्पताल झुंझुनूं मां योजना में टॉप पर, पीएमओ डॉ. भांबू ने पूरी टीम को दी बधाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** सरकार की मा योजना में राजकीय जिला बीडीके अस्पताल टॉप पर आ गया है। मा योजना में 1658 का पैकेज बुक कर आमजन को सेवाएं प्रदान की गई। यह आंकड़ा अप्रेल माह का है। जो फरवरी माह से लगभग दोगुना है। इसके अलावा पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू के प्रयासों से अप्रेल माह में भामाशाहों ने भी 25 कूलर व 100 पंखे प्रदान कर आमजन को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने में सहयोग किया था। जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजनान्तर्गत आमजन को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि अस्पताल में मा योजना की क्रियाशीलता बढ़ाने के लिए आरएमओ, विभागाध्यक्ष, चिकित्सक, स्वास्थ्य प्रबंधक, मा योजना कार्मिकों की टीम को समग्र प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रत्येक केस को अनवरत मॉनिटरिंग की गई। डे-केयर पैकेज के केसेस में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आपातकालीन रात्रिकालीन ऑपरेशन की सेवाएं भी सक्रिय की गई है। जिससे आमजन को सुलभ एवं सुगम सेवाएं मिल सकी है। उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी है।



**आंकड़े कुछ इस तरह है :** फरवरी माह में आईपीडी 2459 थी। जब टीआईडी की संख्या 877 थी। जो कुल 35 प्रतिशत रहा। वहीं मार्च माह में यह आंकड़ा बढ़ा जो 59.5 प्रतिशत तक पहुंचा। आईपीडी 2738 थी। जिसमें टीआईडी 1627 हुई। अप्रेल में यह आंकड़ा और बढ़ा। कुल प्रतिशत 66 प्रतिशत आया। वहीं आईपीडी की संख्या 2514 रही। जो कम थी। लेकिन फिर भी टीआईडी 1658 रहा। जिला अस्पताल नवलगढ़, उप जिला अस्पताल चिड़ावा में चिकित्सकिय सेवाओं में परस्पर प्रतिस्पर्धा रही है। फरवरी माह में नवलगढ़ व चिड़ावा की आईपीडी क्रमशः 1059 व 705 रही है। जबकि टीआईडी क्रमशः 395 व 290 रहा है। जिसमें संख्या में नवलगढ़ आगे रहा है। परंतु प्रतिशत में डीएच नवलगढ़ 37.30 एवं एसडीएच चिड़ावा 41.13 रहा है। मार्च माह में डीएच नवलगढ़ व एसडीएच चिड़ावा की आईपीडी क्रमशः 1261 व 1058 रही है। जबकि टीआईडी क्रमशः 1120 व 736 रही है। जो कि 88 व 69 प्रतिशत है। अप्रेल माह में डीएच नवलगढ़ व एसडीएच चिड़ावा की टीआईडी 910 व 712 रही है। गौरतलब है कि मा योजना में बीडीके अस्पताल झुंझुनूं विगत कई माह से पिछड़ता जा रहा था। योजना शुरू होने से लेकर फरवरी माह में पैकेज बुक 1000 से भी न्यून स्तर पर चला गया था। अप्रेल माह में ओपीडी, आईपीडी,टीआईडी में बढ़ोतरी आमजन का अस्पताल की सेवाओं में विश्वास का परिचायक है। चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों एवं मा योजना टीम द्वारा दिन-रात अनवरत कार्य करने से फरवरी माह से दुगुना कार्य, अप्रेल माह में किया गया है।

आमजन को मां योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रत्येक चिकित्सक को प्रत्येक केस पर पैकेज कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। विभागाध्यक्ष को प्रतिदिन मा योजना के केसेस के भर्ती होने, उपचार करने, आईसीयू उपचार करने, डिस्चार्ज करने की सघन मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। आपातकालीन रात्रि ऑपरेशन आरंभ किए गए हैं। आगामी दिनों में सेवाओं में और विस्तार किया जाएगा।

**-डॉ. जितेंद्र भांबू, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं पीएमओ, राजकीय बीडीके अस्पताल, झुंझुनूं**

# गौसेवकों ने जिला कलेक्टर का किया स्वागत



**झुंझुनूं।** बगड़ रोड पर स्थित नंदीशाला में शनिवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा पहुंचे। नंदीशाला में पहुंचने पर श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, समाजसेवी कमल केजड़ीवाल, नवल खंडेलिया, डॉ. भावना शर्मा, सपना राणासरिया, संगीता गुप्ता, अनिता सैनी, निर्मला ढंढारिया आदि ने स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता पुरूषोत्तम खाजपुरिया व सुनिल पूनियां आदि भी मौजूद थे। सबसे पहले नंदीशाला पहुंचते ही भजनों के जरिए महिला गौसेवकों ने कलेक्टर का स्वागत किया। इसके बाद उन्हें दुपट्टा पहनाकर गाय माता का स्मृति चिह्न दिया गया। कलेक्टर ने गायों को अपने हाथों से सब्जियां और चारा आदि खिलाया। वहीं मंदिर में दर्शन किए। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि झुंझुनूं नंदीशाला में काफी अच्छे तरीके से गायों की सेवा की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में जो आपात स्थिति है। इसमें यही कामना गौमाता से और ईश्वर से की है कि आमजन और सेना का मनोबल ऊंचा रखे और भारत को विजयश्री दिलवाए। इस मौके पर कलेक्टर ने नंदीशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं भी देखी और कहा कि गर्मी के दिनों में गौवंश को पानी और चारे की कोई कमी ना रहे। यह व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं पर्याप्त छांव आदि का भी ध्यान रखा जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### जीवनी स्कूल में मनाया मदर्स डे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** शनिवार को जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरपर्सन सांवरमल मील, सचिव भगवती मील, निदेशक रितेश मील ने की।




प्रधानाचार्य राजेश वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि मां के लिए जितना वर्णन किया जाए, उतना कम है। प्रधानाचार्य ने बताया कि मदर्स डे पर विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सुंदर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां द्वारा सबको अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यार्थियों एवं अध्यापकगण ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कॉर्डिनेटर पुष्पा वर्मा एवं अध्यापिका रंजू ने विशिष्ट अतिथि संस्था सचिव भगवती मील को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन सांवरमल मील ने मां की भूमिका का वर्णन करते हुए कहा कि मां जीवन का आधार है, मां शब्द अपने आप में पूर्ण है। निदेशक रितेश मील ने मदर्स डे विशेष पर समस्त महिला शक्ति को नमन करने की बात को स्पष्ट करते हुए स्त्रियों के आदर एवं गौरवपूर्ण स्थान की बात को महत्व दिया। इस अवसर पर समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

### लोहिया स्कूल में मनाया मातृ दिवस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** लोहिया स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय निदेशक जगपाल यादव, रामसिंह नेहरा, सचिव प्रदीप नेहरा, पूरणसिंह गजराज, चेयरपर्सन ममता नेहरा, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्या प्रमिला झाझड़िया ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कार्ड मेकिंग अध्यापिका माया जांगिड़ के निर्देशन में बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। बंटी, भूमिका, अन्वी, इनाया, मानवी, प्रियल, लावण्या, सुरभि, दिव्यांशी, नव्या, दिया, तरुण, मिलन, भव्य ने कविता के माध्यम से माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। अध्यापक दीपक शर्मा द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक मां का विकल्प नहीं का आयोजन हुआ। जिसमें प्रियांशी, हर्षिता, नीतिका, नव्या रोहिल्ला, नव्या सोनी, हर्षिता, दिव्या, यशु, अनुष्का, पलक, निहारिका, रुचिका, कुसुम, लक्ष्य, शौर्य, तुषार, विशाल, प्रतीक आदि कलाकारों ने मां के प्रति सम्मान एवं उसके महत्व को दर्शाया गया। निदेशक जगपाल यादव ने अपने विचार व्यक्त कर कहा कि मां जीवन का मूल आधार है और मां न केवल परिवार की रीढ़ होती है। बल्कि वह बच्चों की नैतिक नींव भी मजबूत करती हैं। रामसिंह नेहरा, प्रदीप नेहरा, ममता नेहरा, प्रमोदिनी दुबे, प्रमिला झाझड़िया ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन काजल शर्मा व विशाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 46 डिप्लोमा स्टूडेंट्स को मिला 2.4 लाख का पैकेज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिलानी।** बिरला टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के 46 डिप्लोमा स्टूडेंट्स का रेनम कंपनी में चयन हुआ है। महाविद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ ने बताया कि रेनम कंपनी पुणे, महाराष्ट्र के एचआर प्रमुख करूणा स्वैन, टेक्निकल प्रमुख श्रीनाथ शेरेगर एवं रेनम गुजरात हैड मनोज सिंह ने लिखित परीक्षा, टेक्निकल राउंड एवं एचआर राउंड के बाद 46 स्टूडेंट्स का चयन करते हुए उन्हे अंतिम सैमेस्टर की परीक्षा खत्म होने के बाद कंपनी के पुणे प्लांट पर बुलाया है। जहां इन स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद इन्हे कंपनी की विभिन्न राज्यों में स्थित साइटों पर नियुक्त किया जाएगा। प्लेसमेंट सेल अधिकारी प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इन स्टूडेंट्स को सालाना 2.4 लाख का पैकेज ऑफर किया गया है। इसके साथ-साथ रहने, खाने व मेडिकल सुविधाएं भी कंपनी की तरफ से दी जाएगी। संस्थान निदेशक डॉ. बीके राउत ने चयनित स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उप प्राचार्य निरंजन शर्मा, एचओडी शेरसिंह व नितेश कोठारी, मुकेश कौशिक, महेंद्र कुमार सहित स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### समान परीक्षा का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** कक्षा नौ और 11 की राज्य समान परीक्षा का शनिवार को समापन हो गया। एडीईओ माध्यमिक एवं सदस्य सचिव राज्य समान परीक्षा उम्मेद सिंह महला ने बताया कि झुंझुनूं जिले में परीक्षा का आयोजन विभागीय निर्देशानुसार किया गया। परीक्षा की गोपनीयता माध्यमिक बोर्ड परीक्षाओं के अनुरूप रखी गई। सभी पेपर्स संबंधित ब्लॉक के थानों में पीईईओ स्तर के अनुसार निदेशक के दिशा-निर्देश के अनुसार रखवाए गए। एक जिला स्तरीय तीन सदस्यीय उड़न दस्ते का गठन डीईओ माध्यमिक के नेतृत्व में गठित किया गया। उड़नदस्ते ने जिले में लगातार औचक निरीक्षण किया। शनिवार को अंतिम दिन 11वीं कक्षा का गृह-विज्ञान का पेपर था। ध्यान रहे पहली बार इसी शैक्षणिक सत्र से राज्य स्तरीय समान परीक्षा का आयोजन किया गया है। दोनों कक्षाओं के बोर्ड पैटर्न के अनुसार पूरे राजस्थान में एकसमान पेपर्स रहे हैं। अब विभागीय आदेशानुसार घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। जिससे नव-सत्र में सरकारी विधालयों में नामांकन वृद्धि की जा सके।

### न्यू राजस्थान में मदर्स डे मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में शनिवार को मदर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम में माताएं अपने बच्चों के साथ स्कूल पहुंची। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ आई उनकी माताओं का स्वागत सम्मान पुष्प देकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्योति कुमावत एवं विशिष्ट अतिथि नीतू ज्यौला रहे। कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने अपनी मातृ शक्ति के साथ मदर्स डे पर डांस किया एवं विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और अपने अनुभव सभी के साथ साझा किए। कक्षा छह से कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने मदर्स डे कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें अनुष्का कक्षा छह प्रथम, यशिका कक्षा सात द्वितीय एवं विधि कक्षा छह तृतीय स्थान पर रहे।

# आईपीएस कर्मवीर का टैगोर में किया सम्मान




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गुढ़ागौड़जी।** कस्बे में संचालित टैगोर शिक्षण संस्थान में शनिवार को हाल ही में यूपीएसएसी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में 795वीं रैंक के साथ आईपीएस बने खेदड़ों की ढाणी तन गुढ़ागौड़जी के लाडले कर्मवीर नारवाड़िया पुत्र मनफूल सिंह नारवाड़िया का भव्य स्वागत किया गया और टैगोर शिक्षण संस्थान से उसके निवास स्थान खेदड़ों की ढाणी तक गाजे-बाजे के साथ रैली निकालकर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। ज्ञातव्य है कि आईपीएस कर्मवीर नारवाड़िया कक्षा एक से 12 तक टैगोर शिक्षण संस्थान का विद्यार्थी रहा है। इससे पूर्व टैगोर शिक्षण संस्थान के श्री पैलेस में ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ख्यालीराम पूर्व सरपंच टोडी ने की व मुख्य अतिथि जयसिंह मांड भाजयुमो जिलाध्यक्ष झुंझुनूं थे। कार्यक्रम में कर्मवीर नारवाड़िया का टैगोर शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. वीरपाल सिंह शेखावत, सीईओ इंजी. विश्वजीत सिंह शेखावत व प्रधानाचार्य नीलधर जांगिड़ ने माला पहनाकर, साफा बंधन कर, मोमेंटो व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। इसके साथ ही कर्मवीर के पिता मनफूल सिंह नारवाड़िया व माता परमेश्वरी देवी का भी माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व अन्य परिजनों का भी माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. वीरपाल सिंह शेखावत ने अपने उद्बोधन में बताया कि लक्ष्य को ध्यान में रखकर कोई भी कार्य किया जाए तो असंभव कुछ भी नहीं है। बस कार्य में निरंतरता होनी चाहिए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष जय सिंह मांठ ने अपने उद्बोधन में बताया कि टैगोर शिक्षण संस्थान शिक्षा के साथ संस्कारों की नींव भी मजबूत करता है और आज के युग में इसकी महत्ती आवश्यकता है। इस अवसर पर गुढ़ागौड़जी के गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति, छात्र-छात्राएं व समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता प्रेम सिंह शेखावत ने किया।

# जिले में पहला ऑनलाइन सीएनजी पंप शुरू, 24 घंटे मिलेगी सुविधा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिलेवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। शहर के चूरू बाईपास रोड स्थित शहीद जाकिर फिलिंग स्टेशन को अब सीधे गैस पाइपलाइन से जोड़ा गया है। इसके साथ ही यह जिले का पहला ऑनलाइन सीएनजी पंप बन गया है, जहां 24 घंटे सीएनजी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शनिवार को पंप का उद्घाटन किया गया। पंप डीलर मोहम्मद सलीम चौहान ने बताया कि पहले सीएनजी सिलेंडरों के माध्यम से ट्रकों से सप्लाई होती थी। जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी होती थी। केवल आठ घंटे ही सीएनजी उपलब्ध रहती थी, जिससे लंबी लाइनें लग जाती थीं और कई बार दो-दो घंटे इंतजार के बाद भी लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता था। उन्होंने बताया कि जनता की परेशानी को देखते हुए लगातार सीएनजी विभाग से संपर्क किया गया और अब पेट्रोल पंप को डायरेक्ट पाइपलाइन से जोड़ दिया गया है। इससे न केवल 24 घंटे सीएनजी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि शहर में प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और पंप प्रबंधन का प्रयास है कि अधिक से अधिक वाहन सीएनजी पर संचालित हों, जिससे पर्यावरण को लाभ मिले। इस अवसर पर सीएनजी अधिकारी दुष्यंत मणि, सीएनजी झुंझुनूं एरिया मैनेजर सीताराम मीणा, पेट्रोल डीजल एरिया मैनेजर धिकशान चोपड़ा, रोहित, बिजली विभाग के एक्सईएन मुमताज अली, शरीफ चौहान, एपेक्स हॉस्पिटल इंचार्ज अलताफ कछावा मुराद खां, मुबारिक चौहान, कादर अलीरजा, चौहान आरिफ उर्फ मथरा, डॉ. अब्दुल करीम, फारूक, आरिफ, रमजान, आरीफ, विजय, विक्रम सिंह, आसिफ, रूवरूप सुरेंद्र समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



# आदर्श बाल निकेतन स्कूल में मदर्स डे मनाया



**झुंझुनूं।** झुंझुनू प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मदर्स डे का सफलतम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सोनिया शर्मा रही व विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीषा गाडिया व शिवानी गोयल उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ परम्परागत रूप से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। स्वागत भाषण स्कूल सचिव परमेश्वरलाल हलवाई ने प्रस्तुत किया। आए हुए अतिथियों का स्कूल सचिव द्वारा दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा शानदार रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही मदर्स के लिए विभिन्न तरह के फनी गेम्स व एक्टिविटी रखी गई। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंत में सुपर मॉम कॉटेस्ट रविना गुप्ता ने जीता व उन्हें दुपट्टा, क्राउन व गिफ्ट से सम्मानित किया गया।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, हरे चारे की रखवाली कर रहा था, टूट कर गिरा था हाई टेंशन लाइन का तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में कंचनपुर थाना क्षेत्र के गांव छोटा सोंहा में शुक्रवार रात्रि को 40 साल के युवा किसान के ऊपर खेतों में हाई टेंशन लाइन का तार टूटने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों में मातम पसर गया। परिजनों ने डेड बॉडी को बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा कर मामले से पुलिस को अवगत कराया। जानकारी के मुताबिक किसान भगवानदास पुत्र रघुवीर गुर्जर शुक्रवार रात्रि को खेतों में हरे चारे की रखवाली करने गया था। मृतक के चचेरे भाई हंसराम ने बताया कि ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के तार में फाल्ट होकर किसान के ऊपर गिर गया। जिससे किसान की मौके पर ही चीख पुकार निकल गई। घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। परिजन और ग्रामीण किसान को लेकर बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लेकर पहुंचे,जहां चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया।चिकित्सालय पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करा दिया है। कंचनपुर थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल शैलेंद्र ने बताया कि करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। उधर परिजन विद्युत निगम पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। परिजनों ने बताया विद्युत निगम के जर्जर हो रहे तार आए दिन टूटकर गिरते रहते हैं। जिस वजह से हादसे हो रहे हैं। परिजन और ग्रामीण किसान के परिवार के लिए मुआवजे की मांग कर रहे है।



# लोक अदालत में बिजली बिल के मामलों का निस्तारण कराने उमड़ी भीड़

## पांच घंटे में जमा हुआ पचास लाख का केश, निस्तारण का काम लगातार जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में विधिक सेवा के तहत शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में शहर की विभिन्न अदालतों में चल रहे विभिन्न लंबित मामलों का जहां आपसी राजीनामा से निस्तारण किया गया। वहीं विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा भी अपने उपभोक्ताओं के बकाया को लेकर भी आपसी राजीनामे से निस्तारण कराने के लिए मामले रखे गए। जिसमें कटे हुए कनेक्शन,लंबित बिल कनेक्शन सहित चोरी के वीसीआर के मामलों का निस्तारण किया गया। लगातार जागरूकता के चलते अब इसे लोक अदालत के प्रति लोगों की बढ़ती मानसिकता कहें या बिजली निगम के प्रयास,5 घंटे में 50 लाख का कैश जमा हो गया। जिसमें कितने केसों का निस्तारण हुआ है, यह अभी संख्या खुलकर सामने नहीं आई है,लेकिन पांच बजे बाद भी शहर के बिजली घर के केश काउंटर की खिड़की पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी हुई है। डिस्कॉम सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निस्तारण को लेकर पिछले एक पखवाड़े से डिस्कॉम के कर्मचारियों की टीमें लगातार उपभोक्ताओं के घरों और दुकानों पर जाकर नोटिस देने और लोक अदालत में मामले के निस्तारण कराने को लेकर प्रयास कर रही थी। जिसमें कनिष्क अभियंता जगदीश मीणा और कुलदीप शर्मा के साथ अलग-अलग क्षेत्र के लाइनमेन और अन्य कर्मचारी जुटे हुए थे, ऐसे में शनिवार को लोक अदालत में उपभोक्ता लगातार सुबह 10 बजे से एडीजे कोर्ट पहुंच राजीनामे से विवादों का निस्तारण कराने पहुंचे और निस्तारण होने पर बिजली विभाग के किला गेट स्थित कार्यालय पहुंच बकाया राशि जमा कराई। निस्तारण के दौरान बिजली बिल बकाया राशि पर ना केवल पेनल्टी बल्कि ब्याज सहित तमाम छूट दी गई है। डिस्कॉम के अधिशाषी अभियंता गोविन्द सिंह के साथ एईएन आरडी मीणा और डिस्कॉम के कई कनिष्ठ अभियंता विवादों के निस्तारण में जुटे रहे। उपभोक्ताओं के विवादों का निस्तारण लगातार जारी रहेगा।



# राष्ट्रीय रक्षा कोष में दिए 51-51 हजार रूपए के दो चैक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के निवास पर पहुंचकर राष्ट्रीय रक्षा कोष के लिए डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन व मुस्लिम न्याय मंच झुंझुनूं की ओर से 51-51 हजार रूपए के दो चैक देकर आर्थिक सहयोग दिया गया। इस मौके पर मदरसा बोर्ड के चेयरमैन और डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन के डायरेक्टर एमडी चोपदार ने कहा कि आज जब हमारे जवान सीमाओं पर दिन-रात एक करके देश की रक्षा कर रहे हैं तो हमारा भी दायित्व है कि हम वीर जवानों के परिवारों के प्रति सहयोग करने के लिए आगे आएं। आप सभी से भी अपील है कि इस मुहिम को आगे बढ़ाएं। डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन व मुस्लिम न्याय मंच झुंझुनूं की ओर से जल्द ही जिला मुख्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हम तैयार रहें। इस अवसर पर डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन के डायरेक्टर एमडी चोपदार, मुस्लिम न्याय मंच के

## न्यूज ब्रीफ

### झुंझुनूं से सीमावर्ती जिलों के लिए 86 यूनिट ब्लड के साथ एंबुलेंस रवाना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** आपदा प्रबंधन के मध्यनजर रखते हुए झुंझुनूं जिले से सीमावर्ती जिले के लिए अति आवश्यक एवं जीवनरक्षक रक्त की 86 यूनिट के साथ एंबुलेंस को रवाना किया गया है। पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि झुंझुनूं जिले के सरकारी एवं निजी बल्ड बैंक के समग्र सहयोग से एवं आमजन के द्वारा राष्ट्र हित के मद्देनजर स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त की 86 यूनिट सीमावर्ती जिले में भेजी गई है। पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि बीडीके अस्पताल की अपील पर आमजन एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने राष्ट्र हित मे रक्तदान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अस्पताल प्रबंधन ने राष्ट्र हित मे योगदान देने वाले आमजन का धन्यवाद ज्ञापित किया। आपदा प्रबंधन के मद्देनजर बीडीके अस्पताल पीएमओ की अपील पर बीडीके अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. दुष्यंत बसेरा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय खीचड़, अंकित कुमार, नवीन कुमार, दिनेश, अनिल, महेश कुमावत, कालीचरण, महेंद्र कुमार, विक्रम पूनियां, इमरान खान, शिवराज, दिनेश कुमार, कपिल, सुनिलसिंह, तेजपाल, राहुल, शंकर, शिव कुमार समेत 30 आमजन ने स्वैच्छिक रक्तदान मे योगदान दिया। ब्लड बैंक प्रभारी सोनू धायल ने बताया कि बीडीके अस्पताल से डीएच नवलगढ़, ट्रोमा सेंटर उदयपुरवाटी के लिए भी बल्ड भिजवाया गया है। ताकि वहां भर्ती मरीजों के एमरजेंसी में काम आ सके।

### प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ईकाइयों एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय (9 से 10 मई, 2025) को प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत 100 किलो प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर बिसलेरी इंडिया लिमिटेड को पुनर्नवीनीवरण एवं पुनचक्रण के लिए दिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को यह संदेश देना था कि 'यूज्ड प्लास्टिक कचरा नहीं है, यह पुनः उपयोग योग्य है। इस पहल से यह स्पष्ट किया गया कि प्लास्टिक कचरे को सही तरीके से पुनर्नवीनीकरण किया जाए तो यह पर्यावरण के लिए हानिकारक होने के बजाय उपयोगी बन सकता है। महाविद्यालय की छात्राओं एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया कि वे अपने घरों से उपयोग की हुई प्लास्टिक की बोतलें और अन्य प्लास्टिक सामग्री इस अभियान में जमा कराये। स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के महत्व को समझाया। यूज्ड प्लास्टिक को कचरे में न फेंके, उसे पुनः उपयोग में लाएं जैसे नारे लगाए गए। एकत्रित प्लास्टिक सामग्री को अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया ताकि इसे सही तरीके से पुनर्नवीनीकरण के लिए भेजा जा सके। इस अभियान में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक बोतलें, पॉलिथीन और अन्य प्लास्टिक सामग्री एकत्र कर पुनर्चक्रण केंद्र भेजने की व्यवस्था की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि अभियान में महाविद्यालय छात्राओं एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जोड़ा और प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया। उप-प्राचार्य डॉ. रंजुला जैन (महाविद्यालय विकास) एवं आईक्यूएसी समन्यवक डॉ. सारिका कौल ने छात्राओं को इस अभियान के लिये प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की इस पहल से न केवल प्लास्टिक कचरा कम हुआ, बल्कि पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी उठाया गया। महाविद्यालय की यह पहल अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध होगी। इस अभियान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, डॉ. विजय लक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत, महिमा रामचंदानी एवं चारुल शर्मा की सक्रिय भूमिका रही ।

### 'मेंटर्स मीट' का सफल आयोजन : उज्जवल भविष्य की ओर एक सशक्त कदम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में उदयन शालिनी फैलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत मेंटर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल के स्वागत उद्बोधन से हुई उन्होंने मेंटरशिप की भूमिका को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाला सशक्त माध्यम बताया और शिक्षकाओं को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए प्रेरित किया। उदयन शालिनी फैलोशिप की चैयरपर्सन, वीनू गुप्ता ने कहा कि इस पहल के माध्यम छात्राओं को एक संवेदनशील मेंटर की ज्यादा जरूरत है और जब भी ऐसी छात्राओं को किसी भी मार्गदर्शन की जरूरत होगी तो ये मेंटर हमेशा उनकी मदद के लिये तैयार रहेंगे।

डॉ. जी.के. तिवारी, रिटायर्ड, आईएस, सदस्य यूएसएफ ने फैलोशिप का विवरण दिया और बताया कि मेंटर व मेंटी के बीच परपस्पर संवाद होता रहना चाहिये। उन्होंने बताया कि सन् 2002 में फैलोशिप की शुरुआत 72 छात्राओं के साथ की गई थी। वर्तमान में 14 राज्यों व 31 शहरों की छात्राएँ इससे जुड़ चुकी है। कार्यक्रम में डॉ. रेणुका पामेचा, ममता जैतली, महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी सहित कई प्राध्यापिकाओं ने भाग लिया। उदयन शालिनी फाउंडेशन की तरफ से श्रीमती रूकमणी हल्दिया, डॉ. मीता सिंह, डॉ. नीरू सलूजा तथा पुष्पा सैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के समग्र विकास हेतु शिक्षिकाओं को मेंटर की भूमिका में प्रेरित करना था। इस अवसर पर यूएसएफ कार्यक्रम की अवधारणा, उद्देश्य और अपेक्षित जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मेंटरशिप की इस प्रक्रिया में शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं को मार्गदर्शन, नैतिक संबल तथा करियर दिशा देने की भूमिका पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में उदयन शालिनी फैलोशिप की प्रतिनिधियों ने संस्था की पृष्ठभूमि, गतिविधियां और शालीन छात्राओं की यात्रा पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात सहभागिता सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षकों ने अपने विचार, अनुभव व संभावनाओं पर चर्चा की।

### पक्षियों के लिए परिंडे वितरण कर मनाया परिंडा महोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय और कमल डायग्नोस्टिक एण्ड रिसर्च सेंटर के तत्वाधान में पक्षियों के लिए परिंडा महोत्सव टोंक रोड एसएमएस हॉस्पीटल में आयोजन किया गया । इस अवसर पर आयोजित मीटिंग को मुख्य अतिथि अनिल जैन दीवान, विशिष्ट अतिथि पदम जैन बिलाला, पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन, हरक चंद बडजात्या,ऋतु लोचन आदि ने संबोधित किया। आयोजन सुनील गुप्ता, हरक चंद हमीरपुर वाले,महावीर चांदवाड़ , प्रमोद जैन भंवर, रामजी लाल , दान मल जैन तथा डायग्नोस्टिक सेंटर के स्टाफ रचना, जगदीश , बजरंग ,सतीश , जितेन्द्र, लक्ष्मी , प्रहलाद , धारा , कपिल , सन्नी तथा पक्षी चिकित्सालय के भारत, राकेश आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कमल लोचन ने इस अवसर पर पक्षी चिकित्सालय के बारे में जानकारियां प्रदान की पदम बिलाला परिण्डे लगाने व उनमे नित्य साफ पानी भरने की शपथ दिलवाई द्य मुख्य अतिथि अनिल दीवान ने राजस्थान जनमंच ट्रस्ट द्वारा मालवीय नगर में संचालित हो रहे पक्षी चिकित्सालय के लिए हर संभव मदद का आश्वासन प्रदान किया द्य आज के कार्यक्रम के अंतर्गत 351 परिंडे वितरित किए गए तथा आसपास के क्षेत्र में 21 परिंडे लगाए गए।

# जेडीए ने नवीन अवैध कॉलोनियों का ध्वस्त किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कैलाश चन्द्र बिशनोई, महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर ने बताया कि प्रवर्तन शाखा द्वारा शनिवार को को प्रवर्तन संबंधी निम्नांकित कार्यवाहियां सम्पादित की गई:- 1. जोन-13 निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों का पूर्णतः ध्वस्तीकरण। 1. जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित, कानोता, आगरा रोड़, जिला जयपुर में करीब 07 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "श्रीराम विहार" बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, पत्थर गढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। 2. जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कानोता, आगरा रोड़, जिला जयपुर में ही करीब 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "स्टेट प्राईम" के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। 3. जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आगरा रोड़, बस्सी, मानगढ़ खोखावाला, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 143 आज तक कुल 526 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया। महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिशनोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24म7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in & enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/ कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

### सक्षम जयपुर अभियान के तहत आपदा प्रबंधन जन जागरुकता का हुआ आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत जिले में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को जयपुर के निजी होटल में आपदा प्रबंधन जन जागरुकता कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुदेशकों ने आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान बचाव एवं उपायों की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा अमित शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं युद्ध काल के दौरान बचाव के तरीकों से रूबरू करवाया गया। साथ ही ब्लैकआउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान आपातकालीन बचाव पद्धतियों, सीपीआर,बेसिक फायर एवं फायर एक्सटिंग्विशर संचालन अभ्यास भी करवाया गया। अनुदेशक असरार अहमद ने बताया कि जयपुर सक्षम अभियान के तहत नागरिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में जिले के अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

### 12 नागरिक सुरक्षा सेवा के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों की हुई नियुक्ति

**जयपुर।** नियंत्रक नागरिक सुरक्षा एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 के तहत 12 नागरिक सुरक्षा सेवाओं के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा ने बताया कि मुख्यालय सेवा के लिए नियंत्रक (जिला कलक्टर) नागरिक सुरक्षा को प्रभारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। बचाव सेवा के लिए अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर शहर को प्रभारी अधिकारी तो वहीं, अधिशासी अभियन्ता, सार्वजनिक निमार्ण विभाग, जयपुर शहर को सह प्रभारी अधिकारी के तौर पर जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि हताहत/चिकित्सा सेवा के लिए अधीक्षक, सवाई मानसिंह अस्पताल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय को प्रभारी अधिकारी एवं अतिरिक्त अधीक्षक, सवाई मानसिंह अस्पताल, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, वार्डन सेवा के लिए मुख्य वार्डन, नागरिक सुरक्षा जयपुर को प्रभारी अधिकारी एवं उप मुख्य वार्डन नागरिक सुरक्षा जयपुर को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि आपूर्ति सेवा के लिए जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम को प्रभारी अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक, रसद विभाग जयपुर प्रथम को सह प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण सेवा के लिए उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा जयपुर को प्रभारी अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी नागरिक सुरक्षा जयपुर को सह प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि कल्याण सेवा के लिए संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर शहर को प्रभारी अधिकारी एवं सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर शहर को सह प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। डीपो एवं परिवहन सेवा के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जयपुर को प्रभारी अधिकारी एवं जिला परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) जयपुर को सह प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि संचार एवं सायरन सेवा के लिए महाप्रबंधक भारत संचार निगम लिमिटेड जयपुर को प्रभारी अधिकारी एवं उप महाप्रबंधक भारत संचार निगम लिमिटेड जयपुर को सह प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। साल्वेज सेवा के लिए जिला कोषाधिकारी जयपुर को प्रभारी अधिकारी एवं उप कोषाधिकारी जयपुर को सह प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**जिला कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार मंडलों के साथ बैठक का हुआ आयोजन**

# जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने पदाधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा, दिए निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शनिवार को जयपुर जिले के विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों से चर्चा की। जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि आपसी सहयोग, समन्वय, समझदारी एवं जागरुकता से किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सकता है। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को व्यापार संघ के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सक्षम जयपुर अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने पदाधिकारियों से आवश्यक होने पर ब्लैक आउट के व्यापार संघों से सहयोग करने, स्वतः ही लाइट बंद करने एवं अन्य लोगों को भी ब्लैक आउट को सफल बनाने में सहयोग के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से उम्मीद की जाती है वे संपूर्ण ब्लैक आउट के लिए इंवर्टर एवं सोलर लाइट को भी बंद करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए



जरूरी है कि व्यापार संघ आगे आएं एवं अपने ग्राहकों के साथ साथ आमजन को भी जागरुक करें। बैठक में जिला कलक्टर के आह्वान पर कई व्यापार संघों ने सायरन लगवाने की घोषणा की। इस मौके पर जिला कलक्टर ने आपात स्थिति में व्यापार संघों से जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ मुहिम चलाने एवं जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री संतोष कुमार मीणा, जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री जयपुर व्यापार महासंघ सुरेश सैनी, अध्यक्ष गोपाल जी का रास्ता हरीश केडिया, अध्यक्ष हल्दियों का रास्ता व्यापार मण्डल सुरेन्द्र बज, अध्यक्ष रामगंज बाजार व्यापार मण्डल हुकम चंद अग्रवाल, अध्यक्ष चाँदी की टकसाल व्यापार मण्डल प्रकाश सिंह, संरक्षक चौड़ा रास्ता व्यापार मण्डल, सोभागमल अग्रवाल नागरिक सुरक्षा उपनियंत्रक अमित शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर फील्ड में उतरे अधिकारी

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिले के उपखंड अधिकारियों तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार शनिवार को फील्ड में उतरे एवं उपखंड के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन से संवाद किया एवं उन्होंने किसी भी आपात स्थिति के लिए सतर्क रहने, प्रशासन का सहयोग करने, गाइडलाइन की पालना करने एवं अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। साथ ही अधिकारियों ने क्षेत्र के चिकित्सालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ब्लड बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग कर्मियों, रक्त, दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता सहित अन्य अन्य आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया।

### पृष्ठ 1 का शेष...डीजीएमओ....

उनके बीच सहमति बनी कि दोनों पक्ष भारतीय मानक समयानुसार शाम 5 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। आज दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को फिर से बात करेंगे।

**डीजीएमओ ने की बातचीत की पहल:** सूत्रों के अनुसार, दोनों देशों के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए सीधी बातचीत हुई। आज दोपहर पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स ने बातचीत की पहल की, जिसके बाद चर्चा हुई और सीजफायर पर सहमति बनी। सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी अन्य मुद्दे पर या किसी अन्य स्थान पर बातचीत का कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

### आर्मी ऑफिसर बोले...

हमने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को फेल किया। उनके मिलिट्री सिस्टम का हमने नुकसान किया। इंडियन आर्मफोर्स पूरी तरह तैयार है। भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए तैयार है। इसके अलावा पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को बेकार कर दिया। एलओसी के पास पाकिस्तान के कमांड एंड कंट्रोल लॉजिस्टिक इंस्टालेशन और उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर्स और उनके पर्सनल का इतना नुकसान हुआ कि पाकिस्तान की ऑफेंसिव और डिफेंसिव कैपेबिलिटी को नष्ट कर दिया गया। फिर से बात दोहराना चाहूंगी कि इंडियन आर्म्ड फोर्सेस पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं। भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं।कोमोडोर रघु आर नायर ने कहा जैसा कि विदेश सचिव ने कहा कि हम सभी मिलिट्री ऑपरेशन रोकने की सहमति पर पहुंच गए हैं। पिछले कुछ दिनों की घटनाओं के बारे में हमने आपको जानकारी दे दी है। कोमोडोर रघु आर नायर ने कहा भारतीय आर्मी, नेवी और एयरफोर्स मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम पूरी तरह से तैयार और सतर्क हैं। पाकिस्तान की किसी भी हिमाकत को ताकत से जवाब दिया चुका है, आगे भी तनाव बढ़ाने की कोशिश की तो उन्हें निर्णायक जवाब दिया।

### पाक की नमाज...

इसके तहत भारत के पठानकोट एयरबेस, उधमपुर एयरबेस, गुजरात एयरबेस, राजस्थान एयरबेस और ब्रह्मोस मिसाइल के जखीरे वाली जगहों पर हमले किए गए। उधर इंडियन आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पाकिस्तान ने सुबह हाईस्पीड मिसाइल का इस्तेमाल करके पंजाब के एयरबेस स्टेशन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। पाकिस्तान ने आदमपुर, सूरतपुर एस-400, नगरोटा के गोलाबारूद सेंटर, ब्रह्मोस फैसिलिटी को तबाह करने का दावा किया। हम इसे खारिज करते हैं।

### भारत के हमले में...

यह पार्टी गठन के बाद से ही विवादों में रही क्योंकि इसे आतंकी हाफिज सईद के आतंकी ग्रुप का नया चेहरा माना गया। इस पार्टी के कई उम्मीदवार ऐसे हैं, जो या तो हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या पहले लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से जुड़े रहे हैं। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के साथ जारी तनाव के बीच राजनीतिक दलों को भरोसे में लेने के लिए उनके नेताओं से बात की है। डॉन न्यूज के मुताबिक शहबाज शरीफ ने पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो, पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान, जेयूआईएफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान और एमक्यूएमपी के खालिद मकबूल सिद्दीकी को फोन किया। शहबाज शरीफ ने कहा कि भारत ने नूर खान एयर बेस समेत कई जगहों मिसाइल हमले किए, जिससे निर्दोष नागरिक खतरे में पड़ गए।

### शशि थरूर बोले...

वह अपने विकास पर ध्यान देना चाहता है। लेकिन अगर कोई उसे छेड़ेगा तो वह चुप नहीं बैठेगा। पाकिस्तान को समझना चाहिए कि आतंकवाद से कुछ हासिल नहीं होगा। उसे भारत के साथ शांति से रहना सीखना होगा। भारत, पाकिस्तान के साथ सामान्य रिश्ते चाहता है। लेकिन इसके लिए पाकिस्तान को अपनी हरकतों से बाज आना होगा। आतंकवाद को छोड़ना होगा और बातचीत का रास्ता अपनाना होगा। तभी दोनों देशों के बीच शांति हो सकती है।

**कश्मीर कब्जाने की इच्छा कभी पूरी नहीं होगी:** कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि पाकिस्तान उस जमीन पर दावा करता है जो भारत के पास है। पाकिस्तान एक कट्टरपंथी देश है, जो भारत के कुछ हिस्सों को इसलिए लेना चाहता है, क्योंकि वहां के लोगों का धर्म पाकिस्तानी लोगों जैसा है। पाकिस्तान भारत को हजार घाव देने और कश्मीर पर कब्जा करने की इच्छा से 30 सालों से आतंकवादियों को भेज रहे हैं। लेकिन वे इसे नहीं पा सकेंगे, वे 30 सालों से असफल रहे हैं। वे अगले 30 सालों में भी असफल रहेंगे। भारत ने संयम बरता है जबकि पाकिस्तान लगातार सैन्य संघर्ष की तरफ बढ़ रहा है।

### सीएम शर्मा बोले...

आवागमन प्रतिबंधों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करवा रहा है, जिसमें नागरिकों का भी अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। शादियों व अन्य समारोहों में तेज रोशनी, चकाचौंध एवं आतिशबाजी नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। निजी ड्रोन को उड़ाने पर भी पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन को पर्याप्त मात्रा में सायरन की सुदृढ़ व्यवस्था करने और विभिन्न प्रकार के सायरन संकेतों के बारे में जनसाधारण को टीवी चैनल, रेडियो, सोशल मीडिया इत्यादि के माध्यम से जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए हैं।


**महत्वपूर्ण जगहों पर बढ़ाई सुरक्षा, साइबर अटैक से बचने के किए प्रबंध**-मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक स्थल, बाजार, पर्यटन स्थल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन जैसी जगहों पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। धार्मिक स्थल, महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों जैसे बांध, बिजलीघर, रिफाइनरी इत्यादि की सुरक्षा एवं सतत निगरानी की जा रही है। साइबर अटैक से बचने के लिए भी आवश्यक उपाय किए गए हैं। शर्मा ने सभी दलों से अपील करते हुए कहा कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और वॉलेंटियर्स के साथ संपर्क में रहें और राज्य सरकार द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन, रेस्क्यू कार्यक्रमों, ब्लैक आउट और अन्य व्यवस्था से जुड़े मामलों में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हम सब की सावधानी और सतर्कता प्रदेश की सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। आप सचेत रहकर छोटी से छोटी घटनाओं पर नजर बनाए रखें। अफवाहों को फैलने से रोकें। यदि किसी भी स्तर पर कमी एवं आवश्यकता महसूस हो तो सरकार को अवगत कराएं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, विधानसभा में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, कांग्रेस पार्टी प्रतिनिधि व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक रफीक खान, राष्ट्रीय लोकदल से विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, बहुजन समाज पार्टी से विधायक मनोज कुमार एवं भारत आदिवासी पार्टी से विधायक उमेश मीणा उपस्थित रहे।

**सभी दल पूरी तरह राज्य सरकार के साथ**- इस दौरान विभिन्न दलों के नेताओं ने कहा कि वे वर्तमान परिस्थिति में पूरी तरह राज्य सरकार के साथ हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई और वर्तमान परिस्थितियों में केन्द्र और राज्य सरकार की तैयारियों की सराहना करते हुए विभिन्न सुझाव दिए। इन सुझावों में विभिन्न जिलों में उपलब्ध संसाधनों का भौतिक सत्यापन कर आवश्यकतानुसार उपयोग करने, प्रदेशवासियों को हर घटनाक्रम की जानकारी अधिकृत माध्यम से देने, चिकित्सा एवं अन्य व्यवस्थाओं में एनसीसी, स्काउट सहित नर्सिंग विद्यार्थियों का सहयोग लेने तथा सीमावर्ती जिलों के ग्रामीण इलाकों में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा सामाजिक संगठनों की बैठकें आयोजित कराने जैसे सुझाव प्रमुख रहे।

# आइलाइनर लगाने के स्टाइलिश तरीके

# क्या आपने भी कभी ट्राय किए!

आंखों को क्लासिक ब्लैक लाइनर से हाइलाइट करने का ट्रेंड हमेशा फैशन में रहता है. लेकिन बदलाव आता है तो इसके लगाने के तरीके और कलर्स में. हर फैशन वीक के मेकप आर्टिस्ट, रनवे के कलेक्शन के साथ तालमेल बिठाते हुए मॉडल्स की आंखों को आइलाइनर से और भी खूबसूरत बनाते हैं और इन्हीं से मिले हमें कुछ शानदार आइलाइनर लगाने के तरीके, जो आपकी आंखों को बनाएंगे खूबसूरत और अटैक्टिव. यहां जानिए हमारे सबसे पसंदीदा 5 बेहतरीन आइलाइनर ट्रेंड.



## सिल्की कैलीग्राफी

अपने पुराने और महंगे आइलाइनर को भूल जाइए और इन गर्मियों में ट्राय कीजिए एक बोल्ड लुक-इंकी ब्लैक आइलाइनर के साथ। इसके लिए स्ट्रोक को आंखों के किनारों के बाहर की तरफ निकालिए और फिर फूल की पत्ती की तरह एक दूसरी लाइन बनाइए। थोड़े ब्लैक आइ शैडो को अंदर की तरफ लगाएं और बनिए सबके लिए स्टाइल स्टेटमेंट।



## व्हाइट से करें कमाल

व्हाइट आइलाइनर, 2015 का कूलेस्ट आइवेयर ट्रेंड है। व्हाइट आइलाइनर की खूबी होती कि वो डल और थकी आंखों में भी एक चमक ला देती है। ये गॉथिक ट्रेंड वाकई में एक कमाल का ट्रेंड है और जल्द ही ये सभी जगह छा जाएगा। अगर आप इसे लगाने में असहज महसूस कर रहीं है तो इसे थोड़-थोड़ा करके लगाएं। बाहर की पलकों की लाइन्स पर ब्लैक लाइनर लगाएं।




## ऐसे करें रॉक

जहां हमें व्हाइट काफी पसंद है, वहीं हम इसके साथ थोड़े ब्लू लाइनर से कुछ रॉकिंग करने की सलाह देंगे। इस ट्रेंड के साथ अपने लुक को बनाएं सिंपल लेकिन स्टाइलिश। इसके साथ आप ज्यादा कुछ न करते हुए अपने लुक को सिंपल ही रखें। बस याद रखें कि इसे एक प्रोफेशनल की तरह कलर करें और भरें।



## दो का वार

इस लुक को पाने के लिए अपनी ऊपर की पलकों पर आइलाइनर लगाएं (जैसे आप हमेशा नॉर्मली आइलाइनर लगाती हैं)। निचली पलकों पर काजल से, ऊपर की लाइन के जितना बड़ा ही स्ट्रोक बनाएं। ये पैरलल लाइन्स बेहद कमाल लगती हैं क्योंकि मिनिमालिस्टिक होने के बावजूद भी इतनी बोल्ड लगती है कि ये एक स्टेटमेंट बना सकती हैं। अपने रेट्रो चार्म की वजह से ये आपके हर आउटफिट के साथ परफेक्ट लगेगी।



## स्मोकी आइलाइनर को कहें हैलो

अपने विंग आइलाइनर को भूल जाइए क्योंकि अब स्मोकी आइलाइनर बन गई हमारी पसंदीदा। एक जेल लाइनर, जो अच्छी तरह से फैलकर दे बेहतरीन स्मोकी आइ, को हम भी ढूंढ रहे थें। स्पॉन्च और ब्रश का इस्तेमाल करके किनारों को हल्का कर दें। जैसा पसंद हो वैसा मस्कारा लगाएं और आप तैयार है सबकी नज़रों में छाने के लिए।



# ड्राय शैम्पू? इसे कैसे करें इस्तेमाल?

कभी-कभी बालों को मैंटेन करना काफी मुश्किल भरा काम हो जाता है, क्योंकि पूरे दिन आप पॉल्यूशन, ब्यूटी और समय इन तीनों के बीच पिसती रहती हैं। है ना! और बेशक, इन तीनों के बीच में समय की ही जीत होती (अपना कीमती समय उन कामों को ज़्यादा देती जो ज़रूरी होते हैं) है और समय के अभाव में आप बालों से जुड़े केयर को भी नज़रअंदाज कर देती हैं। लेकिन आपकी इस परेशानी का एक लाजवाब सॉल्यूशन है - ड्राय शैम्पू। अपने बालों पर इसका इस्तेमाल आप उन दिनों में कर सकती है जब आपको अपने बालों को धोने के लिए समय नहीं मिलता। कई बार समय के अभाव में बालों को धोए बिना इनसे एक्सट्रा ऑयल हटाने के लिए सर पर पाउडर का इस्तेमाल तो आपने किया ही होगा। ड्राय शैम्पू भी इसी टेक्नीक पर बेस्ड होकर तैयार हुआ है। ये स्प्रे या पाउडर की तरह होता है, जो आपके बालों से ऑयल, गंदगी और पॉल्यूशन को सोख लेता है। सिर्फ इतना ही नहीं, इससे आपके बालों को वॉल्यूम देकर उन्हे बनाता है शाइनी।


### कैसे करें इसे इस्तेमाल?

हर हेयर स्प्रे की तरह इसके भी इस्तेमाल से पहले ये सुनिश्चित कर लें कि बालों में कोई गांठ न हो। इसे हेयर वॉश के दूसरे या तीसरे दिन अपने बालों के स्कैल्प के आस-पास स्प्रे करें। इसके लिए अपने बालों को दो हिस्सों में बांट लें और फिर आधे मीटर की दूरी से ड्राय शैम्पू स्प्रे करें। अगर आप पाउडर वाले ड्राय शैम्पू का इस्तेमाल कर रही हैं तो इसमे दिए ब्रश का इस्तेमाल करके, बाल के उन हिस्सों में लगाएं (उन दो हिस्सों में)। इसके इस्तेमाल के बाद हो सकता है कि थोड़े पाउडर या स्प्रे आपके स्कैल्प में जम जाए, अगर ऐसा हो तो उन्हें उंगुलियों से हिलाकर ठीक कर लें। बालों को वॉल्यूम देने के लिए चौड़े दांतों वाली कंघी इस्तेमाल करके बालों को अच्छी तरह झाड़ लें और फिर इसे कोई भी मनचाहा स्टाइल दें।

# लड़के भी रंगें अपने वॉर्डरोब को पेस्टल्स में

**जहां औरतें रनवे ट्रेंड्स को अपने क्लॉजेट्स में शामिल करने में काफी तेज़ होती हैं, आदमी इस मामले में काफी संकोची होते हैं और कुछ भी नया ट्राय करने को लेकर काफी एहतियात बरतते हैं। जहां आपके पति या बॉयफ्रेंड अपने डेनिम्स और टीज से बेइंतेहां प्यार करते हैं। यहां जानिए कि कैसे आप उन्हें पेस्टल्स के हॉट ट्रेंड्स को फॉलो करवा सकती हैं। चिंता मत कीजिए ये हर स्किन कलर को सूट करते हैं सच में!**





### पोलोज

अपने silhouette में पेस्टल्स शामिल करने का सबसे आसान और सेफ तरीका है इन्हें पोलोज़ के रूप में पहनना। ये आपकी पसंदीदा डेनिम्स और ट्राउज़र्स के साथ बहुत अच्छे लगेंगे। एक आराम पसंद दिन पर, ड्रेस डाउन करें इन्हें टीम करें शॉर्ट्स के साथ।

### शर्ट्स

पेस्टल्स पहनने का एक और आसान तरीका है इन रंगों में शर्ट्स पहनना। ये आपके लुक को ना सिर्फ एक फ्रेशनेस देंगे बल्कि आपको बाकी लोगों से अलग भी दिखाएगा। अगर आप थोड़ा ड्रेस्ड अप दिखना चाहते हैं, तो अपने लुक की कैजुअलनेस बढ़ाइए ट्राउज़र्स को पेस्टल शर्ट्स के साथ पेयर कर के। पेस्टल शर्ट्स के ले सबसे बेहतरीन फैब्रिक हैं कॉटन और लिनेन।

### ट्राउज़र्स

पेस्टल ट्राउज़र्स ब्रीज़ी और ट्रेंडी दोनों ही है। स्टाइलिश पर सिंपल और बेहद कैजुअल, पेस्टल ट्राउज़र्स को स्टाइल करने के कई तरीके हैं। पर फिर भी इनके साथ गलती करने की काफी गुंजाइश है। इन्हें गहरे रंग की टी-शर्ट्स और शर्ट्स के साथ पेयर करना भी बहुत अच्छा ऑप्शन है। इन्हें एक जैसे रंगों के साथ पेयर करने की गलती ना करें, ये पूरा लुक खराब कर सकते हैं।

### सूट्स


सूट्स हमेशा फॉर्मल ड्रेसिंग का हिस्सा हों, ऐसा ज़रूरी नहीं है। अगर वो ड्रेस्ड अप दिखना चाहते हैं पर एक कैजुअल फील के साथ, तो एक पेस्टल कलर्ड सूट बहुत अच्छा ऑप्शन है। सूट को पुराने घिस-पिटे तरीकों से स्टाइल ना करें। पेस्टल रंगों के कुर्ते बेहद अच्छा ऑप्शन है। पेस्टल शेड्स के कुर्ते हमेशा से बेहद ताजगी भरे और एलिगेंट लगते हैं।

# दीवार सजाने के इन तरीकों से घर को मिलेगा अलग लुक

**घर को अलग लुक देने के लिए क्रिएटिविटी का इस्तेमाल जरूरी है। ये न सिर्फ पुरानी चीजों से घर के डेकोरेशन के लिए बेस्ट होता है बल्कि मेहमानों के लिए भी ये आकर्षण का केंद्र होता है। आज दीवारों को सजाने के ऐसे ही कुछ आइडिजाज के बारे में जानेंगे....**

वुडन स्लैब को वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल तरीके से सेट कर दें। यह आइडिया कमरे के किसी कोने को सजाने के लिए परफेक्ट साबित होगा। बीच-बीच में बनी स्लैब पर सजावट का सामान रख सकते हैं और हॉरिजॉन्टल स्लैब पर फोटोग्राफ पिनअप किया जा सकता है।घर में कोई ऐसा दरवाजा है, जिस पर सूर्य की किरणें पड़ती हैं तो उसके साथ थोड़ा प्रयोग करिए। इसका एक तरीका है कि दरवाजे पर ग्लास पेंट के साथ पेंटिंग करिए। आपके इस तरह करने से जब सूर्य की किरणें दरवाजे पर गिरेंगी तो कुछ ऐसा नजारा देखने को मिलेगा। यादगार तस्वीरों के साथ घर सजाना हर व्यक्ति का पसंदीदा तरीका होता है।


आप भी ऐसा ही कुछ करने के बारे में सोच रही हैं तो थोड़ा क्रिएटिव बनिए। दीवार पर वुडन ब्लॉक बनाकर, उन पर हुक्स लगाएं और इनमें फोटोफ्रेम हैंग कर लें। यह सुंदर दिखेगा। घर के किसी कोने को सजाने का यह तरीका जितना सिंपल है, उतना ही अट्रैक्टिव भी। इसके लिए करना कुछ ज्यादा नहीं है। लकड़ी का पुराना पीस लीजिए और इस पर कोई पैटर्न बनाइए। चाहे तो मछलियां बना सकते हैं। इनकी कार्विंग करिए और दीवार को सजाएं। यह तरीका बिलकुल साधारण है,



लेकिन लड़कियों के कमरे में कुछ अलग ही नजर आएगा। आपको पेंटिंग का शौक है तो लिप की पेंटिंग बनाकर, उसे फ्रेम करा लीजिए। इसे ड्रेसिंग टेबल के आस-पास कहीं या बेड बैक पर लगाई जा सकती है। निश्चित ही यह आइडिया कमरे में आने वालों को सरप्राइज देगा, लेकिन इन आइडिया को ड्राइंगरूम या लॉबी में आजमाने से बचिए।

# गर्मी में बढ़ती आंखों से जुड़ी समस्याएं

**गर्मियों में गर्म हवाएं और चुभती धूप के कारण आंखों से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ हो जाती हैं। तेज धूप और पसीने के चलते आंखों में जलन, खुजली और लालिमा जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। कई लोग इस समस्या को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन एक्सपर्ट के मुताबिक आंखों की जलन कभी-कभी बड़ी बीमारी का संकेत भी हो सकती है। वैसे तो बाजार में कई आई ड्रॉप्स मौजूद हैं, जो इससे राहत दिलाते हैं। इसके अलावा कुछ नेचुरल होम रेमेडीज भी इसमें बेहद मददगार हैं।**



### सवाल- गर्मियों में आंखों में जलन की मुख्य वजह क्या है?

**जवाब**- इसकी प्रमुख वजह तेज धूप, गर्म हवाएं, पसीना और हवा में मौजूद धूल, प्रदूषण व परागकण हैं। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) और लंबे समय तक मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन देखने से भी आंखें ड्राई हो जाती हैं, जिससे जलन बढ़ सकती है।

### सवाल- हीटवेव आंखों के लिए क्यों नुकसानदायक है?

**जवाब**- गर्मी और नम वातावरण आंखों की सतह को हाइड्रेट रखने वाली आंसू की परत को तेजी से सूखा देता है, जिससे ड्राई आई की समस्या बढ़ सकती है। इससे जलन, खुजली और आंखे लाल पड़ सकती हैं। इसके अलावा इस मौसम में सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणें ज्यादा तेज होती हैं, जो सीधे कॉर्निया को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

### सवाल- क्या पसीना आंखों में जाना नुकसानदायक होता है?

**जवाब**- आमतौर पर आंखों में पसीना जाना नुकसानदायक नहीं होता, लेकिन यह अस्थायी जलन और चुभन का कारण बन सकता है। पसीने में पानी के साथ नमक, क्लोराइड और अन्य सूक्ष्म तत्व होते हैं, जो आंखों की सतह (कॉर्निया और कंजंक्टिवा) से संपर्क करते हैं और परेशानी बढ़ा सकते हैं।



### सवाल- गर्मी में किस तरह का खानपान आंखों को ड्राई होने से बचा सकता है?

**जवाब-** आंखों को ड्राई होने से बचाने के लिए पर्याप्त पानी पीना और ताजे फलों का जूस पीना फायदेमंद है। इसके अलावा, ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर फूड आइटम्स जैसे अखरोट और चिया सीड्स भी बहुत फायदेमंद होते हैं। विटामिन, और ष्ट से भरपूर गाजर, शकरकंद, संतरा और अमरूद जैसी चीजें भी आंखों के लिए अच्छी होती हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक और मेथी में ल्यूटिन और जेक्सैंथिन होते हैं, जो आंखों की नमी बनाए रखने में मदद करते हैं।

### सवाल- क्या हीटवेव में महिलाओं को आंखों को लेकर एक्स्ट्रा केयर की जरूरत है?

**जवाब-** हां, हीटवेव के दौरान महिलाओं को अपनी आंखों का खास ध्यान रखना चाहिए। खासकर उन महिलाओं को, जो मेकअप करती हैं। मेकअप में इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट जैसे मस्कारा, आईलाइनर और काजल भी आंखों को अधिक प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए आंखों को हाइड्रेटेड रखने के लिए पर्याप्त पानी पीना, आंखों को धूल और धूप से बचाना, और मेकअप हटाने से पहले अच्छी तरह से साफ करना जरूरी है। इसके अलावा आंखों के लिए सुरक्षित और लाइट मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना बेहतर होता है।

### सवाल- घर पर आंखों की जलन को कम करने के लिए किन बातों का ध्यान रखें?

**ठंडी पट्टियां:** ठंडी पट्टियां आंखों की सूजन, जलन या थकावट को कम करने में मदद करती हैं। ठंडे पानी से भिगोई गई रुई या साफ कपड़े को आंखों पर लगाने से ब्लड वेसल्स की सूजन कम होती है।

**खीरे के स्लाइस:** फ्रिज में ठंडे किए हुए खीरे के पतले स्लाइस आंखों पर रखें और 10-15 मिनट तक छोड़ दें। खीरे में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और हाइड्रेटिंग गुण आंखों को ठंडक देते हैं और जलन कम करते हैं।

**गुलाब जल:** ऑर्गेनिक गुलाब जल की 1-2 बूंदें आंखों में डालें या एक कॉटन पैड में गुलाब जल भिगोकर उसे पलकों पर सावधानी से रखें। गुलाब जल में नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो जलन और खुजली को कम करते हैं।

**एलोवेरा जेल:** एलोवेरा जेल में एंटी-इंफ्लेमेटरी और हाइड्रेटिंग गुण होते हैं। आंखों के आसपास हल्का-सा ठंडा एलोवेरा जेल लगाने से ठंडक मिलती है और जलन में राहत मिलती है। ध्यान रखें कि एलोवेरा जेल शुद्ध होना चाहिए।

**आंखों को बार-बार धोना:** आंखों को धोने से जलन और थकान में राहत मिलती है। दिन में दो-तीन बार ठंडे पानी से आंखें धोने से गंदगी बाहर निकल जाती है और आंखों को ताजगी मिलती है।

### सवाल- आंखों की सफाई करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

**जवाब**- हमेशा आंखों को साफ करने से पहले हाथ अच्छे से धोएं ताकि गंदगी या बैक्टीरिया आंखों में न जाने पाए। साथ ही आंखों को धोने के बाद मुलायम तौलिए या कपड़े से हल्के हाथों से पोंछ लें। ध्यान रहे कि आंखों को हल्के हाथों से धोएं, दबाव डालने से उसमें जलन या चोट लग सकती है।

### सवाल- क्या आंखों में जलन होने पर आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल करना सही है?

**जवाब**- अगर जलन हल्की है और बार-बार नहीं हो रही तो ओवर द काउंटर आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन इनका लंबे समय तक उपयोग करना सही नहीं है। अगर जलन के साथ लालिमा और सूजन भी दिखाई दे रही है तो बिना डॉक्टर की सलाह के आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# साफ सफाई के अभाव में लगे कूड़े करकट के ढेर

## गंदगी से अटी नालियां, मार्ग पर जमा हुआ गंदा पानी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** कस्बे में पंचायत प्रशासन की अनदेखी के चलते समूचे कस्बे में कूड़े करकट के ढेर के साथ व्याप्त गंदगी से आमजन परेशान है। एक तरफ ग्राम पंचायत प्रशासन दीवारों पर स्वच्छ भारत का संदेश दे रहा है तो दूसरी ओर उन्ही संदेश दर्शाती दीवारों के आस-पास गंदगी का आलम छाया हुआ है। बस स्टैंड से अस्पताल व ग्राम पंचायत तक मुख्य मार्गों सहित आम रास्ते में व्याप्त गंदगी के चलते छोटे-बड़े वाहनों के साथ आमजन का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। यहां से गुजरने वाले स्कूली बच्चे कई बार फिसल कर कीचड़ से सन चुके है। छोटे-बड़े वाहनों के गुजरने के दौरान जमा गंदा पानी उछल कर राहगीरों को सराबोर कर रहा है वहीं आसपास दुकानों तक छींटे पहुंच रहे है।



एक तरफ स्वच्छ भारत के तहत ग्राम पंचायत लाखों का बजट उठा रही है जबकि गांव में नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से नालियों का गंदा पानी आम रास्ते में फैल कर कीचड़ का रूप धारण कर रहा है। पंचायत मुख्यालय के बाहर भी इतनी गंदगी व कीचड़ फैला हुआ है कि पंचायत में जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। कार्य को लेकर पंचायत कार्यालय में पहुंचने वाली महिलाओं को खासा दिक्कत उठानी पड़ती है। ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम पंचायत साफ-सफाई के नाम खानापूर्ति कर रही है। लोगों ने मुख्यमंत्री व पाली जिला कलेक्टर को ज्ञापन के साथ मौके के वीडियो व फोटो भेज स्थिति से अवगत करवा समस्या का समाधान करवाने की मांग की है।

### क्षतिग्रस्त मार्ग पर पैदल चलना हो रहा मुश्किल

सांडेराव कस्बे में आने-जाने वाला मुख्य मार्ग पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते आमजन परेशान है।

**महावीर मेवाड़ा**
**जिलाध्यक्ष-हिन्दू युवा महासभा**

### अभियान चला करवाएंगे सफाई

अभी कुछ दिन पहले ही सफाई करवाई गई है। कई ग्रमीणों की ओर से बीच रास्ते में ही कचरा डालने से परेशानी होती है। फिर भी अभियान चला कर समूचे कस्बे में साफ सफाई के साथ नालियों की भी सफाई करवा दी जाएगी।

**श्रीमती दाखूदेवी भील**
**सरपंच सांडेराव**



### तेज हवा के साथ बारिश से बिगड़ी है व्यवस्था

मैने सप्ताहभर पहले ही पदभार ग्रहण किया है। चार-पांच दिनों से बैमौसम की बारिश व तेज हवाओं के कारण पूरी व्यवस्था बिगड़ी है। सड़क ठेकेदार को बुलाकर मुख्य मार्गों को सही करवाने की कार्यवाही शुरू करवाई जाएगी।

**जगदीश सुथार**
ग्राम विकास अधिकारी-सांडेराव

बालिकाओं ने निकाली कलश यात्रा

# राव भुणा समाज ने चामुंडा माता मंदिर परिसर में किया भूमि पूजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** राव भुणा समाज संस्थान के तत्वावधान में मुंडारा स्थित चामुंडा माता मंदिर परिसर में भूमि (शिला) पूजन किया गया। पंचायतराज मंत्री ओटाराम देवासी एवं सरपंच प्रवीण वैष्णव के आतिथ्य में लाभार्थी शंकरलाल नारायणलाल केलवा (मेवाड़) की ओर से भूमि पूजन किया गया। महाप्रसादी का आयोजन प्रकाशचंद नारायणलाल मुंडारा द्वारा किया गया। इकत्तर से अधिक बालिकाओं द्वारा गाजे बाजे के साथ कस्बे में कलश यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व रात्रि में आयोजित भजन कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। समाज के भामाशाहों एवं अतिथियों का शॉल, साफा एवं माल्यार्पण कर सम्मान



किया गया। समारोह में राव भुणा समाज संस्थान एवं निर्माण कमेटी के अध्यक्ष मांगीलाल कवराडा, विकास समिति अध्यक्ष जसराज मुंडारा, प्रवीण कुमार, युवराज केलवा, नरपतसिंह जुना, नारायणलाल, हरीशंकर, महेन्द्र कुमार (सादड़ी), थानमल, राजाराम, अमृतलाल, सोहनलाल मुंडारा, सुरेश बाली, महेश कुमार (मेवाड़), मदनलाल, राकेश कुमार सहित गणमान्य समाजबंधु मौजूद थे।

## बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** सारंगवास खेतलाजी ट्रस्ट कार्यकारिणी की बैठक रविवार सुबह 10.30 बजे अध्यक्ष भगाराम चौधरी की अध्यक्षता में ट्रस्ट कार्यालय में आयोजित की जाएगी। ट्रस्ट कमेटी के सचिव महेशसिंह चारण ने बताया कि सारंगवास खेतलाजी मन्दिर के विकास कार्यों व भक्तों के लिए धाम पर बेहत्तर सुविधा के साथ मेले के आयोजन सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की जाएगी।

## पूर्व ऊर्जा मंत्री राणावत ने किया किसान बस्ती का दौरा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** पूर्व ऊर्जा मंत्री और विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत ने बाली किसान बस्ती का दौरा किया। सेसली रोड सहित विभिन्न स्थानों पर किसानों की समस्याएं सुनीं। राणावत ने बिजली विभाग से संबंधित कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। इनमें बिजली के खंभों पर ढीले तार और अंग्रेजी बबूल की समस्याएं प्रमुख थीं। राणावत क्षेत्र में आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्य' मों में भी शामिल हुए। उन्होंने शादी समारोह में शिरकत कर शुभकामनाएं दी एवं शोक सभाओं में शरीक होकर दिवंगत को श्रद्धासुमन अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी। सीरवी समाज के मीडिया प्रभारी खेताराम महाराज के अनुसार कार्य' म में पूर्व सरपंच रतनसिंह पुनाडिया, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष चेनाराम चौधरी, सीरवी समाज के कोटवाल नथाराम सोलंकी, जमादार कानाराम काग, पूर्व चेयरमैन जगाराम चौधरी व मंदिरों के पुजारी भी उपस्थित थे।

## संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने किया रक्तदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खौड़।** देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे वीर सैनिकों के सम्मान में संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने एक सराहनीय पहल करते हुए डॉ. देवल पटेल हॉस्पिटल, सुमेरपुर में रक्तदान किया। यह सेवा भाव दर्शाता है कि राष्ट्र के प्रति समर्पण केवल हथियार उठाकर ही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता करके भी किया जा सकता है। महाराज के अनुयायी रवि कुमावत और तारा कुमावत ने इस रक्तदान शिविर में भाग लेकर समाज को यह संदेश दिया कि जब देश का जवान सीमा पर खून बहा रहा है तब हम उसका साथ अपने खून की कुछ बूंदें देकर भी दे सकते हैं। यह रक्तदान डॉ. देवल पटेल की देखरेख में आयोजित शिविर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने की। मंत्री कुमावत ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास वाकई अनुकरणीय है। शिविर में एकत्र किया गया रक्त विशेष रूप से सैन्य अस्पतालों को भेजा जाएगा, जहां इसकी आवश्यकता सबसे अधिक रहती है।



# सेना की विजय और दीर्घायु के लिए यज्ञ में दी आहुतियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के जाखामाता मंदिर परिसर में शुक्रवार शाम भाजपा की ओर से विशेष प्रार्थना सभा, पूजा-अर्चना और यज्ञ का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य भारतीय सेना की कुशलता, दीर्घायु और विजय की कामना करना था। कार्य' म का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने किया। उनके साथ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कुमावत ने यज्ञ में आहुतियां दीं। उन्होंने कहा कि यह यज्ञ सीमा पर मातृभूमि की रक्षा में जुटे तीनों सेनाओं के जवानों को समर्पित है। पूर्व नपा उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने कहा कि सैनिकों के शौर्य और परा' म के कारण ही हम सुरक्षित हैं। यज्ञ में भाजपाइयों ने आहुतियां देकर जवानों की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए गए। मौके पर पूर्व बांकली भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराजसिंह बीठिया, पूनमसिंह परमार, दलपत देवड़ा, अमृत परिहार, इंदर राव, गौरव राजपुरोहित सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## एनएसएस के स्वयंसेवकों से राष्ट्र सेवा का आह्वान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** राजकीय महाविद्यालय बाली में एनएसएस इकाई द्वारा महत्वपूर्ण कार्य' म आयोजित किया गया। प्राचार्य आईदानसिंह राजपुरोहित और कार्य' म अधिकारी ने वर्तमान सामरिक परिस्थितियों को देखते हुए स्वयंसेवकों से राष्ट्र सेवा के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों से कहा कि वे किसी भी आपात स्थिति में सहयोग के लिए तत्पर रहें। कार्य' म में मौजूद स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय आपात स्थिति में पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया। उन्होंने भारत सरकार और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का न केवल स्वयं पालन करने, बल्कि आस-पड़ोस के नागरिकों को भी इनका पालन करवाने की प्रतिज्ञा ली।



## राष्ट्र सेवा को लेकर रक्तदान शिविर कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** खुडाला स्थित आदर्श विद्या मंदिर में सोमवार सुबह 10 से सायं 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी व आयोजक नरेंद्र परमार ने बताया कि सेवा भारती की प्रेरणा से वैष्णोदेवी माता मंडल मुंबई-फालना, भारत विकास परिषद फालना-बाली, मारवाड़ एकता परिषद मुंबई-राजस्थान सहित सार्वजनिक सेवा समिति खुडाला-फालना के तत्वावधान में पहलगाम कश्मीर में आतंकी हमले एवं पाक आतंकवादी विरोधी युद्ध के दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि देने व राष्ट्र सेवा के हित में प्रेरित करने हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। परमार ने कहा कि रक्तदान महादान और जीवनदान है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से राष्ट्रहित में रक्तदान करने की अपील की।

## भारतीय सेना की विजय को की पूजा अर्चना



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** भारतीय सेना के विजयी की कामना को लेकर भाजपा मंडल खुड़ाला फालना के तत्वावधान में विशेष पूजा अर्चना की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चंद्रभोलेश्वर महादेव मंदिर व झटपटिया बालाजी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर आरती की। भारतीय सेना के विजय होने की भगवान से कामना की। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिद्धावत, पालिकाध्यक्ष ललिता शाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशोर गोयल, भाजपा नेता भोपालसिंह गुर्जर, अमित मेहता, रुपाराम चौधरी, रमेश शाह, कुलदीपसिंह बग्गा, सुमेरसिंह मेड़तिया, प्रितपालसिंह छाबड़ा, जितेंद्र सिद्धावत, गुरमुख दरयानी, छोगसिंह पवार, हरीश सोनी, कैलाश जोशी, शंकर मेघवाल, पुजारी सकापुरी, नरसिंगपुरी, केशवपुरी, जितेंद्र कलावंत, अमित नागर, हेमंत सोलंकी, बंसीलाल मालवीय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विद्यालय में नाले पर बना शौचालय ढहा, हादसा टला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के संजय नगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर स्थित बालिका शौचालय शनिवार सवेरे स्कूल टाइम में भरभरा कर अचानक धराशायी हो गया। गनीमत रहीं की उस समय शौचालय में व उसके आस-पास विद्यार्थी नहीं थे वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। संस्था प्रधान शैतानसिंह आढ़ा ने बताया कि उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में जानकारी देने के बावजूद ध्यान नहीं दिया गया, जिससे अभिभावकों में रोष व्याप्त हैं। संस्था प्रधान के अनुसार शनिवार सवेरे करीब 7.35 मिनट पर विद्यालय समय में विद्यालय परिसर में ही नगर पालिका की ओर से गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले पर निर्मित बालिका शौचालय अचानक गिर गया। यहां तीन मूत्रालय व शौचालय पूरी तरह से जमींदोज हो गए। तेज आवाज सुनकर स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थी भागकर मौके पर पहुंचे तो देखा कि नाले पर बना शौचालय पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। संस्था प्रधान ने बताया कि इसे लेकर पूर्व में शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों, समग्र शिक्षा के जेइएन को शौचालय मरम्मत को लेकर लिखित में अवगत करवाया था। जिसके बाद उन्होंने मौका मुआयना भी किया था। लेकिन आज दिन तक विभाग ने बालिका शौचालय को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई ना ही मरम्मत कार्य करवाया। जिसे लेकर संजय नगर वासियों व अभिभावकों में शिक्षा विभाग के प्रति भारी रोष व्याप्त हैं। अभिभावकों ने बताया कि यदि हमारे बच्चों के साथ कोई हादसा हो गया होता तो इसकी जवाबदारी कौन लेता। संस्था प्रधान ने अविलंब कार्रवाई कर राहत पहुंचाने की मांग की हैं।

### नाले की बदबू से विद्यार्थी परेशान

*संस्था प्रधान ने बताया कि गंदे पानी की निकासी का नाला स्कूल के नीचे से होकर गुजर रहा हैं, नाला भी पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गया हैं। विद्यालय में हादसा होने का भी भय व्याप्त हो गया हैं। गंदे पानी की बदबू से विद्यार्थियों का स्कूल में बैठना भी मुश्किल हो रहा है। सांस लेने में भी दिक्कतें आ रहीं हैं। विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रीत नहीं कर पा रहं हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं करने पर अभिभावकों व रहवासियों की ओर से जन आंदोलन करने व धरना प्रदर्शन की संभावना बनी हुई है।*

# दरगाह हजरत मदार शहीद बाबा लाठी जोड़ का उर्स संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** दरगाह हजरत मदार शहीद बाबा लाठी जोड़ का उर्स शानो शौकत के साथ मनाया गया।

उर्स में पाली, जालौर व सिरोही सहित विभिन्न क्षेत्रों के जायरिनों ने भाग लिया। बाबा की चौखट पर माथा टेक खुशहाली कील कामनाएं की। उर्स का शुभारंभ चंदल व गुस्ल की रस्म अदायगी एवं कुरआन ख्वानी के साथ हुई। जिसमें बाली और फालना के मदरसों के बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके बाद बाली और फालना के पेश इमाम, आलिम और मौलानाओं ने देश में अमन-चैन और सबकी सलामती के लिए दुआ की। उर्स के दौरान दो बहनों ऊषा परिहार व रेखा माली ने अपने माता-पिता नर्बदा देवी पत्नी जोधाराम गहलोत माली की याद में बाबा के डेढ़ किलो चांदी का मुकुट चढ़ाया। साथ में 11 किलो के फूलों का हार व 21 किलो की प्रसाद भी चढ़ाई। दरगाह कमेटी की ओर से ढोल थाली के साथ स्वागत किया गया। इनके पिता ने पूर्व में यहां हॉल का निर्माण करवाया था। इस मौके पर कृष्णा माली, प्रेषिता परिहार, हर्षिता परिहार, अभिरिषी परिहार, ईश्वर माली, कृष्णा माली सहित परिवार के सदस्य व दरगाह सदर अब्दुल साबीर उर्फ कालूभाई, दरगाह मुजाविर रुस्तम शाह, नायब सदर इलियास खान नायक, वसीम कुरैशी, कोषाध्यक्ष अख्तर टांक, जावेद कुरैशी सहित दरगाह कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। उर्स में लगे बाजार में लोगों ने खरीददारी की। बच्चों ने झूले झूलने का आनंद लिया। रात्रि में दिल्ली से आए कव्वाल मेराज वारसी ने कव्वाली पेश की। लेकिन सरकारी गाइड लाइन और बारिश की वजह से रात्रि 11 बजे मेले का समापन कर दिया गया।

**दो बहनों ने माता-पिता की याद में चढ़ाया डेढ़ किलो चांदी का मुकुट**

## आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारी को की मॉक ड्रिल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** उपखंड प्रशासन के तत्वावधान में जिला चिकित्सालय में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया। तहसीलदार जितेंद्रसिंह ने मरीजों को आपातकालीन स्थिति से बचने के उपाय बताए। उपखंड अधिकारी दिनेश विश्नोई और अतिरिक्त जिला कलक्टर शैलेंद्रसिंह उपस्थित रहे। चिकित्सालय में लाइटों का उचित उपयोग और खिड़कियों पर पर्दों का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। अनावश्यक आवाजाही पर रोक लगाई गई। एंबुलेंस चालकों को हर समय तैनात रहने की हिदायत दी गई। चिकित्सकों को मोबाइल फोन चालू रखने और सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हितेन्द्र वागोरिया, डॉ राजदे और पुलिसकर्मी अशोककुमार भी मौजूद रहे। बाली कोट बालियान स्थित आइओसी का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। उपखंड अधिकारी ने आदेश जारी कर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान और संस्थाओं को रात 8.30 बजे से बंद करने का निर्देश दिया है। यह आदेश अगली सूचना तक प्रभावी रहेगा।

# इमरजेंसी को पांच करोड़ रुपए जारी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** भारत-पाक के बीच उपजे तनाव के तीसरे दिन बाड़मेर में 12 घंटे का ब्लैकआउट रहा। शाम के जैसे ही पांच बजे तो बाजार में व्यापारी दुकानें बंद कर व आमजन घर की ओर जाने लगे। इस वजह से पांच से 5.30 बजे तक शहर में सड़कें जाम रही। शुक्रवार शाम छह बजे से शनिवार सुबह छह बजे तक जिले में ब्लैकआउट रहा। अंधेरे में डूबे शहर में कर्फ्यू जैसे हालात रहे। सड़कों पर पसरा सन्नाटा और हर तरफ अंधेरा नजर आया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर राज्य सरकारों को निर्देश दिए है कि वे इमरजेंसी पॉवर इस्तेमाल कर सकती है। ऐसे में बाड़मेर कलेक्टर की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से शुक्रवार को कई कड़े कदम उठाए। ब्लैकआउट के दौरान रातभर सायरन की आवाज गूंजती रही। शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। शाम छह बजे के बाद शहर में सड़कें खाली हो गई, दुकानें बंद और सर्किलों पर पुलिस के अलावा कोई नजर नहीं आया। रात को बार-बार सायरन की आवाज बजने की वजह से लोग अलर्ट रहे और घरों की लाइटें बंद कर पूर्ण ब्लैकआउट में सहयोग किया।

### ▸▸ डिफेंस एरिया पांच किमी तक प्रतिबंधित



### ▸▸ बालोतरा जिले को पांच दमकल वाहन

**बालोतरा।** बालोतरा उपखंड अधिकारी अशोक कुमार के निर्देशानुसार फायर ब्रिगेड वाहनों को उपखंड सिणधरी, बायतु, सिवाना तथा कल्याणपुर में तैनात किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में शीघ्र राहत कार्य सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा एक वाहन को बालोतरा के फैक्ट्री एरिया तथा एक को शहरी क्षेत्र को दिया है।

### ▸▸ ब्लैकआउट के दौरान क्या करें-क्या नहीं

बाड़मेर रेट अलर्ट जोन में है, क्योंकि बॉर्डर के नजदीक होने के साथ ही पाकिस्तान की ओर से निशाने पर है। ऐसी स्थिति में यहां ब्लैकआउट के आदेश है। दरअसल ब्लैकआउट यानि युद्ध जैसी स्थिति में शहर की बिजली काट दी जाएं तो हम अंधेरे में कैसे सुरक्षित रहें। इसके लिए पहले से गहरे रंग के पर्दे लगाएं, खिड़कियों पर काला कपड़ा या कार्डबोर्ड लगाकर रोशनी बाहर जाने से रोकें। ड्रिल के समय सभी लाइट्स, टीवी, मोबाइल की स्क्रीन तक को ढक दें। मोमबत्ती या टॉर्च को खिड़की से दूर रखें। परिवार के साथ बिना रोशनी में रहने का अभ्यास करें।

### बाड़मेर को पांच करोड़ का फंड

युद्ध जैसे हालात के बीच राज्य सरकार ने बॉर्डर जिलों को इमरजेंसी सेवाओं के लिए पांच करोड़ रुपए का फंड जारी किया है। इसके लिए संबंधित जिलों के कलेक्टर को अधिकृत किया गया है, वे जरूरत के हिसाब से इस फंड का इस्तेमाल कर सकते है। बॉर्डर से सटे गांवों में नागरिकों की शिफ्टिंग, राशन-पानी के इंतजाम और अन्य जरूरी खरीद भी की जा सकती है। कलेक्टर टीना डाबी ने आदेश जारी कर स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटरों को आगामी आदेश तक बंद कर दिया है। किसी तरह के समारोह पर भी रोक रहेगी। इसके अलावा कलेक्टर ने सभी तरह के ड्रोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाते हुए नजदीक के थानों में जमा करने के निर्देश दिए है।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

▸▸ खेत के बाड़े से 40 कार्टन बरामद

▸▸ अणदाणियों की ढाणी में दबिश

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की धोरीमन्ना पुलिस ने पंजाब निर्मित 40 कार्टन अवैध शराब जब्त की है। वहीं एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शराब खेत में छिपाकर रखी थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से अवैध शराब को लेकर पूछताछ कर रही है।

### 40 कार्टन में 360 लीटर शराब

▪ पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि अणदाणियों की ढाणी माणकी गांव में बड़ी मात्रा में अवैध शराब मिल सकती है। पुलिस ने सूचना के अधार पर पपुराम पुत्र लाधुराम निवासी अणदाणियों की ढाणी में दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके खेत में बने बाड़े में



तिरपाल के नीचे अवैध शराब के 40 कार्टन मिले। जिसमें करीब 360 लीटर पंजाब निर्मित अवैध शराब थी। उन पर शिल्ड फोर सेल इन पंजाब लिखा हुआ था। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा। 40 कार्टन में से 25 कार्टन रॉयल चलैंजर विहस्की, 12 कार्टन मैजिक मूवमेंट व्हिसकी बोतलें भरी हैं। धोरीमन्ना थानाधिकारी बगड़ूराम ने बताया कि आरोपी पप्पूराम के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से अवैध शराब को लेकर पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में कॉन्स्टेबल मोहनलाल, सांगाराम और चंद्रप्रकाश शामिल रहे।

# जसोल के श्री राणी भटियाणी मंदिर की पहल

▪ केएनके नेचुरोपैथी कॉलेज से किया समझौता

▪ स्टूडेंट्स को मिलेगी 10 फीसदी की छूट



**बालोतरा।** श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्थान ने दिल्ली स्थित केएनके कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज के साथ समझौता किया है। इस समझौते के तहत बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले छात्रों को फीस में 10% की छूट मिलेगी। यह छूट विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने में मदद करेगी। श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान केवल धार्मिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है। संस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संस्थान ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में शिक्षा का प्रसार कर रहा है। छात्रवृत्तियां वितरित कर रहा है। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रहा है। साथ ही नैतिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार भी कर रहा है। 12वीं कक्षा में पीसीबी विषयों के साथ न्यूनतम 45 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र भी इस कोर्स में प्रवेश के पात्र हैं, जिससे अधिक से अधिक छात्रों को अवसर मिल सके। इस कोर्स के लिए आप अधिकृत मेल admission@knkcnys.com अथवा मोबाइल 8130772801 पर संपर्क कर सकते है। इस बारे में श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान समिति सदस्य कुं. हरिश्चंद्र सिंह जसोल ने कहा, "संस्थान का यह प्रयास इस सोच से प्रेरित है कि कोई भी छात्र केवल संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों से वंचित न रह जाए। डाक्टर बनने का सपना अब सिर्फ बड़े शहरों का विशेषाधिकार नहीं रहना चाहिए, बल्कि गांव-कस्बों के छात्रों को भी इस दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। हम चाहते हैं कि शिक्षा, सेवा और संस्कार के मूल्यों से प्रेरित होकर हर युवा सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दे।" संस्थान ने स्पष्ट किया है कि यह पहल सिर्फ एक छात्रवृत्ति योजना नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसमें शिक्षा को समाज की रीढ़ माना गया है। इसका उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसा मानवीय डाक्टर तैयार करना है जो समाज की सेवा को अपने कर्तव्य का हिस्सा समझे।

# केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का जैसलमेर दौरा



▪ रामदेवरा में समाधि के दर्शन

▪ बॉर्डर क्षेत्र का लेंगे जायजा

**रामदेवरा।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री और जोधपुर सांसद गजेंद्रसिंह शेखावत ने शनिवार सुबह सात बजे रामदेवरा का दौरा किया। उन्होंने लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। मुख्य पुजारी ने उन्हें विधिवत पूजा करवाई और बाबा की समाधि का पवित्र जल का आचमन करवाया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने पोकरण डिप्टी भवानी सिंह और एसडीएम लाखाराम से क्षेत्र के हालात की जानकारी ली। शेखावत का आज जैसलमेर में दौरा निर्धारित है। वे तनोट माता के दर्शन करेंगे और बॉर्डर क्षेत्र का जायजा लेंगे। साथ ही केंद्रीय मंत्री जैसलमेर में अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

# जैसलमेर में बढ़ी गर्मी ने किया परेशान



▪ उमस और तेज धूप, आंधी-बारिश के आसार

**जैसलमेर।** जैसलमेर में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गुरुवार रात को बदले मौसम के बाद हुई तेज बरसात के बाद शुक्रवार को उमस बढ़ गई थी। वहीं शनिवार को तेज धूप ने लोगों को परेशान किया। शनिवार को अलसुबह से तेज गर्मी रही। वहीं दोपहर होते ही गर्मी का असर तेज हो गया। लोगों को भीषण गर्मी और उमस ने परेशान किया। मौसम विभाग के अनुसार जैसलमेर जिले में अंधड़ व बारिश होने की संभावना है। कल से मौसम के साफ़ रहने की संभावना जताई गई है। आने वाले दिनों में गर्मी के बढ़ने की आशंका है। गर्मी के कारण लोग घरों से कम निकल रहे हैं। शहर के हनुमान चौराहे पर पसरा सन्नाटा। गौरतलब है कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से गुरुवार रात अचानक मौसम बदल गया था। तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई। जैसलमेर शहर व पोकरण समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं हल्की तो कहीं अच्छी बारिश हुई। जैसलमेर शहर में शुक्रवार सुबह 8.30 बजे तक 11.2 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश से तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार को उमस का असर बढ़ गया। हालांकि हल्के बादल दिनभर छाए रहे। दोपहर बाद हवाएं चलने लगीं। जैसलमेर जिले में गुरुवार रात हुई कई इलाकों में बारिश के बाद रात को तेज हवाएं चलने लगी जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। शुक्रवार को मौसम साफ रहा। वहीं शनिवार को भी मौसम साफ़ रहा और गर्मी का आलम बरकरार रहा। शनिवार को जिले में अंधड़ व बारिश होने की संभावना है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया की जिले में शनिवार को मौसम में बदलाव होगा जिससे जिले में तेज हवाओं के चलने व बरसात होने की संभावना है। जिले में रविवार से मौसम साफ रहने की संभावना है। और आने वाले दिनों में गर्मी का असर बढ़ने की आशंका है।

# गांधीधाम-जोधपुर के साथ अन्य तीन जोड़ी ट्रेनें रद्द

▸▸ बाड़मेर-मुनाबाव सहित कुल 11 गाड़ियां प्रभावित

**जोधपुर।** रेलवे ने मौजूदा परिस्थितियों, ब्लैकआउट और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर जोधपुर से बाड़मेर व जैसलमेर स्टेशनों के बीच चलने वाली ट्रेनों को कैंसल करने का फैसला किया है। इसके तहत शनिवार को जहां सात ट्रेनों को रद्द किया गया, वहीं चार प्रमुख ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि विशेष



परिस्थितियों, ब्लैकआउट और यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा जोधपुर मंडल से चलने वाली ट्रेनों को रद्द, आंशिक रद्द व रीशेड्यूल किया जा रहा है। ट्रेन संख्या 04879 बाड़मेर-मुनाबाव और ट्रेन संख्या 74839 भगत की कोठी-बाड़मेर शनिवार को रद्द रही। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04880 मुनाबाव-बाड़मेर, ट्रेन संख्या 054881/054882 मुनाबाव-मुनाबाव-बाड़मेर, ट्रेन संख्या 74840 बाड़मेर-भगत की कोठी और ट्रेन संख्या 74843 जैसलमेर-भगत की कोठी शनिवार को रद्द रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 22484 गांधीधाम-जोधपुर भी 10 मई को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 12467 जैसलमेर-जयपुर लीलण एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 14088 जैसलमेर-दिल्ली जंक्शन 10 मई को तथा ट्रेन संख्या 14661 बाड़मेर-जोधपुर 11 मई को आंशिक रूप से रद्द रहेगी। इस संबंध में यात्रियों से आग्रह है कि रेलवे की अधिकृत वेबसाइट पर तात्कालिक जानकारी ले सकते हैं।

# तेज धमाके के साथ बम को किया डिस्पोज

▪ सेना ने किया निष्क्रिय, जैसलमेर में हाई अलर्ट



**जैसलमेर।** जैसलमेर के किशनघाट इलाके के पास शुक्रवार को मिले एक जिंदा बम को भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते ने तेज धमाके के साथ निष्क्रिय किया। बम के डिस्पोजल के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह किशनघाट इलाके के पास स्थित नर्सरी के सामने जोगियों की बस्ती में लोगों को जमीन में आधा धंसा एक बम मिला। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और सेना ने इसको अपने कब्जे में लिया। देर शाम मौके पर पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने रिमोट और वायर की मदद से मौके से ही निष्क्रिय किया। प्रत्यक्षदर्शी अर्जुननाथ ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10.30 बजे किशनघाट इलाके में जोगियों की बस्ती में जमीन में धंसा एक बम जैसा कुछ नजर आया। हमने सरपंच के रिश्तेदार कल्याणराम को जानकारी दी। कल्याण राम ने कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। जानकारी देने के सतह ही सेना और पुलिस दोनों ही मौके पर पहुंचे और इलाके को सील किया। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात हुए पाकिस्तानी ड्रोन अटैक के बाद से सभी हाई अलर्ट पर है। हमले के दौरान देर रात आकर गिरा होगा। बाद में सेना के बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर इस इलाके को कब्जे में ले लिया। सेना ने दिन भर इलाके को सील किया और देर शाम भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते के साथ मिलकर डिस्पोज किया।

# स्लीपर बस में मादक पदार्थ की तस्करी




**जोधपुर।** जोधपुर में अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई में जुटी हुई है इसी को लेकर टीम ने एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खास बात यह है कि एनसीबी की टीम ने महज 24 घंटे में मादक पदार्थ को बेचने वाले से लेकर पूरी सप्लाई गैंग का खुलासा किया और पूरी टीम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कीहै। जानकारी देते हुए एनसीबी के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने शुक्रवार को जोधपुर से जैसलमेर जाने वाली स्लीपर बस में आठ किलो 400 ग्राम अफीम बरामद किया। इसमें एक युवक को पकड़ा गया। उससे पूछताछ में माल बेचने वाले और खरीदने वाले का पता चला।

इस पर टीम ने जैसलमेर जाकर मुख्य सप्लायर, माल रिसीवर और उसके चार सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। जबकि चितौड़गढ़ के सादड़ी में दबिश देकर टीम ने शनिवार सुबह मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। इसमें जोधपुर वेस्ट के डीसीपी राजर्षि राज वर्मा, जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी की टीम का भी सहयोग रहा।

## व्यापार जगत

# जंग की आग में जलेगा पाकिस्तान, अरबों रुपए कमाएगा चीन



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने चीन की डिफेंस इंडस्ट्री को शेयर बाज़ार में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हमले के बाद चीनी रक्षा कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। Avic Chengdu Aircraft Co. Ltd, जो पाकिस्तानी वायुसेना के लिए JF-17 थंडर और J-10 विगरस ड्रैगन फाइटर जेट बनाती है, उसके शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। गुरुवार को यह स्टॉक 20 फीसदी के अपर सर्किट पर पहुंच गया और CNY 83.20 पर बंद हुआ। जबकि सिर्फ पांच ट्रेडिंग सेशन्स में 43 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। इस तेजी के पीछे बड़ा कारण यही है कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ इन्हीं चीनी फाइटर जेट्स का इस्तेमाल कर रहा है।

### चीन-पाक डिफेंस कनेक्शन

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2020 से 2024 के बीच चीन के 60 फीसदी डिफेंस एक्सपोर्ट पाकिस्तान को गए हैं। इसका मतलब ये है कि बीजिंग, इस्लामाबाद का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बन चुका है और भारत से तनाव बढ़ते ही चीन की हथियार बनाने वाली कंपनियों को भारी मुनाफा हो रहा है।

### फाइटर जेट बनाने वाली कंपनियों ने मारी छलांग

पाहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव और गहराया, तब एविक चेंगदू के स्टॉक्स ने अचानक रफ्तार पकड़ ली। शुक्रवार को शेयर में 6.73 फीसदी की तेजी आई और यह 88.80 युआन तक पहुंच गया। जबकि गुरुवार को शेयर में 20.01 फीसदी और बुधवार को 17.05 फीसदी की तेजी दर्ज की गई थी।

### भारत की स्ट्राइक और चीन की मुनाफा कमाई

भारत सरकार ने बुधवार को घोषणा की थी कि उसने नौ आतंकवादी लॉन्चपैड्स पर सटीक हमले किए हैं, ये ठिकाने पाकिस्तान और पीओके में स्थित थे। यह हमला पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी।

भारत की इस कार्रवाई के बाद चीनी डिफेंस इंडस्ट्री में शेयर मार्केट में हलचल तेज हो गई। चीन की कई रक्षा कंपनियों के स्टॉक्स तेजी से चढ़े।

# अटल पेंशन योजना के 10 साल पूरे

▸▸ 210 रुपए में हर महीने मिलती पांच हजार की पेंशन




**नई दिल्ली।** अटल पेंशन योजना को 10 साल पूरे हो गए हैं। इस योजना की शुरुआत नौ मई 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। अटल पेंशन योजना के तहत 60 साल का होने पर हर महीने 1,000 से लेकर 5,000 रुपए की पेंशन मिलती है। रिटायरमेंट के बाद अपने लिए पेंशन इंतजाम करना चाहते हैं तो अटल पेंशन योजना आपके लिए सही ऑप्शन साबित हो सकता है। इस योजना के जरिए आप अपने बुढ़ापे को आर्थिक सुरक्षा दे सकते हैं। अटल पेंशन योजना के तहत 60 साल का होने पर हर महीने 1000 से लेकर 5000 रुपए की पेंशन मिलती है। इसमें 18 साल से 40 साल तक का व्यक्ति इसमें निवेश कर सकता है। कोई शख्स इस स्कीम को लेता है तो उसे कम से कम 20 साल निवेश करना होगा। इस योजना में निवेश के लिए आपके अमाउंट से कितना कटेगा यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप रिटायरमेंट के बाद कितनी पेंशन चाहते हैं। एक से पांच हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन लेने के लिए सब्स्क्राइबर को 42 से लेकर 210 रुपए प्रतिमाह तक भुगतान करना होगा। यह 18 साल की उम्र में स्कीम लेने पर होगा। यदि कोई सब्स्क्राइबर 40 साल की उम्र में स्कीम लेता है तो उसे 291 से लेकर 1,454 रुपए प्रतिमाह तक का कॉन्ट्रीब्यूशन करना होगा। सब्स्क्राइबर जितना ज्यादा कॉन्ट्रीब्यूशन करेगा, उसे रिटायरमेंट के बाद उतनी ही ज्यादा पेंशन मिलेगी।

## आप का राशिफल 11 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चितनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

# इस हफ्ते सोने-चांदी में तेजी

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार तीन मई को सोना 93,954 रुपए पर था, जो अब (10 मई) को 96,416 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,462 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 94,125 रुपए पर थी, जो अब 95,726 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 1,601 रुपए बढ़ी है।



### चार महानगरों में सोने की कीमत

- **दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,830 रुपए है।
- **मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,680 रुपए है।
- **कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 90,450 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 98,680 रुपए है।
- **चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,680 रुपए है।

इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# पैनासोनिक ने किया छंटनी का ऐलान




▪ 10000 लोगों की चली जाएगी नौकरी

**नई दिल्ली।** भारत-पाक टेंशन की बीच टेस्ला को बैटरी सप्लाई करने वाली जापानी इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज पैनासोनिक ने बड़ा ऐलान कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को दुनिया भर में 10,000 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की। यह कंपनी में काम करने वाले लगभग 230,000 कर्मचारियों का चार परसेंट है। कंपनी ने प्रॉफिट को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। पैनासोनिक ने कहा कि सभी ग्रुप कंपनियों का रिव्यू किया जाएगा, खासकर सेल्स और इनडायरेक्ट डिपार्टमेंट्स की। इसके अलावा, ऑर्गेनाइजेशन और स्टाफ की संख्या का भी रीवैल्यूएशन किया जाएगा। कंपनी का मकसद जापान में 5000 कर्मचारियों और बाकी दूसरे देशों से 5000 कर्मचारियों की नौकरी में कटौती करना है। हालांकि, इस दौरान कंपनी हर देश में लागू श्रम संबंधी नियम-कानूनों का पालन करेगी। कुकर से लेकर टीवी और फ्रीज जैसे तमाम इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेज बनाने वाली कंपनी आज घर-घर में एक जाना-पहचाना नाम है। ओसाका बेस्ड यह कंपनी एलन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनी टेस्ला के लिए बैटरी का प्रमुख सप्लायर है। कंपनी हाउसिंग, एनर्जी और ऑटो सेक्टर्स से भी जुड़ी हुई है। पैनासोनिक ने फरवरी में कंपनी में कई स्ट्रक्चरल इश्यूज को हल करने के लिए एक मैनेजमेंट रीफॉर्म प्रोग्राम का आउटलाइन तैयार किया है। शुक्रवार को कंपनी ने कहा, इस रीफॉर्म प्रोग्राम के जरिए कंपनी का लक्ष्य कम से कम 150 बिलियन येन (एक बिलियन डॉलर) तक अपना मुनाफा बढ़ाना है। शुक्रवार को जारी अपनी पूरे साल की इनकम रिपोर्ट में पैनासोनिक ने इस साल प्रॉफिट में 15 परसेंट की गिरावट और बिक्री में आठ परसेंट की गिरावट का अनुमान लगाया है। पैनासोनिक होल्डिंग्स के सीईओ युकी कुसुमी ने जापान के निक्केई न्यूजपेपर को अप्रैल में दिए एक इंटरव्यू में कहा था, "दूसरी कंपनियों के मुकाबले बेहतर परफॉर्मेंस करने के लिए कर्मचारियों की छंटनी जरूरी है।"

# फेस पेंटिंग, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



>> अंतरराष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह के तहत हुआ आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों के मध्य फेस पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान फेस पेंटिंग से चेहरे पर रंगों के माध्यम से सुंदर संदेश दिया गया। स्टूडेंट्स की प्रतिभा को उजागर करने के लिए सामाजिक संदेश पर आधारित ऐक्टिविटीज करवाई गई।



फेस पेंटिंग कॉम्पीटिशन में प्रतिभागियों की अनूठी सोच... चेहरा नहीं-मैसेज देखिए... के अंतर्गत भारतीय सेना के शौर्य को सलाम ऑपरेशन सिंदूर, नारी सशक्तिकरण, उत्पीड़न के खिलाफ खामोशी तोड़ने एवं देशभक्ति आजादी के साथ, लैंगिक समानता और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया गया। उनकी ये िएटिविटी बताती हैं कि अपने आस पास की घटनाओं और परिस्थितियों को लेकर युवा कितने सजग और चिंतित हैं। विद्यार्थियों को अपना विजन, कल्पना और सोच दिखाने का मौका मिला। इस दौरान आर्टिस्ट ने सर्ि यता से अपना हुनर चेहरे पर बिखेर दिया। प्रतिभागियों ने एक डेढ़ घंटे आंखें बंद कर बैठने से पहले आर्टिस्ट के साथ थीम पर चर्चा कर कलर प्लानिंग तय की। आर्टिस्ट की सोच जब चेहरे पर उतरी तो जजेज, विजिटर्स और विद्यार्थी सभी हैरान रह गए। एक्टिविटीज प्रभारी नर्सिंग फैकल्टी डिम्पल गर्ग ने बताया कि मेहंदी और रंगोली के माध्यम से सेव गर्ल्स का मैसेज देने के साथ अरेबीक, ब्राइडल, बूटे सहित कई आर्ट बनाई। फेस कम्पीटीशन में दस प्रतिभागियों की पांच टीमे शामिल थी। हर टीम ने िएटिविटी और कलर डिजाइन से मैसेज देकर अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। इस दौरान नर्सिंग फैकल्टी मोहनसिंह गुर्जर, यशवंत पुंसल, सुरेश गर्ग, भूपेन्द्रकुमार सहित समस्त फैकल्टी और प्रशिक्षणार्थियों का सहयोग रहा।

# जिला कलक्टर ने किया चितलवाना क्षेत्र का निरीक्षण

## ब्लॉकस्तरीय अधिकारियों की ली बैठक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर/सांचौर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शनिवार को चितलवाना क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने उपखंड कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आपातकालीन स्थिति में मुस्तैदी के साथ कार्य कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री की उपलब्धता एवं सुचारू पेयजल व्यवस्था तथा आपातकाल की स्थिति में वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था यथा-टैंकर आदि के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर सांचौर दौलतराम चौधरी सहित डिस्कॉम, पीएचइडी, पंचायतराज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएचसी का निरीक्षण किया

जिला कलक्टर डॉ. गावंडे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितलवाना का निरीक्षण कर आपातकालीन स्थितियों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रखने, पर्याप्त मात्रा में जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा चिकित्साधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

# चिकित्सक से मारपीट पर किया कार्य का बहिष्कार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** सरकारी अस्पताल में शनिवार सवेरे एक युवक ने उसकी दादी की दवा लिखवाने की बात को लेकर सरकारी चिकित्सक के साथ मारपीट कर ली। पुलिस के अनुसार युवक उसके दादी की दवा लिखवाने आया था। इस पर डॉ शंकरलाल रोलानिया ने मरीज को साथ लाने को कहा। युवक ने सिर्फ पर्ची पर दवा लिखने की जिद की। इस पर चिकित्सक ने मना कर दिया। इससे आवेश में आकर युवक ने चिकित्सक का गला पकड़ लिया और मारपीट की। चिकित्सक के गले और सिर पर नाखूनों के निशान भी पड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। थानाधिकारी दीपसिंह चौहान ने बताया कि युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उधर घटना के विरोध में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने काम बंद कर थाने का रुख किया। इससे अस्पताल में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में इस तरह का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी अस्पताल में मरीजों के परिजनों और स्टाफ के बीच झड़प हो चुकी है। अस्पताल में सुरक्षा गार्ड नहीं होने से स्टाफ खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। बीसीएमओ डॉ. गणपतलाल चौधरी ने कहा कि अस्पताल में वार्ड बॉय मौजूद रहते हैं। उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।

# फर्स्ट एड और सीपीआर का दिया प्रशिक्षण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** पुलिस थाने में शनिवार को विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बीसीएम डॉ. गणपतलाल चौधरी, डॉ. शंकरलाल रोलानिया और डॉ. जितेंद्रकुमार मीणा ने पुलिसकर्मियों को फर्स्ट एड और सीपीआर की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी। बीसीएमओ डॉ. गणपतलाल ने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राथमिक चिकित्सा का मुख्य उद्देश्य चोट या बीमारी की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करना है। यह चिकित्सा सहायता पहुंचने तक मरीज की स्थिति को स्थिर रखने में मदद करती है। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत फर्स्ट एड बॉक्स एवं सीपीआर के बारे में जानकारी दी। वहीं आपातकाल स्थिती किसी भी मरीज की जान कैसे बचाई जाए जिसमें सीपीआर, सांस, आक्सीजन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। थानाधिकारी दीपसिंह चौहान ने भी सभी को उचित प्रबंधन की बात कही।



**रामसीन।** भारत-पाक के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्कता और मुस्तैदी के साथ अर्लट मोड पर है। शनिवार को थाना परिसर में प्रशासन, स्काउट, स्कूली बच्चों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों की उपस्थिति में विशेष सार्वजनिक बैठक और बचाव डेमो का आयोजन किया गया। बैठक में आपातकाल की स्थिति में बचाव और प्राथमिक उपचार के तरीके विस्तार से बताए गए। तहसीलदार नीरजा कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में हर नागरिक को देशहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर चल रही किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही कोई भ्रामक जानकारी साझा करें। थानाधिकारी तेजूसिंह ने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, सामग्री या गतिविधि की जानकारी तुरंत थाना या बीट प्रभारी को दें। ड्रोन कैमरों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने और उनके संचालन पर रोक की सख्ती से पालना जरूरी है। उन डेमो के माध्यम से घावों की पट्टी, जलने की स्थिति में फस्टएड, रक्तस्राव रोकने के उपाय, बेहोशी की स्थिति में सीपीआर देने की तकनीक और फ्रैक्चर की स्थिति में अस्थाई स्प्लिंट लगाने जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं समझाई गई। इस दौरान इएमटी अभिषेक सोलंकी और 108 एंबुलेंस के पायलट रविसिंह भी मौजूद रहे। जिन्होंने आपात स्थिति में 108 की सहायता प्रक्रिया की जानकारी साझा की।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की धरती सदैव पूजनीय, सरकार जन कल्याण को कटिबद्ध : दिलावर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** शिक्षा एवं पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को कंकुबाई-सोहनलाल धाकड़ की स्मृति में मंगल चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से 15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिशोदा के नवीन, भव्य, आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबनेट मंत्री महेंद्र सिंह, नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह मेवाड़ राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, समाजसेवी जगदीश पालीवाल, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक सहित विद्यालय निर्माण के सूत्रधार धाकड़ परिवार के सोहनलाल, मेघराज, अजित, हार्दिक, आरव धाकड़, भाविका, डीइओ राजेन्द्र गग्गड़, डीइओ माध्यमिक नूतन प्रकाश जोशी, एडीपीसी घनश्याम गौड़ सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, शिक्षक आदि भी मौजूद रहे।





शिक्षा एवं पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि वे इस विद्यालय का नाम कंकुबाई-सोहनलाल धाकड़ राउमावि शिशोदा करने की घोषणा करते हैं। उन्होंने इससे भव्यतम भवन पहले नहीं देखा। यहां विज्ञान, गणित, कृषि विज्ञान सहित आधुनिक विषय पढ़ने की सुविधा होगी, सरकार यहां अधिकतम सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करेंगी जिससे यहां के बच्चे पढ़-लिख कर खूब आगे बढ़ें। न सिर्फ अध्ययन, बल्कि यहां खेल क्षेत्र के उत्थान को लेकर भी हम प्रतिबद्ध रहेंगे। महाराणा प्रताप की यह धरती सदैव पूजनीय है, सरकार यहां सर्वांगीण कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद महिमा कुमारी ने कहा कि मेघराज धाकड़ अपनी जड़ों को नहीं भूले, मुंबई जाने के बावजूद अपने गांव से जुड़े रहे और आज यहां इतना भव्य विद्यालय बनाया। चारों धाम से भी बड़ा माता-पिता का सम्मान है। जिस परिवार ने यह विद्यालय बनाया है वह हमारे लिए बेहद सम्मानीय है। मेवाड़ की यह भूमि संघर्ष और त्याग की भूमि है। उन्होंने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि मेवाड़ की जनता के सेवा का सुअवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि वे बाणमाता और एकलिंगजी से प्रार्थना करती हैं कि इस विद्यालय से अध्ययन पूर्ण कर निकलने वाले बच्चे देश का विश्वभर में नाम रोशन करें। सांसद ने अपील करते हुए कहा कि आज की परिस्थिति में हम सरकार द्वारा जारी गाइड-लाइन का पालन करें तथा मिलजुल कर रहें। राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रभु के जयकारों के साथ अपने उदभोदन की शुरुआत करते हुए कहा कि शिशोदा ग्राम में आज त्यौहार का माहौल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अधिकतम विकास हेतु प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि मेघराज धाकड़ और उनके परिवार ने 'लीड बाय एग्जाम्पल' प्रस्तुत किया है। नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि ग्राम शिशोदा में निर्मित ऐसा विद्यालय शायद ही प्रदेश में कहीं होगा। मेघराज धाकड़ और उनके परिवार ने साबित किया है कि ठान लें तो कुछ असंभव नहीं। सरकार का शिक्षा पर पूरा जोर है। विधायक ने बताया कि डीएमएफटी फंड के माध्यम से खमनोर ब्लॉक के 40 विद्यालयों में गणित प्रयोगशाला की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्हें यह बताते हुए खुशी है कि इनमें से एक गणित प्रयोगशाला इस विद्यालय में भी बनेगी। नई पीढ़ी को शिक्षा के साथ नैतिकता सिखाना भी जरूरी है।

### संस्कृत विद्यालय का लोकार्पण

इसके पश्चात शिक्षा मंत्री ने पीपरड़ा पंचायत के शंकरपुरा में 37.68 लाख की लागत से निर्मित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय का लोकार्पण भी किया। इस दौरान विधायक दीप्ति माहेश्वरी मौजूद रही। यहां भी शिक्षा मंत्री ने प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अधिकतम उत्थान का अपना संकल्प दोहाराया। उन्होंने गरिमामय आतिथ्य के लिए जिले का आभार व्यक्त किया।

# आशापुरा माता मंदिर का वार्षिकोत्सव सम्पन्न





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** वलदरा के चौहान प्रजापत समाज की ओर से आशापुरा माता मंदिर का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। विपुल प्रजापत व जितेन्द्र प्रजापत ने बताया कि रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया। दूसरे दिन दिनभर धार्मिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान मंदिर को आकर्षक फूल मालाओं और रोशनी से सजाया गया। इस दौरान पूराराम प्रजापत, छोगालाल, चुन्नीलाल, हसमुख, नटवरलाल, दौलाराम, जयंतीलाल, अमृतलाल, दिनेशकुमार, जयेश डॉ कुणाल, नगाराम, मंछालाल, हीरालाल, मोहनलाल, निलेश, प्रकाश, मगनलाल, गीमाराम, दुर्गेशकुमार, बाबूलाल, गणेशराम एवं लक्ष्मणराम आदि मौजूद रहे।

## खिवांदी में घांची समाज की बैठक आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** सताविया पारा क्षत्रिय घांची समाज सेवा संस्थान बांकली की जनरल बैठक 11 मई को घांची समाज भवन खिवांदी में आयोजित की जाएगी। सुबह 10 बजे शुरू होने वाली बैठक की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष भंवरलाल परमार करेंगे। बैठक में समाज सुधार और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। जरूरी निर्णय लिए जाएंगे। सताविया पारा के सभी पंचगण और समाज के लोग बैठक में शामिल होंगे।

## भजन संध्या आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** स्थानीय क्षेमंकरी माता मंदिर मार्ग स्थित आशापुरी माता व खेतलाजी मंदिर में रविवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। घांची वगताराम प्रतापाराम परिवार द्वारा आयोजित भजन संध्या में ख्यातिनाम कलाकारों की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

## वार्षिकोत्सव का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** कुम्हारवाडा में शनिवार को श्रीयादे माता मंदिर का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। हवन एवं सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। समारोह में माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक ने भाग लिया। दोपहर में भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। इसके बाद सत्यनारायण महिला मंडली एवं सरिया देवी महिला मंडली के बीच भजन की प्रतिस्पर्धा रखी गई। शाम को महाआरती का आयोजन किया गया।

# लोक अदालत में हुआ वैवाहिक और मोटर दुर्घटना समेत कई मामलों का निपटारा

जागरूक टाइम्स संवाददाता




**बाली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देश पर शनिवार को बाली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस लोक अदालत में दो बेंच का गठन किया गया। पहली बैंच की अध्यक्षता अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सत्येंद्र प्रकाश चोटिया ने एवं दूसरी बेंच की अध्यक्षता सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय कुमार बाकोलिया ने की। दोनों बेंच ने बाली तालुका के विभिन्न न्यायालयों के प्रकरणों में पक्षकारों के बीच समझौता कराया। सत्येंद्र प्रकाश चोटिया की अध्यक्षता वाली बेंच ने वैवाहिक विवाद और मोटर दुर्घटना से जुड़े मामलों का निपटारा किया। सभी मामलों में पक्षकारों के बीच सफल समझौता हुआ। लोक अदालत को सफल बनाने में तहसीलदार जितेंद्रसिंह, पैनल अधिवक्ता धीरजकुमार और कैलाशकुमार समेत बाली तालुका के कई अधिवक्ताओं ने योगदान दिया।

## हर्षोल्लास से मनाई खीमावत की 13वीं पुण्यतिथि

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रानी।** राज राजेन्द्र बसंतीदेवी किशोरमल वी खीमावत चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व पर्यावरण प्रेमी किशोरमल खीमावत की 13वीं पुण्यतिथि रानी सहित आस पास के क्षेत्र में श्रद्धा के साथ मनाई गई। ट्रस्ट के व्यवस्थापक रंजीत ढालावत ने बताया कि पुण्यतिथि पर खीमावत सर्किल पर किशोर खीमावत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। रानी, खिमेल, फालना, नाडोल देसूरी, स्थित गोशालाओं में गौवंश के लिए गुड़ व हरे चारे का वितरण किया गया। हरीश भाटी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



# कोहली भी टेस्ट को कहेंगे अलविदा?

## बीसीसीआई ने फैसले पर विचार करने को कहा,मनाने में जुटी

**नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का मन बना लिया है। रिपोर्ट की मानें तो स्टार क्रिकेटर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले ही इस फॉर्मेट से रिटायरमेंट की घोषणा कर देंगे। हाल ही में रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर फैंस को झटका दिया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं, लेकिन शीर्ष अधिकारियों ने उनसे इस फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है।**

### शानदार फॉर्म में चल रहे विराट कोहली

इस समय विराट कोहली शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं। आईपीएल 2025 में आरसीबी के स्टार बल्लेबाज ने 500 से अधिक रन बनाए हैं। आईपीएल 2025 में भी कोहली ऑरेंज कैप की रेस में चौथे नंबर पर हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि कहीं विराट कोहली टेस्ट से रिटायरमेंट लेने में जल्दी तो नहीं कर रहे हैं? हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए सीरीज में वो बुरी तरह से संघर्ष करते दिखे थे। सबसे बड़ी दिक्कत ये थी कि विराट कोहली लगातार एक ही तरीके से आउट हो रहे थे।

### विराट कोहली का टेस्ट करियर

विराट कोहली की गिनती दुनिया के टॉप बल्लेबाजों में होती है। स्टार खिलाड़ी ने 2011 में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया था। क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में कोहली ने अब तक 123 मैच खेले हैं और 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक जड़े हैं। बता दें कि अगर विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे तो इंग्लैंड सीरीज से पहले फैंस के लिए ये डबल झटका होगा। इससे पहले रोहित शर्मा ने इस फॉर्मेट से रिटायर होने का फैसला लिया।

### एक्शन मोड में बीसीसीआई

अब बीसीसीआई एक्शन मोड में है। बोर्ड विराट कोहली से कथित फैसले को लेकर चर्चा कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय क्रिकेट में एक बेहद प्रभावशाली व्यक्ति को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वो कोहली को टेस्ट फॉर्मेट में बने रहने के लिए मनाएं। कोहली के साथ ये मीटिंग टेस्ट टीम के सेलेक्शन से ठीक पहले होने की उम्मीद है। टेस्ट टीम का ऐलान 23 मई (शुक्रवार) को संभावित है। सेलेक्शन पैनल की बैठक कहां होगी, ये अभी तय नहीं हुआ है। बीसीसीआई ने नए टेस्ट कप्तान का ऐलान करने लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की भी योजना बनाई है। बता दें कि रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट करियर से संन्यास ले लिया था। बीसीसीआई विराट कोहली को मनाने में सफल होगी या नहीं, यह अनुमान लगाना अभी मुश्किल है। इस बात की उम्मीद है कि कोहली से बात करने के लिए चुना गया व्यक्ति कुछ हद तक उनपर प्रभाव डाल सकता है।

# बीसीसीआई को तगड़ा झटका

## आईपीएल मैच रद्द होने से प्रति मैच 125 करोड़ का लग रहा फटका




नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच आईपीएल हफ्ते भर के लिए स्थगित हो चुका है। बीसीसीआई ने साफ कहा है कि जब देश युद्ध में हो तो क्रिकेट अच्छा नहीं लगता। हालांकि एक तथ्य यह भी है कि आईपीएल के स्थगित होने से बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा है। यह झटका सिर्फ बीसीसीआई या आईपीएल ही नहीं, बल्कि इससे जुड़े तमाम लोगों को नुकसान हुआ है। इसमें तमाम वेंडर्स, आईपीएल मैच वाले शहरों और अन्य कई छोटे-बड़े व्यापारी भी शामिल हैं। गौरतलब है कि अभी आईपीएल के 16 मैच बाकी हैं, जिनमें चार प्लेऑफ के मैच भी शामिल हैं। हालांकि देश जिन हालात से गुजर रहा है, उसके सामने किसी भी नुकसान की कोई वैल्यू नहीं है। इसके बावजूद अनुमान के मुताबिक आईपीएल के इस तरह से स्थगित होने से बीसीसीआई को प्रति मैच तकरीबन 100 से 125 करोड़ रुपए का फटका लग सकता है।

### विदेशी खिलाड़ियों व स्टाफ की चिंता

▪ वैसे तो आईपीएल गवर्निंग काउंसिल पूरी कोशिश में है आईपीएल को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। हालांकि फिर से शुरू होने के बाद आईपीएल किस तरह से आगे बढ़ेगा यह देखने वाली बात होगी। इसकी वजह यह है कि सभी फ्रेंचाइजियों में विदेशी खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ की संख्या काफी ज्यादा है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद से ही सभी विदेशी खिलाड़ी अपने देश लौटने लगे हैं। हालांकि इनमें से तमाम खिलाड़ी बोर्ड पर काफी ज्यादा भरोसा है। ऐसे में अगर उनकी नेशनल ड्यूटी आड़े नहीं आती है तो वह आईपीएल के बचे हुए मैचों के लिए भारत जरूर लौटना चाहेंगे। गौरतलब है कि बीसीसीआई की पहली प्राथमिकता मई में ही आईपीएल को पूरा कराने पर है। अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर भारत के पास अगस्त और सितंबर की विंडो है। हालांकि इसके लिए भारत के बांग्लादेश टूर और टी-20 एशिया कप का कार्यक्रम रद्द करना पड़ सकता है।

### आईपीएल पूरी तरह रद्द हो गया तो...

▪ एक आशंका यह भी है कि अगर हालात नियंत्रण में नहीं आए और आईपीएल 2025 पूरी तरह से रद्द हो गया तो क्या होगा? ऐसी स्थिति में अनुमान के मुताबिक मेजबान प्रसारकों को अनुमानित 5,500 करोड़ के विज्ञापन राजस्व का एक तिहाई से अधिक छोड़ना पड़ेगा। सभी दसों फ्रेंचाइजी पर भी इसका असर होगा। इसमें भी जो आईपीएल के सेंट्रल रेवेन्यू पूल पर निर्भर हैं, जिसमें ब्रॉडकास्ट और स्पांसरशिप राइट्स हैं, उन्हें ज्यादा चपत लगेगी। इसके अलावा गेट कलेक्शन का मामला भी है। चार प्लेऑफ मैचों का गेट कलेक्शन आईपीएल/बीसीसीआई की प्रॉपर्टी होगा, वहीं सात होम लीग मैचों के गेट कलेक्शन का पैसा उस शहर की फेंचाइजी के पास जाना है। इसमें आरसीबी के होम ग्राउंड पर दो मैच होने हैं। इसके मैच टिकट की फीस अन्य जगहों के मुकाबले महंगे हैं। ऐसे में आईपीएल थमने का असर सिर्फ आरसीबी के प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि उनकी जेब पर भी होगा।

# इसलिए रोहित शर्मा ने लिया संन्यास

▪ वीरेंद्र सहवाग ने बताई वजह कहा, शायद उनकी छिन जाती कप्तानी



नई दिल्ली। रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सबको हैरान कर दिया। रोहित के रिटायरमेंट पर पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने बड़ा बयान दिया है। जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था तब कप्तान रोहित शर्मा की आलोचना हुई थी। उनका बल्ला बिल्कुल खामोश था और यही वजह थी कि उन्होंने खुद को सिडनी में हुए आखिरी टेस्ट में प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप कर लिया था। हालांकि, कयास था कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में रोहित ही टीम की कप्तानी करेंगे। सहवाग ने कहा कि हो सकता में रोहित को टीम से बाहर कर दिया जाता या कप्तानी चली जाती और शायद इसलिए उन्होंने टेस्ट से रिटायरमेंट लेने का फैसला किया।

### रोहित के रिटायरमेंट पर सहवाग का बयान

सहवाग ने कहा, ''यह आश्चर्यजनक है, क्योंकि मैंने भी ऐसी बातें सुनी थीं- जैसे कि वो इंग्लैंड दौरे की तैयारी कैसे कर रहे थे, या ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जब उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच नहीं खेला था, तब भी उन्होंने इंटरव्यू में कहा कि मैं कहीं नहीं जा रहा, मैं यहीं हूं। ऐसा नहीं लगा था कि वो संन्यास के बारे में सोच रहे हैं।''

# न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ने पाक की उतारी इज्जत




नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के तनाव के बीच पाकिस्तान में खेले जा रहे पीएसएल के विदेशी खिलाड़ी जल्द पाकिस्तान छोड़ अपने देश रवाना होना चाहते हैं। इस बीच न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी डेरिल मिशेल एक बयान दे दिया जिससे पाकिस्तान की इज्जत तार-तार हो गई। डेरिल मिशेल ने कसम खाते हुए कहा कि अब वे कभी पाकिस्तान नहीं आना चाहेंगे।

**▸▸ डेरिल मिशेल ने कहा, अब वे कभी पाकिस्तान नहीं आएंगे**

### पीएसएल एक हफ्ते के लिए पोस्टपोन

▪ पीएसएल के मैच जिन स्टेडियम में खेले जा रहे थे उनमें से रावलपिंडी स्टेडियम पर ड्रोन हमला हुआ था, जिसके बाद 8 मई को होने वाले मैच को रद्द कर दिया था।

### दुबई शिफ्ट किया

▪ पीएसएल खेल रहे विदेशी खिलाड़ी काफी दहशत में हैं। जिसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सभी विदेशी खिलाड़ियों को दुबई शिफ्ट कर दिया।

### मिशेल ने खाई कसम

▪ पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी जो इस वक्त पीएसएल का हिस्सा हैं, उन्होंने कसम खाई है कि वे कम से कम इन दिनों में तो पाकिस्तान नहीं लौटेंगे। मिशेल पीएसएल 2025 में लाहौर कलंदर्स की ओर से खेल रहे थे। डेरिल मिशेल ने कसम खाई कि जब तक पाक भारत के तनाव कम नहीं हो जाते तब तक वो पाक नहीं लौटेंगे।

# पाकिस्तान को यूएई ने दिखाया ठेंगा

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी बचे मैचों को दुबई में शिफ्ट करने का फैसला किया था। लेकिन अब यूएई ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दे दिया है। यूएई ने पाकिस्तान सुपर लीग की मेजबानी से इनकार कर दिया है। अब पीएसएल के बाकी मैच दुबई में नहीं खेले जाएंगे। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 8 मई, को आपातकालीन बैठक के बाद लीग को दुबई में शिफ्ट करने का फैसला लिया था। इस बैठक में फ्रेंचाइजी मालिक और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया था। पीसीबी ने पीएसएल को शिफ्ट करने का फैसला रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम सहित कई पाकिस्तानी शहरों पर हुए भारतीय ड्रोन हमलों के बाद लिया था। भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद पारिस्तान में डर का माहौल है।

# मनोरंजन





## 'ऑपरेशन सिंदूर' बनने से पहले डायरेक्टर ने मांगी माफी

बीते कुछ दिनों से ऐसी खबरें आ रही हैं कि बॉलीवुड में ऑपरेशन सिंदूर टाइटल रजिस्टर करवाने के लिए होड़ मची हुई है। कई सितारे इससे जुड़े टाइटल पाने की होड़ में लगे हुए हैं। 2 दिन में टाइटल रजिस्ट्रेशन के लिए 50 से ज्यादा आवेदन दिए गए हैं। इन सबके बीच 9 मई को ऑपरेशन सिंदूर पर एक फिल्म का ऐलान हो भी गया है। हालांकि, अब उस फिल्म के डायरेक्टर ने माफी मांगी है। फिल्म को उत्तम महेश्वरी और नितिन कुमार गुप्ता डायरेक्ट करने वाले हैं। इस फिल्म का ऐलान भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के समय किया गया। ऐसे में लोगों ने मेकर्स को ट्रोल करना शुरू कर दिया, जिसके बाद उत्तम ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा।

उत्तम महेश्वरी ने लिखा, "ऑपरेशन सिंदूर पर हाल ही में अनाउंस की गई फिल्म के लिए मैं तहे दिल से माफी मांगता हूं, जो भारतीय सशस्त्र बलों के हाल ही में की गई बहादुरी से भरे प्रयासों से प्रेरित है। मेरा मकसद किसी को दुख पहुंचाना या किसी की भावनाएं आहत करना नहीं था।"उन्होंने आगे लिखा, "एक फिल्ममेकर के तौर मैं हमारे जवानों के साहस, बलिदान और शक्ति से काफी प्रभावित हुआ हूं और इस मजबूत कहानी को सबके सामने पेश करना चाह रहा हूं। फेम या पैसा कमाने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए गहरे सम्मान के साथ ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ है। हालांकि, मैं समझता हूं कि समय और संवेदनशीलता की वजह से कई लोगों को गलत लग सकता है, उस चीज के लिए मुझे दुख है।"उत्तम महेश्वरी ने ये भी कहा कि ये सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि इमोशन है, जो पूरी दुनिया के लिए हमारे देश की सामाजिक छवि है।

## 'भूल चूक माफ' के मेकर्स को 60 करोड़ का नोटिस

### ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने पर भड़के पीवीआर सीईओ




बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी। हालांकि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए मेकर्स ने फिल्म की थिएट्रिकल रिलीज टाल दी। जिसके बाद 'भूल चूक माफ' को डायरेक्ट ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज करने का फैसला लिया। लेकिन मेकर्स का ये फैसला पीवीआर को नागवार गुजरा। पीवीआर के सीईओ कमल ज्ञानचंदानी ने नुकसान का दावा किया है। उनके मुताबिक 'भूल चूक माफ' के मेकर्स के फिल्म को बड़े पर्दे पर ना लाने के फैसले के चलते पीवीआर को भारी नुकसान हुआ है। मैडॉक फिल्म्स पर आरोप है कि 'भूल चूक माफ' के बॉक्स ऑफिस पर ना चलने के डर से प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म को बड़े पर्दे पर ना रिलीज करने का फैसला लिया। ऐसे में पीवीआर ने प्रोडक्शन हाउस पर 60 करोड़ रुपए का मुकदमा किया है। पीवीआर ने बॉम्बे हाई कोर्ट में अपना मामला पेश किया है। मामला गंभीर हो गया क्योंकि सभी कॉन्ट्रैक्ट पर साइन हो चुके थे और फिर अचानक मैडॉक पीछे हट गया। इसलिए ये कॉन्ट्रैक्ट ऑफ ब्रीच का मामला है।' बता दें कि 'भूल चूक माफ' के प्रोडक्शन हाउस ने मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म के थिएटर में ना रिलीज होने की जानकारी दी थी। पोस्ट में लिखा था- 'हाल की घटनाओं और पूरे देश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर, हमने मैडॉक फिल्म्स और अमेजॉन एमजीएम स्टूडियोज में अपने फैमिली एंटरटेनर, 'भूल चूक माफ' को 16 मई को सीधे आपके घरों में लाने का फैसला किया है। सिर्फ प्राइम वीडियो पर, दुनिया भर में। जबकि हम सिनेमाघरों में आपके साथ इस फिल्म का जश्न मनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन राष्ट्र की भावना पहले आती है। जय हिंद।'

## दोस्ताना 2: श्रीलीला करेंगी जाह्नवी को रिप्लेस



कार्तिक आर्यन, जाह्नवी कपूर और नए एक्टर लक्ष्य को लेकर जब करण जौहर ने दोस्ताना 2 की घोषणा की थी, तब यह फिल्म काफी चर्चा में थी। लेकिन कुछ विवादों और रचनात्मक मतभेदों के कारण यह प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया था।

अब खबरें हैं कि यह बहुप्रतीक्षित फिल्म दोबारा शुरू होने जा रही है, लेकिन इस बार पूरी तरह नए कास्ट और डायरेक्टर के साथ।एक रिपोर्ट के मुताबिक, साउथ की मशहूर एक्ट्रेस श्रीलीला, जो फिलहाल कार्तिक आर्यन के साथ अनुराग बसु की रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाली हैं, अब दोस्ताना 2 में जाह्नवी कपूर की जगह ले सकती हैं। सूत्रों के अनुसार, निर्माता अब ऐसी कास्टिंग करना चाहते हैं जिन्होंने पहले स्क्रीन शेयर न किया हो, ताकि दर्शकों को एक नया अनुभव मिल सके। श्रीलीला और उनके को-स्टार्स के बीच की केमिस्ट्री देखना दिलचस्प होगा।

पहले जहां कार्तिक आर्यन इस फिल्म का हिस्सा थे, अब रिपोर्ट्स के अनुसार छपाक और 12 वीं फेल जैसे फिल्मों से प्रशंसा बटोरने वाले विक्रांत मैसी को इस फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए फाइनल किया जा रहा है। साथ ही, लक्ष्य को पहले की तरह ही फिल्म में बरकरार रखा गया है। यह कास्टिंग का नया कॉम्बिनेशन दर्शकों को ताजगी दे सकता है। पहले इस फिल्म को कॉलिन डी'कुन्हा डायरेक्ट करने वाले थे, लेकिन अब रिपोर्ट्स का कहना है कि अद्वैत चंदन इस प्रोजेक्ट को सम्भाल सकते हैं।



## सीआईडी 2 को अलविदा कहेंगे पार्थ

सीआईडी 2 में एसीपी आयुष्मान का किरदार निभाने वाले टीवी एक्टर पार्थ समथान जल्द ही शो को अलविदा कहने वाले हैं। पार्थ ने एक महीने पहले ही शो में एंट्री ली थी। शो में शिवाजी साटम के किरदार एसीपी प्रद्युमन की मौत के बाद पार्थ की एंट्री हुई थी। अब शिवाजी साटम की फिर से शो में एंट्री हो गई है। उनकी एंट्री के बाद अब पार्थ शो को अलविदा कहेंगे। पार्थ ने खुद इस बात को कंफर्म किया है। पार्थ ने कहा, "सीआईडी जैसे कल्ट शो का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात है, भले ही वो थोड़े समय के लिए ही क्यों ना हो। मैं केवल कुछ एपिसोड्स के लिए ही शो में शामिल हुआ था, गेस्ट अपीयरेंस, लेकिन बाद में अवधि को कुछ महीनों के लिए बढ़ा दिया गया।"पार्थ ने बताया कि वर्क कमिटमेंट्स की वजह से वो शो का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। उन्होंने कहा कि दर्शकों से मिले प्यार के लिए वो आभारी हैं। पार्थ ने कहा, "शुरुआत में वो इस चीज का कंफर्मेशन नहीं दे सकते थे क्योंकि इससे उत्सुकता मर जाती। और अब जब शिवाजी सर वापस आ गए हैं तो शो में जल्द ही पता चलेगा कि सीआईडी में कौन गद्दार है।"

## हर्षवर्धन राणे ने मावरा को सुनाई खरी-खोटी



भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में आई तल्खी का असर सरहद पर ही नहीं, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर भी पड़ा है। 'सनम तेरी कसम' स्टार हर्षवर्धन राणे ने स्पष्ट किया कि यदि फिल्म में पाक कलाकार होंगे तो वह इसका हिस्सा नहीं बनेंगे और सीधे 'न' कह देंगे। इतना ही नहीं उन्होंन मावरा हुसैन के ट्वीट पर रिएक्शन दिया है, इंस्टाग्राम पर हर्षवर्धन ने 'सनम तेरी कसम 2' के लिए लिखा, "मैं इस अनुभव के लिए आभारी हूं, लेकिन जैसी आज के समय में स्थिति है, उसे और मेरे देश के बारे में किए गए कमेंट्स को पढ़ने के बाद मैंने यह निर्णय लिया है कि यदि फिल्म में पुरानी कास्ट दोबारा शामिल होने जा रही है, तो मैं 'सनम तेरी कसम' भाग 2 का हिस्सा बनने से इनकार कर दूंगा।" बता दें, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पाकिस्तानी कलाकारों ने तल्ख टिप्पणी दी थी। हर्षवर्धन के साथ काम कर चुकीं पाक अभिनेत्री मावरा ने भारतीय सशस्त्र बल के शौर्य पर नाराजगी जताई थी।




# भारत-पाक तनाव के बीच आंतरिक सुरक्षा पर प्रशासन अलर्ट

## » मॉकड्रिल, अवकाश रद्द, ब्लैकआउट समेत लिए कई निर्णय



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भारत-पाक तनाव के बाद वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। पूरे जिले में अलग अलग स्थानों पर ब्लैकआउट एवं मॉकड्रिल कर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी की जा रही है। जिला मुख्यालय के अनादरा चौराहे, जीरावल, आबूरोड एवं पिण्डवाड़ा में शनिवार को मॉकड्रिल कर व्यवस्थाओं को जांची गई। स्वामी नारायण मंदिर में एयर स्ट्राइक की सूचना प्राप्त होने पर कंट्रोल रूम द्वारा संबंधित विभागों को सूचित किया गया। जिससे सभी संबंधित विभाग एवं पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान 5 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्रशासन एवं पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, तहसीलदार जगदीश विश्नोई आदि मौजूद थे।

## ब्लैकआउट का उल्लंघन आठ व्यापारियों को दिए नोटिस

**पिण्डवाड़ा।** जिला प्रशासन की ओर से ब्लैक आउट कर तैयारियों का प्रशिक्षण किया जा रहा है। इसके बावजूद लोग इसकी पालना नहीं कर रही है। ऐसे में प्रशासन भी अभी सख्त कार्रवाई करने लगा है। पिण्डवाड़ा में ब्लैक आउट की पालना नहीं करने पर उपखण्ड अधिकारी ने आठ व्यापारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। उपखण्ड अधिकारी मनसुख डामोर ने बताया कि शुक्रवार रात को 8:30 से 8:45 तक राष्ट्रहित में ब्लैक आउट का मॉक ड्रील किया गया था। लेकिन, पिण्डवाड़ा के उदयपुर मार्ग के धन लक्ष्मी क्लोथ स्टोर, महावीर स्टोर, पुखराज न्यू क्लोथ स्टोर, भाग्यलक्ष्मी स्टोर, सिद्धी विनायक क्लोथ स्टोर, क्लीनिक, मुलाराम अचलाराम, नेनजी सूपर मार्केट की सभी लाईटें शुरु थी। ऐसे में निर्देशों की अवहेलना पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

## स्वयं सेवकों एवं पुलिस कार्मिकों की बैठक

अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में शनिवार को डीओआईटी वीसी. रूम में नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों एवं पुलिस कार्मिको की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने वर्तमान में विषम परि-स्थतियों को देखते हुए सभी नागरिक स्वयं सेवकों को अलर्ट रहने के लिए निर्देशित किया साथ ही आपात स्थिति में चिकित्सा विभाग के कार्मिक द्वारा सीपीआर देने का प्रशिक्षण दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभुदयाल धानिया उपस्थित थे।

## जिला पुलिस अलर्ट मोड पर

सजगता को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देश पर एएसपी प्रभू दयाल धानिय, सिरोही उप अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी, रेवदर के मनोज कुमार, माउंट के गोमाराम, पिण्डवाड़ा के भंवरलाल चौधरी, शिवगंज के पुष्पेन्द्र वर्मा, एससी एसटी के दिनेश कुमार तथा साइबर थाने के निरीक्षक कैलाशदान समेत जिले के 18 थानाधिकारी अपने अपने क्षेत्र पर हर चुनौती से निपटने को तैयार है।

**पिण्डवाड़ा।** सिरोही कंट्रोल रूम से रेलवे स्टेशन पिण्डवाडा पर बम की सूचना मिली। इस पर प्रशासन अलर्ट हुआ। सूचना मिलने पर एसडीएम मनसुखराम डामोर, पुलिस उप अधीक्षक भंवरलाल चौधरी, तहसीलदार शंकरलाल परिहार, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी महेंद्रसिंह राजपुरोहित मौके पर पहुंचे। मॉक ड्रिल में दो व्यक्ति घायल हुए थे। जिनमें से एक को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया तथा दूसरे को राजकीय अस्पताल में रेफर किया गया। निजी सहायक सुरेन्द्र खाटीवाल द्वारा रेलवे स्टेशन पर माइक द्वारा जनमानस को सुरक्षित स्थान पर जाने व आस-पास के शहरवासियों को घरों में जाने के लिए सूचित किया गया। मॉक ट्रायल सफल बनाने में पुलिस विभाग के थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत, थानाधिकारी कमलसिंह, थानाधिकारी प्रभुराम का सहयोग रहा।



माधव विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह परमार ने नागरिक सुरक्षा अधिनियम की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए युवाओं को जागरूक और उत्तरदायी बनने का संदेश दिया। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने मॉक ड्रिल के दौरान नियमों और निर्देशों के पालन की आवश्यकता पर बल दिया। एनएसएस निदेशक डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण युवाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाते हैं। इंजीनियरिंग विभाग के अधिष्ठाता डॉ. प्रिनोन बागची ने आपातकालीन परि-स्थितियों में त्वरित और प्रभावी निर्णय लेने के तरीके बताए। एनएसएस इकाई प्रथम की प्रभारी संगीता सिंह ने कहा कि राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहें। एनएसएस इकाई द्वितीय की प्रभारी डॉ. रेणुका ने सिविल डिफेंस प्रावधानों की जानकारी दी। किशोर, भावेश, तुलसी, भौमिक, राधिका, देवेंद्र सहित कई छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और आपदा से निपटने के अभ्यास में अपना योगदान दिया।

**रेवदर।** जीरावल जैन मंदिर में शनिवार को आपदा को लेकर मॉकड्रिल किया गया। सवेरे एयर स्ट्राइक की सूचना प्राप्त होने के बाद आपदा नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त विभागों को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही प्रशासन की ओर से उपखण्ड अधिकारी सुबोधसिंह चारण, पुलिस वृत्ताधिकारी मनोज गुप्ता, तहसीलदार मंजू देवासी, नायब तहसीलदार पुखराज रावल, भू.अभिलेख निरीक्षक जगदीश रावल, पटवारी भंवरलाल विश्नोई, चिकित्सा विभाग से मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी लॉग मोहम्मद मय स्टॉफ एम्बूलेंस एवं पंचायत समिति स्तरीय आपदा प्रबंधन के समिति के सदस्य एवं स्वयं सेवक तत्काल प्रभाव से मौके पर पहुंचे। मौके पर जैन मंदिर परिसर में एयर स्ट्राइक से दो व्यक्ति घायल मिले जिनको



बाहर निकालकर रेवदर सामुदायिक चिकित्सालय पहुंचाने का पूर्वाभ्यास किया गया। भू.अभिलेख निरीक्षक शंकरलाल प्रजापत, पटवारी अजय जोशी एवं चिकित्सा टीम में घायलों का उपचार किया। जैन मंदिर जीरावल (घटना स्थल) सह घायलों को चिकित्सालय भेजने के के बाद पुलिस ने जांच की गई। इस दौरान आबूरोड से अग्निशमन वाहन भी मौके पर पहुंचा।

## देशहित में 61 जनों ने किया रक्तदान

**आबूरोड।** देशहित में भाजपा नगर मंडल ने देशसेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की है। नगर मंडल के तत्वावधान में आयोजित आपातकालीन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 61 यूनिट रक्तदान किया गया। यह रक्त सैनिकों और सीमावर्ती क्षेत्रों में आमजन की जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगा। नगर मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल ने कहा कि देश में युद्ध जैसे हालात हैं, और ऐसे समय में रक्त की कमी बड़ी चुनौती बन सकती है। हमें हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना होगा। पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण ने जनता से अपील कर आमजन को रक्तदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह समय केवल भावनात्मक समर्थन का नहीं, बल्कि सक्रिय योगदान का है। ब्लड बैंक प्रभारी धर्मेंद्रसिंह ने कहा, रक्त की आवश्यकता अत्यधिक बढ़ गई है। शिविर में ब्रह्माकुमारी संस्था



एवं नगर के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला उपाध्यक्ष सतीश सेठी, भगवान अग्रवाल, रमन बंसल, पार्षद रितेशसिंह चौहान, देवेन्द्र निगम, मुकेश मोदी दिनेश कुमार, मुकेश कहार, तरूण कुमार, राजु भाई धोबी, राहुल प्रजापत, संजय चौहान, रमेश कुमार लोधा, सुनिल कटारिया, उमेश कुमार, वैभव सेठी, विशाल अग्रवाल, राजेंद्र सोलंकी, भगवतीसिंह, भवानीसिंह, राकेश सेंदर, लतीफ खान, प्रफुल्ल जैन, प्रेमसिंह लोधा, गोविंद भील, आदि उपस्थित रहे।

**आबूरोड।** भारत-पाक के बीच तनाव के चलते शनिवार को प्रशासन की ओर से हवाई एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल की गई। जिसमें आपातकालीन स्थिति का सामना होने पर व्यस्थाओं का आंकलन किया गया। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अंबाजी चैक पोस्ट के पास मॉक ड्रिल की गई। डिफेंस



लाइन को अभ्यास करवाया गया। एसडीएम शंकरलाल मीणा, तहसीलदार मंगलाराम, पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड के साथ कर्मचारियों ने सजगता दिखाई। सेवाओं के कार्मिकों व लोगों ने भी मौके पर सहायता की। हमले में घायल हुए लोगों को एंबुलेंस से उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया। अस्पताल पहुंचाने घायलों का उपचार किया गया। आपात स्थिति में करने करने के बारे मं जानकारी दी गई। वहीं सजग रहने, अतिशीघ्र मौके पर पहुंचने के साथ बारीकी को समझाने को लेकर मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान उपखंड क्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**निम्बज।** मुथा रूगनाथमल वनाजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निंबज में पीइओ प्रहलादसिंह देवड़ा की अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर प्रशासन की एवं स्थानीय लोगों की मदद करने की भी अपील की।



ब्लैकआउट को प्रॉपर समय पर संपादित करने का भी कहा इस मौके पर जनप्रतिनिधि पूर्व सरपंच भवानी सिंह देवड़ा, ग्राम विकास अधिकारी शांतिलाल, राशन डीलर ललित कुमार समेत कई जने मौजूद थे।

## छात्रों का मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय रेवदर के होनहार छात्र दक्ष कुमार (कक्षा 11वीं) एवं भूमिका राजपूत (कक्षा 12वीं) का मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य केशर सिंह राव द्वारा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व मार्ग दर्शन प्रदान करते हुए अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## शिविर में 28 मरीजों की जांच




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जनजातीय स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केंद्र टेली मेडिसिन सेंटर की ओर से सियावा में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिविर में 28 मरीजों की जांच की गई। डॉ आशाराम ने ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। एसटीएचआर टीम से रमेश कुमार, श्रीमल, महेंद्र भाटी, गमाराम, करनाराम तथा व सरपंच दौलाराम इत्यादि मौजूद रहे।

## प्रजापति कुंभकार सेवा समिति की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** प्रजापति कुंभकार सेवा समिति जिला सिरोही के निर्देश पर तहसील शाखा आबूरोड की कार्यकारिणी की 3 वर्ष पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी गठित करने को लेकर चुनाव करवाए जाएंगे। जिसको लेकर रविवार को मावल स्थित वासडा गांव में बैठक रखी गई है। जिसमें तहसील कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त प्रजापति समाज बंधुओ मौजूद रहेंगे। तहसील शाखा अध्यक्ष छगन कुवाडिया और सचिव जेठाराम मंडावरा ने चुनाव को सम्पन्न करवाने को लेकर समाज के सभी लोग को इस बैठक अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

## सीपीआर और बेसिक लाइफसपोर्ट का दिया प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला अस्पताल में शनिवार को जिले में आमजन और चिकित्सा स्टाफ को जीवन रक्षक तकनीक सिखाने के उद्देश्य से कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) और बेसिक लाइफ स्पोर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण डॉ विक्रमसिंह व डॉ प्रवीण सिंघाडीया ने दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को हृदय गति रुकने की स्थिति में तुरंत किए जाने वाले सीपीआर के महत्तव और सही तरीके की जानकारी दी। डॉ सिंघाडीया ने बताया कि समय पर दी गई सीपीआर से कई बार किसी की जान बचा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने सीपीआर की प्र्ं याए हाथों की स्थिति, छाती पर दबाव की गति और गहराई के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, मुंह से सांस देने और मरीज की प्रतिक्रिया जांचने की प्रक्रिया भी सिखाई। मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश खराडी ने बताया कि इस तरह की ट्रेनिंग से आपातकालीन स्थितियों में आमजन व चिकित्सा स्टाफ तत्परता से सही उपचार दे सकेंगे और कई कीमती जानें बचाई जा सकेंगी।


# राष्ट्रीय लोक अदालत: जिले में 31 हजार प्रकरणों का निस्तारण




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरोही के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश रूपा गुप्ता के निर्देश में जिले के समस्त न्यायिक न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्राधिकरण की सचिव सावित्री आनन्द निर्भीक ने बताया कि लोक अदालत में करीब 37 हजार 653 मामलों को चिन्हित कर आपसी राजीनामा के आधार पर निस्तारण के लिए रखा गया। लोक अदालत में न्यायिक अधिकारी, स्टाफ अधिवक्ता एवं पक्षकारों ने भाग लिया। इस कारण सम्पूर्ण जिले में 31 हजार प्रकरणों के निस्तारण किया गया। जिसमें 5, 591 प्रकरण न्यायालयों में लंबित होकर विचाराधीन तथा 25, 409 प्रकरण प्रि-लिटिगेशन श्रेणी के थे। निस्तारित प्रकरणों में चैक अनादरण के मामलें, बैंक की बकाया राशि के मामलें, मोटर दुर्घटना प्रकरण, पारिवारिक विवाद के मामलें, विद्युत अधिनियम के मामलें प्रमुख रूप से फैसले हुए। इसमें पांच करोड़ इक्यासी लाख रुपए का समझौता किया गया। न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सिरोही सुरेन्द्रसिंह सांदू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश चावला द्वारा जिला मुख्यालय पर गठित विभिन्न लोक अदालत बैंचो की अध्यक्षता की गई। इस लोक अदालत में उपखण्ड अधिकारी हरिसिंह देवल, अधिवक्ता बसंत कुमार भाटी, लक्ष्मण दादरिया, भैरूपालसिंह बालावत द्वारा बैंचों में सदस्य की भूमिका निभाई।

**रेवदर।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष सोनल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। इसमें न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से 116 प्रकरणों का निस्तारण कर 95 लाख 98 हजार 38 रुपए की वसूली की गई। प्रि-लिटिगेशन के 728 प्रकरणों में से कुल 46 प्रकरणों का निस्तारण कर 38 लाख 53 हजार 908 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। रीडर



सुरेशदान चरण, तालुका सचिव इंद्राज, चंद्रप्रकाश मीणा, विजय पर्वत, हरीश वारडे, राजाराम सारण, पीएलवी प्रकाशराम कोली, संजय मेघवाल, सदस्य अधिवक्ता राजेंद्र सिंह देवड़ा, सुरेश मैनन, उदयसिंह सोलंकी, दिनेश गर्ग, हरिसिंह राव, लक्ष्मणसिंह नाथावत, सुरेंद्रसिंह देवड़ा, भागीरथसिंह देवड़ा, प्रवीणदान चारण, रविन्द्रसिंह तंवर, प्रवीण मेघवाल, विनोदसिंह एवं बैंक प्रतिनिधि दशरथसिंह, बृजेश, भरत, नीरज इत्यादि उपस्थित रहे।

**आबूरोड।** अपर जिला एवं सेशन न्यायालय संख्या एक, दो, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 1,358 मामलों को चिन्हित किया गया। आपसी राजीनामा के आधार पर 227 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। अपर जिला सेशन न्यायाधीश संख्या दो, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सलोनी सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में गठित बैंच के सदस्य उपखण्ड अधिकारी आबूरोड, अधिवक्ता सदस्य भंवरसिंह, धीरज कुमार दवे,



अध्यक्ष बार मण्डल विक्रमसिंह देवड़ा, जितेन्द्र सुराणा, महेन्द्र शर्मा, जनक पण्डित, हसीब अहमद सिददकी, धर्मेन्द्र पुरोहित, सुरेन्द्रसिंह, विजय कुमार, ओमप्रकाश प्रजापत, विपिन शर्मा, विमल गोयल, आरिफखान, प्रदीप सक्सैना, महेन्द्र परिहार, सोहन सेन, विक्रम अग्रवाल, श्रवणसिंह देवड़ा, पैनल अधिवक्ता भावाराम गरासिया, अधिवक्ता, बीमा कम्पनी, बैंक प्रतिनिधि, भारत संचार निगम लिमिटेड के कनिष्ठ अभियंता, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पुलिस थाना शहर, सदर, रीको थाना का योगदान रहा। 1358 में से न्यायालय में लम्बित 18 मोटर दुर्घटना प्रकरण, चैक अनादरण के 16 मामलें, घरेलू हिंसा व अन्य सिविल मामले तथा 168 दाण्डिक शमनीय प्रकरणों में करीब दो करोड़ बारह लाख पैतालीस हजार तिरानबे रूपए की राशि के आवर्ड पारित किए गए। साथ ही राजस्थ लोक अदालत में राजस्व मामलों के 3185 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया गया। उपखण्ड कार्यालय एवं तहसीलदार कार्यालय के कर्मचारी, न्यायालय के कर्मचारी गुमानसिंह रीडर, गोविन्द कुमार सेन, रवि सिसोदिया, दिनेश देवासी,सुमित कुमार बंजारा, प्रदीप कुमार, सहायक कर्मचारी लेखराज, रतनलाल, खुशाल, जलील आदि का योगदान रहा।

# राष्ट्र प्रथम, बाकी सब बाद में : देवड़ा

## सिरोही स्थापना दिवस समारोह स्थगित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजमहल में शुक्रवार को राजपरिवार के युवराज इंद्रेश्वरसिंह देवड़ा की अध्यक्षता में महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें देवड़ा एवं सर्व समाज की उपस्थिति में रविवार को आयोजित होने वाले सिरोही स्थापना दिवस समारोह को देश में वर्तमान में भारत एवं पाकिस्तान के मध्य युद्ध मय वातावरण से उत्पन्न विकट परिस्थितियों के कारण राष्ट्र प्रथम एवं राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को लेकर स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भंवरबाईसा, गौरीकंवर एवं सारणेश्वरी की उपस्थिति रही। समारोह के संयोजक समरवीरसिंह पाडीव, व्यवस्था प्रमुख मांगूसिंह बावली, व्यवस्था सह प्रमुख डॉ उदयसिंह डिंगार, इन्द्रसिंह मणोरा ने बताया कि युवराज इंद्रेश्वरसिंह ने कहा कि आज देश जंग से जूझ रहा है और हमारे जवान सीमा पर राष्ट्र की रक्षार्थ अपने प्राणों के बलिदान के लिए तैनात है। हम सब के लिए राष्ट्र प्रथम है अतः सिरोही स्थापना दिवस समारोह स्थगित किया जाता है। जिसका उपस्थित सभी गणमान्यों ने समर्थन किया।

### देश के लिए हर संभव योगदान के लिए तैयार

युवराज सिंह के इस राष्ट्र प्रथम, राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का जयकारों के साथ अभिनंदन किया गया। युवराज ने जन समुदाय से राष्ट्र प्रथम एवं राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का संदेश देते हुए देश के लिए हर संभव योगदान के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। इस दौरान 36 कौम के प्रबुद्ध लोग मौजूद थे। प्रवीण कुमार आर्य, शंकरलाल माली, वीरेंद्रसिंह चौहान, हार्दिक देवासी, भवानीसिंह भटाणा, अमराराम प्रजापत, नारायण देवासी, दिलीपसिंह माडानी, राजेन्द्रसिंह चारण, हरीश दवे, वनेपालसिंह, नरेंद्र ओझा आदि ने भी अपने विचार रखें।

## उपखण्ड अधिकारी ने ली तैयारी बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** भारत-पाक तनाव की स्थिति में आपातकालीन परिस्थितियों के मद्देनजर उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण की अध्यक्षता में रेवदर क्षेत्र के भू अभिलेख निरीक्षकों, ग्राम विकास अधिकारियों व पटवारियों की बैठक का आयोजन पंचायत समिति सभागार में किया गया। उपखंड अधिकारी सुबोधसिंह चारण ने बैठक में उपस्थित रेवदर क्षेत्र के समस्त भू अभिलेख निरीक्षकों, पटवारियों व ग्राम सेवक एवं अधिकारियों को भविष्य में होने वाली आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अलर्ट रहने की जानकारी दी। बीडीओ हेमाराम चौधरी, तहसीलदार मंजू देवासी, सीबीईओ घनश्यामसिंह आढ़ा, नायब तहसीलदार पुखराज रावल, उपखंड कार्यालय के कंट्रोल रूम से मोटाराम देवासी, मनोज नालिया, निखिल कुमार गर्ग, अरविंद सिंह देवड़ा, हरिकेश मीना, केशव कोली सहित रेवदर क्षेत्र के समस्त भू अभिलेख निरीक्षकों, ग्राम विकास अधिकारियों व पटवारियों की उपस्थिति रही।



## घर एवं दुकान में चोरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** कस्बे में शुक्रवार रात को सती माता जनरल स्टोर सहित दो घरों के ताले तोड़ चोर नक्दी लेकर फरार हो गए। दुकान संचालक भारतसिंह पुत्र पीरसिंह ने बताया कि शुक्रवार रात को दुकान बंद कर घर चला गया। शनिवार दुकान पर गया तो आधा शटर खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले में रखे आठ हजार रुपए गायब हुए। सूचना पर थाने स सकाराम मीणा मौके पर पहुंचे और मौका मुआवना किया। उधर, मोडसिंह पुत्र खुमसिंह राजपूत के घर का ताला तोड़कर करीब 11 हजार रुपए चोरी किए।

## वार्षिकोत्सव आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेकेपुरम।** डूंगरी के हिंगलाजमाता मंदिर में रविवार को वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। सवेरे पूजा अर्चना के बाद महाप्रसादी एवं रात को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## सीजफायर के बाद रहा जोश का माहौल

### जैसलमेर में बाजार खुलने लगे

**जैसलमेर।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहा तनाव शनिवार को खत्म हो गया। भारत के ऐलान के बाद सीज फायर हो गया। शाम 5 बजे से दोनों देशों के बीच संघर्षविराम लागू कर दिया। इसके बाद जैसलमेर सहित सीमावर्ती जिलों में लोग प्रमुख चौराहे पर आए और भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए। साथ ही भारतीय सेना के साहस और पराक्रम को अद्वितीय बताया। इसके साथ ही जैसलमेर में जिला प्रशासन की ओर से जारी लॉक डाउन को खत्म करने के आदेश जारी किए। वहीं बाजारों में भी फिर से दुकानें खुलने लगी।

### बीकानेर में खतरा टला, शहर में दुकानें फिर से खुली

**बीकानेर।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के साथ ही बीकानेर में खतरा टल गया है। इससे पहले बढ़ते तनाव को देखते बीकानेर हुए शनिवार दोपहर को पहले ग्रीन अलर्ट जारी किया गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर रेड अलर्ट कर दिया गया। वहीं, शहर से 8 किलोमीटर दूर स्थित सीमावर्ती नाल क्षेत्र में सुबह से ही रेड अलर्ट जारी था। फिलहाल प्रशासन ने ब्लैक आउट के आदेश वापस नहीं लिए हैं लेकिन कुछ ही देर में ये आदेश भी हो जाएंगे। सुरक्षा एहतियात के तौर पर प्रशासन की ओर से सभी बाजारों और दुकानों को बंद करवाया गया था। सीजफायर की सूचना के बाद बाजार फिर से खुलने शुरू हो गए। बाजार में शाम को रौनक नजर आई। शुक्रवार को जहां इस वक्त दुकानें बंद हो रही थी, वहीं शनिवार को दुकानें खुली रही। नेशनल हाईवे सहित गांवों के मुख्य बाजार भी बंद कर दिए गए थे।

### श्रीगंगानगरः लोगों ने लगाए भारत माता की जय के नारे

**श्रीगंगानगर।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहा तनाव शनिवार को खत्म हो गया। भारत के ऐलान के बाद सीज फायर हो गया। शाम 5 बजे से दोनों देशों के बीच संघर्षविराम लागू कर दिया। इसके बाद श्रीगंगानगर सहित सीमावर्ती जिलों में लोग घरों से बाहर निकले और भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। इससे पूर्व श्रीगंगानगर में आज सुबह से रेड अलर्ट घोषित था। रेलवे की ओर से भी सुरक्षा कारणों को देखते हुए 4 ट्रेनों का संचालन रद्द कर दिया गया था। लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई थी। वहीं जिला प्रशासन से जारी आदेशों के बाद बाजार भी पूरी तरह से बंद थे। जिले में 10-12वीं ओपन बोर्ड की परीक्षाएं भी स्थगित कर दी गई थी।

# मदन राठौड़ बोले-पीएम मोदी ने पाक को गिड़गिड़ाने को मजबूर कर दिया

## पहलगाम के आतंकियों को सरेंडर करवाए



**जयपुर।** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने केन्द्र सरकार की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर गिड़गिड़ाने के लिए मजबूर कर दिया। ऐसे में अब पाकिस्तान को आतंकवाद से परहेज घर आतंकियों को सरेंडर करवाना चाहिए। मदन राठौड़ ने कहा कि दूरदर्शन से पता चला है कि भारत और पाकिस्तान दोनों देशों ने आपस में बात कर युद्ध विराम की घोषणा की है। इससे ज्यादा जानकारी तो शीर्ष नेतृत्व से कुछ वक्त बाद ही पता चल पाएगी। लेकिन मुझे लगता है कि पाकिस्तान को आतंकवाद से परहेज करना चाहिए। पाकिस्तान को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वहां आतंकवाद और आतंकवादी न पनप पाए। वहां किसी भी तरह का आतंकवादी प्रशिक्षण केन्द्र भी नहीं चलाए।

### पहलगाम के आतंकवादियों को करवाना चाहिए सरेंडर

इसके साथ ही जिन लोगों ने भारत के पहलगाम में आतंकी घटना को अंजाम दिया। पाकिस्तान को उन लोगों से सरेंडर भी करवाना चाहिए। इनके साथ ही अजर मोहम्मद से लेकर वह सभी आतंकवादी जिन्होंने भारत में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया है उन सबको भी पाकिस्तान द्वारा सरेंडर करवाना चाहिए। यह मेरी सोच और मेरा अंदाजा है। वैसे भी हमारा नेतृत्व इस स्थिति में आकर इतनी आसानी से किसी को छोड़ने वाला नहीं है। पहलगाम घटना के बाद नेतृत्व ने तय किया था कि ऐसा सबक सिखाएंगे कि पाकिस्तान जिंदगी भर याद रखेगा। उसी तर्ज पर पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। अब उन्हें शर्तों पर यह युद्ध विराम भी हुआ होगा। बाकी जो भी स्थिति है वह आपके और हमारे सामने जल्द आ ही जाएगी।

### घुटनों पर आकर गिड़गिड़ाने लगा पाकिस्तान

राठौड़ ने कहा कि हमारा मकसद आतंकवादियों और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करना था न कि पाकिस्तान की आम जनता को परेशान करना था। लेकिन बीते दिनों में पाकिस्तान ने आम नागरिकों को ही अपना ढाल बनाया। उन्होंने अपने एयर बेस पर हवाई यात्रा तक चालू रख रखी थी। ताकि निर्दोष यात्रियों की आड़ में वह हम पर मिसाइल छोड़ता रहे। उन्हें पता था भारत सामान्य नागरिकों पर कोई हमला नहीं करेगा। भारत में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जहां आम नागरिक थे उन एयर बेस को निशाना नहीं बनाया। बल्कि, हमने सिर्फ सैन्य एयर बेस पर ही निशाना साधा। मोदी जी ने जो भी निर्णय लिया है, वह काफी सोच समझ कर लिया है। वैसे भी हमने पाकिस्तान का पानी रोक कर उन्हें घुटने पर ला दिया था। जिसके बाद पाकिस्तान गिड़गिड़ाने लगा, और उसे गिड़गिड़ाना भी चाहिए था। ताकि पाकिस्तान कोई भी कदम उठाने से पहले भविष्य में जरूर इन सभी पहलुओं का ध्यान रखें।

# इस बार समय से पहले ही आ रहा है मॉनसून, मौसम विभाग ने बता दी तारीख



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने मॉनसून को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। आईएमडी ने रविवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून इस बार समय से पहले, यानी 27 मई को केरल के तटों पर दस्तक दे सकता है। आमतौर पर मॉनसून एक जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार यह 2009 के बाद सबसे जल्दी आगमन होगा, जब मॉनसून 23 मई को आया था। यह खबर किसानों और आम लोगों के लिए राहत भरी हो सकती है, क्योंकि मॉनसून भारतीय अर्थव्यवस्था और कृषि के लिए लाइफ लाइन है।

### » कब से कब तक रहेगा मॉनसून?

आईएमडी के अनुसार, मॉनसून केरल से शुरू होकर 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। इसके बाद यह 17 सितंबर से उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह वापस चला जाता है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो मॉनसून 2024 में 30 मई, 2023 में 8 जून, 2022 में 29 मई, और 2021 में 3 जून को केरल पहुंचा था।

### » जल्दी आगमन का मतलब ज्यादा बारिश नहीं

आईएमडी के एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मॉनसून के जल्दी पहुंचने का यह मतलब नहीं कि पूरे देश में बारिश का पैटर्न एक समान होगा। उन्होंने कहा, 'केरल में मॉनसून का जल्दी या देर से आना देश के अन्य हिस्सों में इसके व्यवहार को निर्धारित नहीं करता। यह वैश्विक और स्थानीय मौसमी परिस्थितियों पर निर्भर करता है।' इसका मतलब है कि मॉनसून की प्रगति और बारिश की मात्रा क्षेत्रीय कारकों पर निर्भर करेगी।

### » सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद

आईएमडी ने अप्रैल में अपने पूर्वानुमान में कहा था कि 2025 के मॉनसून सीजन (जून से सितंबर) में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया, इस साल चार महीने के मॉनसून में अच्छी बारिश की उम्मीद है। इसके अलावा, अल नीनो की संभावना को खारिज किया गया है, जो आमतौर पर कम बारिश का कारण बनता है। यह अनुमान खेती-किसानी और जल संसाधनों के लिए सकारात्मक संकेत देता है।

### » क्यों खास है यह मॉनसून

मॉनसून का समय से पहले आगमन न केवल मौसम वैज्ञानिकों के लिए उत्साहजनक है, बल्कि यह कृषि क्षेत्र के लिए भी महत्वपूर्ण है। समय पर और अच्छी बारिश फसलों की बुआई और उत्पादन को बढ़ावा दे सकती है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि मॉनसून की प्रगति पर नजर रखना जरूरी है, क्योंकि मौसम की अनिश्चितताएं हमेशा बनी रहती हैं।

**जयपुर से जागरूक टाइम्स संवाददाता के अनुसार** राजस्थान के 30 जिलों में आंधी बारिश का अलर्ट, जारी किया गया है। राजस्थान में शनिवार दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। कोटा और भरतपुर में बादल छाने के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार 11 मई को 30 जिलों और 12 मई को 27 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है। हालांकि 13 मई से यह सिस्टम कमजोर पड़ जाएगा और गर्मी का प्रकोप फिर से बढ़ने लगेगा। जयपुर समेत कई शहरों में सुबह से आसमान साफ रहा, लेकिन दोपहर 11-12 बजे के बाद मौसम में बदलाव आया। उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, कोटा, झालावाड़ और भरतपुर में बादल छाए रहे। राजधानी में शुक्रवार रात का न्यूनतम तापमान 26 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के अन्य शहरों में भी रात का तापमान सामान्य रहा। बाड़मेर में 26 .6 , जैसलमेर में 26.2, करौली में 26.4, फलोदी में 28.2, बीकानेर में 27.3, चूरू में 25.1, गंगानगर में 24.8, उदयपुर में 24.9, कोटा में 25.6 और अजमेर में 23.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इन सभी शहरों में कल दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

# सिंधु जलसंधि पर नहीं बदलेगा भारत का फैसला...

## सीजफायर के बाद भी पाकिस्तान की मुश्किल कम नहीं होगी



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर गोलीबारी भले ही थम गई हो, लेकिन पाकिस्तान के लिए राहत की कोई गुंजाइश नहीं दिख रही। भारत ने एक बार फिर अपनी कूटनीतिक ताकत का लोहा मनवाते हुए सिंधु जल समझौते पर किसी भी तरह का फैसला लेने से साफ इनकार कर दिया है। यानी, पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फिर गया और सिंधु जल संधि फिलहाल स्थगित ही रहेगी

**पाकिस्तान की पहल, भारत की शर्तें:-** विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने सनसनीखेज खुलासा किया कि सीजफायर का प्रस्ताव पाकिस्तान की ओर से आया था, लेकिन भारत ने इसे अपनी शर्तों पर लागू करवाया। सूत्रों ने दो टूक कहा, यह कोई आपसी समझौता नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ता का नतीजा है। सीजफायर हमारी शर्तों पर हुआ, और सिंधु जल संधि पर कोई बातचीत नहीं होगी। यह साफ है कि भारत ने पाकिस्तान को कूटनीति के मैदान में चारों खाने चित कर दिया।

### » पानी पर पाकिस्तान को करारा झटका

पाकिस्तान, जो पहले ही आर्थिक और राजनीतिक संकट से जूझ रहा है, अब पानी के मोर्चे पर भी भारत की कड़ी नीति का सामना करेगा। सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान की कृषि और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि जब तक पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आता, उसे किसी राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। जानकारों का मानना है कि यह फैसला पाकिस्तान के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं।

### » भारत का सख्त रुख

यह खबर पाकिस्तान के लिए एक और चेतावनी है कि भारत अब नरमी बरतने के मूड में नहीं है। चाहे सीमा पर शांति का सवाल हो या पानी का मुद्दा, भारत अपनी शर्तों पर ही खेल खेलेगा। अब सवाल यह है कि इस कूटनीतिक चोट से पाकिस्तान कैसे उबरता है, या फिर उसकी मुश्किलें और गहराती हैं। भारत का यह रुख न सिर्फ पाकिस्तान, बल्कि पूरी दुनिया को संदेश देता है कि भारत अपनी संप्रभुता और हितों से कोई समझौता नहीं करेगा।

# पिता की मौत पर घर नहीं आ सका जवान, अंतिम यात्रा में नहीं हो सका शामिल

**जयपुर।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति के चलते पिता की मौत पर एक जवान घर नहीं आ सका। श्रीनगर में तैनात सीमा सुरक्षा बल का जवान पिता की अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हो सका। वीडियो कॉल पर अंतिम दर्शन कर पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। चाकसू के कादेडा गांव में स्थित बंधा की ढाणी निवासी राजाराम धनकड़ सीमा सुरक्षा बल का जवान है। वर्तमान में जवान राजाराम की श्रीनगर में तैनातगी है। उनके पिता कालूराम कैंसर से पीड़ित थे।

हॉस्पिटल में एडमिट होने के दौरान जवान राजाराम 23 दिन की छुट्टी पर आए थे। 4 मई को वह अपनी ड्यूटी पर वापस लौट गए। 8 मई को पिता कालूराम की स्थिति गंभीर होने का परिजनों ने राजाराम को बताया। गुरुवार को कालूराम की इलाज के दौरान मौत हो गई। सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति के चलते जवान राजाराम घर नहीं लौट सके। अपने पिता की अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हो सके। राजाराम के छोटे भाई गणेश ने वीडियो कॉल के जरिए पिता के अंतिम दर्शन करवाए। पोस्ट पर तैनात जवान राजाराम ने वीडियो कॉल के जरिए पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। जवान की अनुपस्थिति में गांव के लोगों ने पूरे सम्मान से कालूराम को अंतिम विदाई दी।

वीडियो कॉल पर किए अंतिम दर्शन



# महिला के वेश में पकड़ा 10 हजार का इनामी बदमाश

## विदेश भागने की फिराक में था आरोपी, बिहार से बनवाया था फर्जी पासपोर्ट

**उदयपुर।** उदयपुर में जमीन हड़पने और धमकी देने के मामले में वांछित 10 हजार का इनामी बदमाश महिला के वेश में पकड़ा गया। पुलिस से बचने के लिए वेशभूषा बदलकर घूम रहा आरोपी विदेश भागने की तैयारी में था। उसने बिहार से फर्जी पासपोर्ट भी बनवा लिया था। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नाई थाने के सीसारमा निवासी दिलीप नाथ को गिरफ्तार किया। आरोपी राजस्थान-गुजरात के विभिन्न इलाकों में छिप रहा था। डूंगरपुर के साबला में स्कॉर्पियो में दिखने के बाद पुलिस ने केवड़ा की नाल में नाकाबंदी कर उसे पकड़ा। गोवर्धनविलास थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला और टीड़ी थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह साबला से बदमाश की गाड़ी के पीछे थे।

**क्या है मामलाः-** आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देकर बडगांव तहसील में जमीन का एग्रीमेंट करवाया और 35.50 लाख रुपए की वसूली की। मामले में उसके दो साथी नरेश वैष्णव और नरेश पालीवाल पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर गिरफ्तारी पर रोक लगवा रखी थी। नाई थानाधिकारी लीलाराम की पैरवी पर 6 मई को कोर्ट ने रोक हटा दी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तारी में शामिल टीम को डीजी डिस्क से सम्मानित करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# जयपुर में टैक्सी कार में बैठी कॉलेज छात्रा का किडनैप

## गाड़ी में लॉक कर भगा ले गया, विरोध करने पर मारने की धमकी दी

**जयपुर।** जयपुर में एक कॉलेज छात्रा को किडनैप करने का मामला पुलिस ने दर्ज किया है। यह छात्रा टैक्सी कार में टोंक से जयपुर आ रही थी। मालपुरा गेट इलाके में सवारियों के उतरने के बाद ड्राइवर ने युवती को कार में लॉक कर लिया। विरोध कर कार रोकने की कहने पर ड्राइवर ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने किडनैपिंग की सूचना मिलते ही लोकेशन के आधार पर पीछा कर कार को पकड़ लिया।

पुलिस ने किडनैप कॉलेज छात्रा को सुरक्षित छुड़ाकर आरोपी ड्राइवर को अरेस्ट किया है। पुलिस ने बताया उत्तर प्रदेश की रहने वाली 22 साल की युवती ने मालपुरा गेट थाने में मामला दर्ज करवाई है। वह निवाई टोंक स्थित एक हॉस्टल में रहकर कॉलेज में पढ़ती है। सोमवार शाम करीब 6 .30 बजे वह हॉस्टल से जयपुर आने के लिए निकली थी। हॉस्टल से कुछ दूरी पर बस स्टेंड पर खड़े होकर इंतजार कर रही थी। वहां आकर रुकी एक कार में जयपुर जाने के लिए दो सवारियों के साथ बैठ गई। जयपुर के मालपुरा गेट पर दोनों सवारी उतर गईं।

### » सहेली से मांगी मदद

इसके बाद कार ड्राइवर रास्ते में टोंक रोड छोड़कर दूसरे रास्ते की तरफ कार ले जाने लगा। कार रोकने की कहने पर लॉक कर रफ्तार बढ़ा दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। कॉलेज छात्रा को किडनैपिंग का अहसास होने पर अपनी सहेली को कॉल कर मदद मांगी। सहेली की सूचना पर मालपुरा गेट थाना पुलिस ने किडनैप कॉलेज छात्रा के मोबाइल लोकेशन के आधार पर पीछा शुरू किया। पुलिस टीम ने पीछा कर रेनवाल से आगे कार को पकड़ लिया। पुलिस ने किडनैप कॉलेज छात्रा को सुरक्षित मुक्त करवा आरोपी ड्राइवर को अरेस्ट किया। पुलिस ने वारदात में यूज कार को भी जब्त कर लिया। एएसआई रामकिशोर ने बताया पीड़ित कॉलेज छात्रा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने पीछा कर आरोपी ड्राइवर को पकड़ लिया था। शांतिभंग में अरेस्ट कर आरोपी को जेसी भेज दिया गया है। पीड़िता के बयान दर्ज कर आरोपी ड्राइवर को मुकदमे में अरेस्ट किया जाएगा।

# कल से अजमेर रोड पर बदलेगी ट्रैफिक व्यवस्था

## एलिवेटेड रोड का होगा नवीनीकरण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अजमेर रोड एलिवेटेड रोड का नवीनीकरण किया जा रहा है जिसकी वजह से 12 मई की रात से अजमेर रोड के ट्रैफिक में बड़ा बदलाव किया गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी ने बताया कि अजमेर रोड़ एलिवेटेड रोड सड़क का नवीनीकरण कार्य 12 मई की रात 9 बजे से दो फेज में किया जाएगा। पहले फेज में अजमेर रोड़ पुरानी चूँगी के नजदीक स्थित मजार से संजय टर्न जयपुर की ओर जाने वाली एलीवेटेड रोड़ पर सड़क नवीनीकरण का काम किया जाएगा। इस दौरान एलिवेटेड रोड़ पर यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। ऐसे में वहां चालक अजमेर रोड़ एलिवेटेड रोड़ के नीचे से जयपुर की ओर जा सकेंगे। जबकि दूसरे फेज में संजय टर्न से भारत जोड़ो सेतु के मर्जिंग जंक्शन तक एलिवेटेड रोड़ पर सड़क नवीनीकरण का काम किया जाएगा। इस दौरान एलिवेटेड रोड़ पर यातायात पूरी तरह बन्द रहेगा।

हालांकि इस दौरान एलिवेटेड रोड़ और भारत जोड़ो सेतु के मर्जिंग जंक्शन से श्याम नगर सब्जी मण्डी की ओर जाने वाला यातायात यथावत चलता रहेगा। वहीं इसके बाद एलिवेटेड रोड़ पर भारत जोड़ो सेतु के मर्जिंग जंक्शन से श्याम नगर सब्जी मण्डी की ओर सड़क नवीनीकरण कार्य के दौरान सड़क को दो भागों में बांटकर आधे भाग पर यातायात का समानान्तर संचालन करते हुए यातायात के साथ-साथ आधे भाग पर सड़क नवीनीकरण का काम किया जाएगा।

# राजस्थान में वीडीओ के 850 पदों पर जून से शुरू होगी भर्ती

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जल्द ही ग्रामीण विकास अधिकारी (वीडीओ) के 8 50 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि मई महीने के अंतिम सप्ताह में भर्ती विज्ञप्ति जारी की जाएगी, जिसके बाद जून के प्रथम सप्ताह से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- पंचायती राज विभाग द्वारा भेजी गई रिक्वेस्ट में कुछ कमियां थीं, जिनके कारण भर्ती विज्ञप्ति जारी करने में देरी हुई। बोर्ड ने विभाग से इन आपत्तियों पर स्पष्टीकरण मांगा था। अब भर्ती कैलेंडर के अनुसार 12 जुलाई को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती 2025 के लिए ग्रेजुएशन लेवल की सामान पात्रता परीक्षा पास होना अनिवार्य है। केवल वही अभ्यर्थी इस भर्ती में आवेदन कर सकेंगे, जिन्होंने ग्रेजुएट लेवल की सीईटी परीक्षा पास की है। गौरतलब है कि पहले इस पद को ग्राम सेवक के नाम से जाना जाता था, जिसे सरकार ने बदलकर ग्राम विकास अधिकारी कर दिया है।

# पूर्व सीएम अशोक गहलोत का एक वीडियो हो रहा जमकर वायरल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में शनिवार को भी भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम हो गया, लेकिन भारत पाक के बीच इस तनाव को लेकर भजनलाल सरकार भी पूरी तरह अलर्ट पर रही। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया गया एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा हैं। इसको लेकर सोशल मीडिया पर लोग काफी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। दरअसल, गहलोत ने देश के वीर जवानों के शौर्य को सलाम करते हुए निकाली गई, जय हिंद यात्रा का यह वीडियो शेयर किया हैं, जो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

**गहलोत की ओर से पोस्ट किया गया वीडियो वायरलः-** भारत-पाकिस्तान के बीच बेहद तनाव के हालात बने हुए हैं। पाकिस्तान भारत पर लगातार अटैक कर रहा है। इस बीच कांग्रेस की ओर से दिल्ली में जय हिंद यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यात्रा से जुड़ा हुआ एक वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन किया हैं। इस वीडियो को शेयर करने के साथ गहलोत ने लिखा हैं कि सभी नागरिक देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के साथ खड़े हुए हैं। भारतीय सभी धर्म और वर्गों की एकता में ही हमारे असली ताकत और जीत है। इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स काफी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

### कांग्रेस से अपील, जवानों और आमजन की मदद करें

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए गहलोत ने इस वीडियो के माध्यम से उन्होंने देशभर में एक जुटता का संदेश देने का काम किया है। गहलोत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि संकट की स्थिति में देश की जनता और सुरक्षा बलों के साथ खड़े रहे। कांग्रेस कार्यकर्ता जहां भी हैं, वही आमजन की हर संभव मदद करें, साथ ही जवानों का हौसला बढ़ाए, इधर, सीएम भजनलाल की ओर से सर्वदलीय बैठक में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी सरकार के इंतजामों पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि विपक्ष सरकार के साथ है।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com